फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 296 प्रभात जयपुर, गुरुवार 29 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Why India shouldn't worry

Having more warheads than your opponent does not necessarily translate to greater security

From Samosas to Sushi: India's Bold New Fusion Food Wave

"AI Will Make Us Smarter, Not Lazy," Google DeepMind CEO Demis Hassabis says

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बड़े जोश से 2025 को पार्टी का "ऑर्गनाइज़ेशन इयर" घोषित किया था

## ... पर छः माह बीत गए हैं, लगभग सभी राज्यों में पार्टी संगठन लगभग नदारद हैं

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नईदिल्ली, 28 मई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़े जोर-शोर से 2025 को पार्टी में "संगठन का वर्ष' घोषित किया था। लेकिन आधा साल बीत चुका है और संगठनात्मक गतिविधियों में न तो कोई विशेष हलचल दिखती है, न ही कोई ठोस प्रगति।

राज्य-दर- राज्य कांग्रेस का संगठन निष्क्रिय अवस्था में बना हुआ है।

इस स्थिति के लिए कई वरिष्ठ नेता पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वेणुगोपाल एआईसीसी महासचिव एव संगठन-प्रभारी हैं, लेकिन ज़मीन पर संगठन को मज़बूत करने के बजाय उनका पूरा ध्यान गांधी परिवार, खासतौर पर राहुल गांधी के साथ यात्रा करने पर रहता है और जहां भी राहुल जाते हैं, वे उनके साथ होते हैं।

वेणुगोपाल ने खुद को राहुल गांधी का मुख्य सहायक बना लिया है।

- **कहने को के.सी. वेणुगोपाल कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन मंत्री हैं, पर, वे पूरा समय राहुल गांधी के पीछे रहते हैं। जहाँ राहुल जाते हैं, वहाँ के.सी. वेणुगोपाल भी होते हैं। असल में वेणुगोपाल चाहते हैं कि राहुल गांधी पर उनका पूर्ण नियंत्रण रहे, राहुल गांधी उन्हीं की बात सुनें।**
- **मल्लिकार्जुन खड़गे कई बार रिक्त पद भरने का प्रयास कर चुके हैं, पर, खड़गे की लिस्ट को वेणुगोपाल हमेशा ठुकरा देते हैं।**
- **पार्टी संगठन की दुर्दशा पर किसी का ध्यान नहीं है, इस समय वेणुगोपाल व उनके समर्थकों का सारा फोकस शशि थरूर को पार्टी से निकलवाने पर है और इसके लिए रोज़ नई-नई कहानियां गढ़ी जा रही हैं।**
- **वेणुगोपाल केरल का मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा पाले हुए हैं और उन्हें इसमें शशि थरूर ही बाधा नज़र आते हैं, इसलिए वे थरूर को रास्ते से हटाने में जुटे हैं और इस काम में उन्हें जयराम रमेश जैसे उन नेताओं की सहायता मिल रही है, जिनकी कुर्सी खतरे में है।**

क्या यह कोई असुरक्षा की भावना है, जो उन्हें राहुल गांधी के इर्द-गिर्द बने रहने के लिए प्रेरित करती है? कहना मुश्किल है।

वे ऐसे एकमात्र संगठन-प्रभारी महासचिव हैं, जो हमेशा गांधी परिवार के साथ यात्रा करते रहते हैं, जबकि यह न तो उनके पद की भूमिका है, न ही उनकी जिम्मेदारी।

इस रवैये का नतीजा यह हुआ है कि पार्टी का संगठन बुरी तरह उपेक्षित हो चुका है। एक के बाद एक राज्य में संगठनात्मक इकाइयाँ निष्क्रिय होती जा रही हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यों में खाली पड़े पदों को भरने की कई बार कोशिश की, लेकिन वेणुगोपाल ने इन प्रयासों को बार-बार विफल कर दिया। यहां तक कि वे खड़गे द्वारा तैयार की गई सूची तक को खारिज कर देते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि वेणुगोपाल का अधिकतर ध्यान केरल पर केन्द्रित है, जहां वे खुद को मुख्यमंत्री पद का दावेदार मानते हैं और वहाँ के अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को खत्म करने में लगे हैं।

उनका मुख्य निशाना शशि थरूर हैं। बताया जा रहा है कि वेणुगोपाल, जयराम रमेश और अन्य लोगों की मदद से, थरूर के खिलाफ मीडिया में नकारात्मक खबरें गढ़ रहे हैं, जबकि थरूर को दुनिया भर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डूंगरपुर में लैपर्ड ने 4 युवकों पर हमला किया

डूंगरपुर, 28 मई (निसं)। वरदा थाना क्षेत्र के वलोता फला लिमडी गांव में झांड़ियों में छिपकर बैठे लैपर्ड ने चार युवकों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। युवकों के चिल्लाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो लैपर्ड भाग गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वलोता फला लिमडी गांव निवासी मुकेश पुत्र मोगजी रोत, हाजा पुत्र कन्हैयालाल, लक्ष्मण पुत्र जीवा और शंकर पुत्र लक्ष्मण लाल चारों युवक लक्ष्मण की बहन रानी, पुत्री जीवा रोत की सगाई में गए थे। चारों युवक रीना की ससुराल से पैदल घर लौट रहे थे।

- **युवकों के चिल्लाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण आ गये और लैपर्ड भाग गया।**

रास्ते में वलोता डैम के पास झाड़ियों में छिपकर बैठे लैपर्ड ने मुकेश पर हमला कर दिया। उसे बचाने आए अन्य युवकों पर भी लैपर्ड ने हमला कर उन्हें घायल गंभीर रुप से कर दिया। युवकों के चिल्लाने का शोर सुनकर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद लैपर्ड भाग गया। सूचना मिलने पर, वरदा पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा चारों घायल युवकों को 108 एम्बुलेंस की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। लैपर्ड के मूवमेंट को लेकर वन विभाग को सूचना दी गई है, जिस पर वन विभाग लैपर्ड मूवमेंट को ट्रैक कर रेस्क्यू करने में जुटा है।

# राजस्थान सहित चार राज्यों में आज होगी मॉक ड्रिल

## भारत सरकार अपनी सर्तकता में कोई कमी नहीं करना चाहती है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मई। पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की घोषणा भले ही कर दी गई हो, लेकिन भारत का इरादा अपनी सतर्कता कम करने का कदापि नहीं है। अब देश ने गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे चार राज्यों में नागरिक सुरक्षा के मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया है।

इन मॉक ड्रिल्स से सीमा पार की शत्रुता और आतंकी घटनाओं की स्थिति में, आपातकालीन प्रतिक्रिया के समन्वय और नागरिकों की निकासी सम्बन्धी रणनीतियों की परख होगी। इसके साथ ही, इनसे एनडीए सरकार बिहार चुनावों से पहले राष्ट्र भक्ति का जोश कायम रखकर राजनैतिक हित भी साधना चाहती है।

- **लेकिन राजनैतिक विशेषज्ञों का कहना है कि सत्तारूढ़ एनडीए बिहार चुनावों तक राष्ट्रभक्ति के जोश को ठंडा नहीं होने देना चाहती है, इसलिए संघर्ष विराम के बाद भी मॉक ड्रिल करवाना चाहती है।**
- **प्रधानमंत्री मोदी भी सीज़फायर के बाद से राज्यों का दौरा कर रहे हैं और ऑपरेशन सिंदूर के संदेश को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं।**
- **राजस्थान के साथ जिन तीन अन्य राज्यों में मॉक ड्रिल होगी, वे हैं गुजरात, पंजाब और जम्मू कश्मीर।**

संघर्ष विराम की घोषणा के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्यों के तूफानी दौरे पर निकल पड़े, जिसमें वह 'मजबूत राष्ट्रवाद' की नीति को जोर-शोर से उठा रहे हैं। बिहार के मधुबनी में एक सार्वजनिक संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पहलगाम हत्याकांड के जिम्मेदार आतंकियों को 'धरती के अंतिम छोर तक' ढूंढ़ निकालेगी।

बीकानेर की एक रैली में उन्होंने कहा कि उनके शरीर में खून नहीं, बल्कि 'गर्म सिंदूर' बह रहा है। दाहोद और गुजरात में, किसी देश का नाम लिए बिना, उन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की घोषणा की। प्रधानमंत्री चार राज्यों में रैलियां करेंगे। इसकी शुरुआत गुरुवार से हो रही है। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इन रैलियों में ऑपरेशन सिंदूर के संदेश को पुरजोर तरीके से प्रचारित करेंगे, खासकर ऐसे समय में, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप यह दावा कर भारत सरकार को असहज स्थिति में डाल रहे हैं कि यह संघर्षविराम अमेरिका द्वारा भारत और पाकिस्तान को की गई व्यापारिक सौदों की पेशकश की वजह से संभव हुआ।

बताया जाता है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत के सामने यहाँ तक कह दिया है कि अगर ट्रंप की टैरिफ पावर्स पर कोई कानूनी रोक लगती है, तो इससे न केवल व्यापार सौदे प्रभावित होंगे, बल्कि 'भारत-पाक संघर्षविराम भी खतरे में पड़ जाएगा।'

मॉक ड्रिल गुरुवार से शुरु हो रही है। इसके कुछ सप्ताह पहले गृह मंत्रालय ने 7 मई को 'ऑपरेशन अभ्यास' नाम से एक मॉक ड्रिल करवाई थी और फिर उसी दिन कुछ घंटे बाद ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत कर दी थी। ऑपरेशन अभ्यास, 1971 के भारत-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जस्टिस के.आर. श्रीराम होंगे राजस्थान हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस

## मौजूदा चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव को मद्रास हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की सिफारिश की गई है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मई। एक अन्य बड़े फेर-बद के अन्तर्गत, सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने राजस्थान, त्रिपुरा, झारखण्ड तथा मद्रास उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादलों की सिफारिश की है। यह निर्णय 26 मई को मुख्य न्यायाधीश बी आर आई गवई की अध्यक्षता में हुई कोलीजियम की मीटिंग में लिया गया।

कोलीजियम ने सुझाव दिया है कि राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव का तबादला मद्रास उच्च न्यायालय में और मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के.आर. श्रीराम का तबादला राजस्थान हाईकोर्ट में कर दिया जाए साथ ही त्रिपुरा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह का तबादला तेलंगाना उच्च न्यायालय में तथा जस्टिस एम.एस. रामचन्द्र राव का तबादला झारखण्ड से त्रिपुरा उच्च न्यायालय में कर दिया जाये। जस्टिस श्रीवास्तव मूलतः छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से तथा जस्टिस श्रीराम बाम्बे हाईकोर्ट से हैं।

- **जस्टिस के.आर. श्रीराम मूलतः बॉम्बे हाई कोर्ट से हैं, उन्हें 21 सितम्बर 2024 को मद्रास हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया था।**
- **सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अध्यक्षता में राजस्थान, त्रिपुरा, झारखंड और मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है।**

सर्वोच्च न्यायालय ने उच्चतर न्यायपालिका में भारी बदलाव करते हुये, 10 उच्च न्यायालयों के 21 जजों की तबादले विभिन्न उच्च न्यायालयों में करने की अनुशंसा की है।

28 सितंबर, 1963 को मुंबई में जन्मे सीजे केआर श्रीराम ने मुंबई विश्वविद्यालय से एलएलबी करने के बाद लंदन से समुद्री विज्ञान में एलएलएम किया। वहीं, वे जुलाई 1986 को महाराष्ट्र एवं गोवा बार कौंसिल में वकील के रूप में पंजीकृत हुए। बतौर वकील उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, उपभोक्ता आयोगों, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण, प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण और कंपनी कानून बोर्ड में सफलतापूवर्क वकालत की। उन्हें 21 जून, 2013 को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयपुर में आज करोना के 5 नये केस आये

जयपुर, 28 मई। राजस्थान में करोना वायरस एक बार फिर से दस्तक देता नज़र आ रहा है। बुधवार को प्रदेश भर से कोविड के 7 नए मामले सामने आए, जिनमें से सर्वाधिक 5 केस जयपुर से रिपोर्ट हुए हैं। अन्य दो मामले जोधपुर से मिले हैं।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को संक्रमितों में 16 वर्षीय बालक बालोतरा से, बीकानेर से 31 वर्षीय महिला और दौसा से एक 5 वर्षीय बच्चा है। शेष चार

- **आज रिपोर्ट हुए संक्रमितों में दौसा का एक 5 वर्षीय बच्चा भी है।**

मरीजों में से 51 वर्षीय, 38 वर्षीय और 40 वर्षीय पुरुष तथा 24 वर्षीय महिला जयपुर से संक्रमित पाए गए। ये केस राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों, एम्स जोधपुर (2), एसएमएस जयपुर (2), आरयूएचएस (1), जयपुरिया (1) और एक विश्वसनीय स्त्रोत से रिपोर्ट हुए हैं।

राज्य में वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक कुल 39 कोरोना संक्रमित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अल्पसंख्यकों और राष्ट्रवादी समूहों, दोनों को साधने में जुटी हैं ममता बनर्जी

## प.बंगाल की मु.मंत्री, देश के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भी प्रासंगिकता बनाए रखना चाहती हैं

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मई। तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका के साथ-साथ, पश्चिम बंगाल में अपने परंपरागत अल्पसंख्यक वोट बैंक पर पकड़ बनाए रखने के उद्देश्य से, दोनों पक्षों को साधने की रणनीति अपनाने की कोशिश कर रही है।

पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के सिलसिले में विभिन्न देशों के नेताओं को जानकारी देने वाली राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनकर मजबूती से अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने पाकिस्तान को 'एक पागल कुत्ते का संचालक' कहकर करारा हमला बोला। इस बयान से उन्हें सत्तारूढ़ दल की सराहना तो मिली ही, साथ ही उन्होंने खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रखर राष्ट्रवादी के रूप में प्रस्तुत भी किया।

- **ममता के भतीजे अभिषेक, जो संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान गए हैं, ने पाकिस्तान को "पागल कुत्ते का हैंडलर" करार दिया। उनकी इस टिप्पणी को ममता बनर्जी की राष्ट्रवादियों का समर्थन जुटाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है।**
- **अभिषेक बनर्जी की इस टिप्पणी से राष्ट्रवादी सोच वाले लोग तो खुश हैं पर संभावना है कि बंगाल का अल्पसंख्यक वोट बैंक इससे नाखुश हो सकता है।**
- **बंगाल के राष्ट्रवादी तबके को खुश करने के लिए अभिषेक बनर्जी ने जापान में रासबिहारी बोस का भी जिक्र किया और वे उनके स्मारक पर भी गए।**

हालांकि, पाकिस्तान को "पागल कुत्ता" कहना बंगाल की मुस्लिम आबादी के बीच खतरा पैदा कर सकता है। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की साज़िशों और आतंकी हमलों के बावजूद, बंगाल का मुस्लिम समुदाय किसी भी टकराव की स्थिति में पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति रखता है। मुस्लिम बिरादरी किन्हीं भी राष्ट्रीय सीमाओं को नहीं मानती है।

यहां तक कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच होता है, तब भी बड़ी संख्या में मुसलमान पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। ऐसे में अभिषेक बनर्जी के बयान, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भले ही उन्हें प्रशंसा दिलाएं, परंतु, राज्य में अल्पसंख्यकों के बीच इसका विपरीत प्रभाव हो सकता है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बनी संयुक्त संसदीय टीम में बनर्जी की भूमिका भी कुछ हद तक जटिल रही। सरकार की ओर से टीम के लिए पहले सुझाए गए नाम को तृणमूल कांग्रेस ने खारिज कर दिया। पार्टी ने वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय को टीम के साथ जापान यात्रा पर जाने से रोक दिया और कहा कि पार्टी खुद तय करेगी कि कौन जाएगा।

बाद में पार्टी ने यूसुफ पठान के नाम को भी अस्वीकार कर दिया, जिससे उन्हें टीम से हटना पड़ा। इसके बाद ही, पार्टी ने अभिषेक बनर्जी को शशि थरुर के नेतृत्व वाली संयुक्त संसदीय टीम में बतौर प्रतिनिधि भेजा, जो कि ममता बनर्जी के भतीजे भी हैं।

जापान में, पाकिस्तान के खिलाफ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई

नयी दिल्ली, 28 मई। शीर्ष अदालत ने अशोका यूनिवर्सिटी के प्रो. अली खान महमूदाबाद को 21 मई को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने का निर्देश दिया और कहा कि वह इस मामले में जुलाई में सुनवाई करेगी। इसके साथ ही एसआईटी को हरियाणा में दर्ज दो मुकदमों के तथ्यों की जांच तक सीमित रहने का निर्देश दिया।

- **सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को हिदायत दी कि हरियाणा में दर्ज दो मुकदमों के तथ्यों तक ही जांच को सीमित रखा जाए।**

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के कपिल सिब्बल की इस आशंका पर कि जांच का दायरा बढ़ाया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत की विशाल सैन्य क्षमता का मुकाबला करने के लिए हल्के परमाणु हथियार विकसित कर रहा है पाकिस्तान

## अमेरिका की डिफैन्स इन्टैलिजैंस एजेंसी ने 2025 की अपनी रिपोर्ट में दावा किया

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मई। पाकिस्तान की रक्षा नीति लंबे समय से चली आ रही इस धारणा पर आधारित है कि भारत उसके अस्तित्व के लिए खतरा है। यह धारणा कोई नई नहीं है, बल्कि उपमहाद्वीप के इतिहास,1947 के विभाजन के दर्द, कई युद्धों और कश्मीर मुद्दे पर जारी शत्रुता से गहराई से जुड़ी हुई है। पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के लिए भारत की पांरपरिक सैन्य श्रेष्ठता, जो उसकी विशालता, आधुनिकता, वायु सेना, नौ सेना और मिसाइल प्रणालियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, पाकिस्तान के लिए सिर्फ एक रणनीतिक चुनौती नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व के लिए मूलभूत खतरा है।

यह आंकलन अमेरिका की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की 2025 वर्ल्डवाइड थ्रैट एसेसमेंट रिपोर्ट से सामने आया है। यह रिपोर्ट पाकिस्तान की सैन्य नीति और रणनीतिक सोच, खासकर भारत के प्रति उसके नज़रिये, पर एक गंभीर अन्तर्दृष्टि प्रदान करती है।

- **"वर्ल्ड वाइड थ्रैट असैसमैंट" शीर्षक वाली डी.आई.ए. की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान 1947 से ही भारत के डर के साये में जी रहा है।**
- **भारत की विशाल सेना की आधुनिकता और पारंपरिक श्रेष्ठता को पाकिस्तान रणनीतिक चुनौती से भी कहीं अधिक, अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है।**
- **इस डर की वजह से पाकिस्तान कम दूरी तक मार करने वाले हल्के परमाणु हथियार हासिल करने पर फोकस कर रहा है, ताकि, जब भी भारत, पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए तो पाकिस्तान इनका इस्तेमाल कर भारत को रोक पाए।**
- **डी.आई.ए. ने अपनी रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पाकिस्तान की यह रणनीति बेहद खतरनाक है, यह न केवल परमाणु युद्ध का कारण बन सकती है, बल्कि इनकी चोरी और सनक में या गलतफहमी में इनके दुरुपयोग का भी भारी खतरा है।**

इसके जवाब में पाकिस्तान ने आक्रामक सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम शुरु किया है। डीआईए की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान खास तौर पर भारत के साथ सैन्य क्षमता की बड़ी खाई को पाटने के लिए विषम क्षमताओं के विकास पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। इस प्रयास का मुख्य आधार है, बैटल फील्ड या टैक्टिकल न्यूक्लियर हथियारों का विकास, ये कम-क्षमता वाले, सीमित दूरी तक मार करने वाले परमाणु हथियार हैं, जिन्हें युद्ध के मैदान में इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये हथियार भारत के कोल्ड स्टार्ट डॉक्ट्रिन को रोकने के लिए प्रयुक्त किए जा सकते हैं। कोल्ड स्टार्ट डॉक्ट्रिन के तहत, सीमित लेकिन तेज़ पारंपरिक हमले पाकिस्तान की सीमा में किए जा सकते हैं, खासकर सीमा पार आतंकवाद के जवाब में। परमाणु प्रतिक्रिया का विकल्प खुला रखकर, पाकिस्तान किसी भी भारतीय सैन्य कार्रवाई को शुरुआती स्तर पर रोकने के लिए रणनीतिक अस्पष्टता बनाए रखना चाहता है।

टैक्टिकल परमाणु हथियारों का विकास पाकिस्तान की "फुल-स्पैक्ट्रम डैटरैंस" रणनीति का हिस्सा है। इस अवधारणा में परमाणु हथियारों का प्रयोग केवल रणनीतिक प्रतिशोध तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युद्ध क्षेत्र की विभिन्न स्थितियों में भी इनका प्रयोग किया जा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में बारिश

नयी दिल्ली, 28 मई। देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई।

महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में आज भारी बारिश हो रही है। यहां बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है।

- **राजस्थान के अन्य भागों में लू और आंधी का प्रकोप देखा जा रहा है।**

राजस्थान में मौसम तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में एक वृद्ध महिला की मौत हुई। जांच में हीटवेव से मौत की बात सामने आई। उदयपुर,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

फल की इच्छा छोड़कर निरंतर कत्तर्व्य करो। जो फल की अभिलाषा छोड़कर कत्तर्व्य करतें हैं, उन्हें अवश्य मोक्ष प्राप्त होता है। –गीता

# मोदी ने अपने कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे किए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में मोदी सरकार ने कई ऐतिहासिक फैसले लिए जिनकी देश और दुनिया में काफी चर्चा हुई। मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और वे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। ग्यारह साल बाद भी मोदी की लोकप्रियता लगातार बनी हुई है। मोदी ने देश के सबसे लंबे समय तक लगातार शासन करने वाले गैर–कांग्रेसी प्रधानमंत्री होने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक 25 साल का बेमिसाल सफर पूरा करने वाली यह शख्सियत नरेन्द्र दामोदर दास मोदी आज ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी पहचान कायम करने में सफल हुए है। मोदी में गजब का आत्मविश्वास है। प्रखर और कुशल वक्ता के रूप में उनकी राष्ट्रीय पहचान है।

मोदी की कार्यशैली, सोच, साहस, हौसला, कार्य निष्ठा, देश के प्रति समर्पण, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व और कुछ कर गुजरने की ललक ने उनकी लोकप्रियता को देश ही नहीं अपितु दुनिया में भी बढ़ाने का काम किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी की इन 11 सालों की उपलब्धियां बेमिसाल रही है। इन 11 सालों में मोदी सरकार ने अनेक क्षेत्रों में सफलता के परचम फहराए इसमें कोई दो राय नहीं है। मोदी सरकार के कार्यकाल में विपरीत स्थितियों के बावजूद भारत ने विश्व आर्थिक क्रांति का उद्घोष कर विकास के प्रेरक के रूप में अपना स्थान सुरक्षित किया है। इस अवधि में देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सबसे अधिक सार्वजनिक निवेश हुआ है। परिणाम स्वरुप अनेक क्षेत्रों में आशातीत प्रगति कर भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है। मोदी ने कश्मीर में एक ध्वज, एक निशान और एक संविधान का जनसंघ के पितृ पुरुष का सपना साकार किया। मोदी ने अनेक ऐतिहासिक कार्यों को अंजाम देकर 'मोदी है तो मुमकिन है' की अपनी छवि बनाई।

मोदी संघ के एक विनम्र स्वयं सेवक की तरह देश की नब्ज को पहचानने में सफल हुए। इस अवधि में मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि ये रही कि सरकार के किसी मंत्री पर कोई भी भ्रष्टाचार या घोटाले का आरोप नहीं लगा। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जनता की आशाओं अपेक्षाओं पर नितांत खरे उतरे। जन विश्वास अर्जित कर मोदी ने देशवासियों का आत्मसम्मान व राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का काम किया है। देश की सबसे बड़ी वैश्विक उपलब्धियों में एक चौथी अर्थव्यवस्था बनने की है।


**मोदी में गजब का आत्मविश्वास है। प्रखर और कुशल वक्ता के रूप में उनकी राष्ट्रीय पहचान है। मोदी की कार्यशैली, सोच, साहस, हौसला, कार्य निष्ठा, देश के प्रति समर्पण, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व और कुछ कर गुजरने की ललक ने उनकी लोकप्रियता को देश ही नहीं अपितु दुनिया में भी बढ़ाने का काम किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी की इन 11 सालों की उपलब्धियां बेमिसाल रही है।**

भारत ने जापान को पछाड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी हासिल की है। यह उपलब्धि भारत की वैश्विक भूमिका और आर्थिक नीतियों की सफलता को दर्शाती है। जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जीएसटी, आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल इंडिया, इंफ्रास्ट्रक्चर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान, आत्मनिर्भर भारत अभियान, अनुच्छेद 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण, नारी शक्ति और कानून, तीन तलाक कानून, रक्षा और सुरक्षा, शिक्षा और कौशल विकास,महिलाओं के लिए सैन्य सेवा में प्रवेश और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित 80 करोड़ गरीबों को रोजी–रोटी की सुविधा उपलब्ध कराकर मोदी सरकार की ग्यारह सालों की प्रमुख उपलब्धियां है। हाल ही ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से पाकिस्तान में चल रहे आतंकी अड्डों को ध्वस्त करने में सफलता हासिल की। इस अवधि में बढ़ती कीमतों (खासतौर पर पेट्रोल–डीजल), किसानों के आंदोलन, बेरोजगारी, नोटबंदी, जीएसटी आदि की नाराजगी के बावजूद लोगों पर अभी भी मोदी का जादू बरकरार है।

मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल दौरान उनके विरोधियों में उनके प्रति बेहद नाराजगी का भाव है। इसके बावजूद लोगों का मानना है भ्रष्टाचार को काबू करने का मोदी ने ईमानदारी से प्रयास किया है जिसकी वजह से सरकारी मदद का लाभ जरूरतमंद गरीबों और असहाय लोगों तक पहुंचा है। इन 11 सालों में मोदी सरकार ने अनेक क्षेत्रों में सफलता के परचम फहराए इसमें कोई दो राय नहीं है। इस अवधि में मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि ये रही कि सरकार के किसी मंत्री पर कोई भी भ्रष्टाचार या घोटाले का आरोप नहीं लगा। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जनता की आशाओं अपेक्षाओं पर नितांत खरे उतरे। जन विश्वास अर्जित कर मोदी ने देशवासियों का आत्मसम्मान व राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का काम किया है। देश और दुनिया में यह मानने वालों की कमी नहीं है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की जनता से संवाद शक्ति बेमिसाल है। भाजपा को चुनावी विजय दिलाने में मोदी का जनता से सीधा और जीवंत संवाद है। जनता से उनका ऐसा ही जीवंत संवाद तब देखने को मिलता है जब वे सभाओं को संबोधित करते है। जनता जनार्दन मोदी मोदी के नारे के साथ उनका करतल ध्वनि से स्वागत करते है। अपनी बेहद अनूठी और मन मोह लेने वाली संवाद कला से लोगों का दिल जीत लेते हैं प्रधानमंत्री मोदी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 29 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा


ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, आर्द्रा नक्षत्र रात्रि 10:39 तक, शूल योग दिन 3:47 तक, तैतिल करण दिन 12:26 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–कर्क, बुध–वृष, गुरू–मिथुन, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग, रवियोग रात्रि 10:39 से आरम्भ होगा। आज महाराणा प्रताप जयन्ती है। आज जिलहिज मु.मास 12 आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:19 तक, चर 10:42 से 12:24 तक, लाभ अमृत 12:24 से 3:47 तक, शुभ 5:29 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:10




**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में अनावश्यक वाद–विवाद हो सकते हैं।




**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक यात्रा संभव है।




**धनु**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**वृष**
व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




**मकर**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।



**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।




**कुंभ**
व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कर्क**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और मन में असंतोष बना रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें।




**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।



**मीन**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# महाराणा प्रताप: स्वधर्म एवं स्वदेश के लिए आजीवन संघर्षरत सेनानी



राजेश्वर सिंह

भारतीय संस्कृति व परम्परा में धर्म को मनुष्य के सहज कर्तव्य के रूप में परिभाषित किया गया है और धैर्य, क्षमा, संयम, अस्तेय, स्वच्छता, इन्द्रिय संयम, बुद्धि, विद्या, सत्य और अक्रोध इसके दस लक्षण बताये गये हैं। भारत में सभ्यता के आदिकाल से ही मनुष्य का व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन उपर्युक्त महान मानवीय मूल्यों पर आधारित दस लक्षण धर्म के मूलाधार पर प्रतिष्ठित था। भारतीय भूभाग के विपुल विस्तार व आवागमन के त्वरित साधनों के अभाव की वजह से यह एकात्म सांस्कृतिक क्षेत्र विभिन्न राज्यों अथवा राजनीतिक इकाइयों मे विभक्त था किन्तु वहाँ भी व्यक्तिगत जीवन, सामाजिक व्यवस्था व राज व्यवस्था का आधार दस लक्षण धर्म ही था।

विदेशी आक्रान्ताओं के भारत पर आक्रमण का मूल उद्देश्य न केवल इस विस्तृत भूभाग की विपुल धन सम्पदा का दोहन था वरन् अपना राज्य स्थापित कर यहां के धर्म, संस्कृति, परम्परा व आधारभूत जीवन मूल्यों को ध्वस्त कर जनसामान्य में दास मनोवृत्ति को अधिरोपित करना था ताकि उनका आधिपत्य निष्कंटक हो सके। आक्रान्ता व उनके वंशज इस उद्देश्य की प्राप्ति में आंशिक रूप से सफल अवश्य हुए क्योंकि भारतीय समाज में गुण –कर्म आधारित गतिशील वर्ण व्यवस्था कालक्रम में वंशानुगत अपरिवर्तनीय जाति व्यवस्था में तब्दील हो चुकी थी और अस्पृश्यता तथा जातिगत भेदभाव यहाँ की सामाजिक व्यवस्था का अंग बन चुका था, जिससे पीड़ित एक छोटे से वर्ग ने लाभ, लोभ या आतंक की वजह से धर्म परिवर्तन अवश्य किया किन्तु व्यापक जन समुदाय की धर्म निष्ठा अटूट और अपरिवर्तनीय ही रही। इसके मद्देनजर विदेशी मूल के शासक वर्ग ने अपनी रणनीति में बदलाव किया व स्थानीय शासकों के साथ सहअसृतित्व, सहयोग व समायोजन की नीति का अवलम्बन किया। यह नीति ऊपर से तो अत्यन्त सहिष्णु, समावेशी व उदारवादी प्रतीत होती थी किन्तु अन्दर से आक्रांताओं के मूलभूत उद्देश्य अपरिवर्तनीय ही रहे।

राजपुताना के राज्यों में केवल मेवाड़ ही एकमात्र ऐसा राज्य था जिसने मुगल सामाज्य का अंग बनने से स्पष्ट रूप से इंकार किया जिसका खामियाजा वहाँ के शासकों व जन साधारण को भुगतना पड़ा। 1567 ई. में अकबर ने जब चित्तौड़ पर चढाई की ,उस समय अपने सरदारों एवं सेनानायकों की सलाह पर महाराणा उदय सिंह ने चित्तौड़ का गढ छोड़ दिया। 23 फरवरी 1568 ई. की रात्रि में चित्तौड़ का अन्तिम जौहर हुआ तथा दूसरे दिन दुर्गद्वार खोलकर योद्धाओं ने साका किया। इसके साथ ही अकबर का चित्तौड़ पर अधिकार हो गया। कुछ समय तक दुर्गम पहाड़ों एवं कुम्भलमेर में रहने के बाद महाराणा उदय सिंह ने गोगुन्दा में अपना स्थान कायम किया और वहीं पर 28 फरवरी, 1572 को उन का देहान्त हुआ। अपनी मृत्यु के कुछ दिवस पूर्व ही महाराणा उदय सिंह ने राजगद्दी पर प्रताप के औचित्यपूर्ण दावे की उपेक्षा कर अपने कनिष्ठ पुत्र जगमाल को युवराज व राज्य का भावी उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था किन्तु मेवाड़ के सरदारों के प्रभावी हस्तक्षेप के कारण 28 फरवरी, 1572 को ही प्रताप का मेवाड़ की राजगद्दी पर राज्याभिषेक सम्पन्न हुआ। यह घटनाक्रम स्पष्ट रूप से इस तथ्य का द्योतक है कि राजा में देवत्व के निहित होने की अवधारणा के बावजूद सामन्तों में सत्य, न्याय और औचित्य के प्रति निष्ठा थी व गलत राजाज्ञा को अस्वीकार करने का साहस भी था।

प्रताप की गद्दीनशीनी के एक वर्ष पश्चात अप्रैल, 1573 में आमेर के कुंवर मान सिंह कच्छवाहा, सितम्बर, 1573 में आमेर के राजा भगवंतदास तथा दिसम्बर, 1573 में राजा टोडरमल अकबर के दूत के रूप में प्रताप से मिले व उन्हें मुगल सम्राट की अधीनता स्वीकार करने हेतु सहमत करने का प्रयास किया किन्तु यह प्रयास निष्फल ही रहा। अन्ततः 18 जून, 1576 को प्रताप व मुगल सेनाओं के बीच हल्दी घाटी का सुप्रसिद्ध युद्ध हुआ जिससे मेवाड़ के प्रमुख योद्धा रामदास मेड़तिया, रामशाह तंवर, झाला बीदा, झाला मानसिंह, रावत नैतसी इत्यादि वीरता पूर्वक लड़ते हुए काम आए और प्रताप तथा उनके बचे हुए सैनिकों को रणभूमि छोड़नी पड़ी। यद्यिप विजय मुगल सेना की हुई किन्तु वे प्रताप को पकड़ने अथवा उनका मनोबल तोड़ने में असमर्थ रहे। इसके बाद अक्टूबर, 1576 में अकबर ने स्वयम् तथा अक्टूबर, 1577, दिसंबर, 1578 तथा नवंबर 1579 में मुगल सेनापति शाहबाज खां ने लगातार मेवाड़ पर आक्रमण किए किन्तु प्रताप को गिरफ्तार करने अथवा मेवाड़ पर पूर्ण अधिकार करने में पूर्णतया विफल रहे।

अक्टूबर, 1582 में विजयादशमी के दिन प्रताप ने कुंभलमेर से 40 किमी उत्तरपूर्व में दिवेर गांव के शाही थाने पर आक्रमण किया। मुगल सेना का नेतृत्व सुल्तान खां के हाथ में था। इस युद्ध में प्रताप की विजय हुई और राजपूत सेना ने मुगलों को अजमेर तक खदेड़ा। दिवेर के युद्ध ने मुगलों के मनोबल को बुरी तरह तोड़ दिया। इसके उपरान्त प्रताप ने गोगुन्दा, कुम्भलगढ, बस्सी, चावण्ड, जावर, मदारिया तथा माण्डलगढ़ जैसे महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया।

19 जनवरी, 1597 को अपनी मृत्यु से पूर्व प्रताप ने चित्तौड़गढ को छोड़कर मेवाड़ के लगभग सम्पूर्ण भूभाग पर आधिकार कर लिया था। चित्तौड़गढ दुर्ग पर वापस अधिकार करने की उनकी उत्कट अभिलाषा थी और इस कार्य की सिद्धि तक उन्होंने पत्तल में भोजन करने व तृणशय्या पर शयन करने का दुस्साध्य प्रण लिया था, जिसे जीवन के अन्त तक निभाया।

यह संघर्ष गाथा उस अप्रतिम महावीर की है जो चाहता तो अन्य राजाओं की तरह अकबर की अधीनता स्वीकार कर सुख, साधन ,समृद्धि और सुविधा से युक्त वैभवशाली जीवन जी सकता था, किन्तु अपने धर्म, संस्कृति, परम्परा, पूर्वजों के जीवन मूल्यों एवं स्वदेश की रक्षा के लिये उन्होंने आजीवन संघर्ष के कण्टकाकीर्ण पथ का वरण किया और लाख कठिनाइयाँ आने के बावजूद अपने स्वातन्त्र्य व स्वाभिमान पर आंच नहीं आने दी। इस संघर्ष में उनके साथी और सहभागी केवल राजपूत और भील ही नहीं थे, ब्राह्मण, ओसवाल, चारण और पठान आदि समुदायों ने भी तन, मन और धन से महाराणा को सहयोग दिया व आजीवन उनके मनोबल को ऊंचा बनाए रखा। यह इस बात का प्रमाण है कि नायक में अगर बुद्धिमता, संकल्पशक्ति, साहस, सबको साथ लेकर चलने की क्षमता, धैर्य, विनम्रता, आत्मबल और दृढ निश्चय हो तो जन साधारण में भी उत्साह, ध्येयनिष्ठा, एकात्मता, सहयोग व समर्पण का भाव जागृत होना स्वाभाविक है।

**–राजेश्वर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( सेवानिवृत्त )**

# भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था : उपलब्धि तो है, लेकिन सफर लम्बा है



राजेन्द्र मोहन शर्मा

भारत की अर्थव्यवस्था ने हाल के वर्षों में वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है। 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है, जिसके साथ यह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया है। इस आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वित्तीय समावेशन रहा है, जिसने समाज के हर वर्ग, खास तौर पर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग को बैंकिंग, ऋण और डिजिटल भुगतान जैसी सेवाओं से जोड़ा है। हालांकि, भारत की यह चमकती आर्थिक तस्वीर पूरी तरह सच नहीं है। आंकड़ों की बाजीगरी, संरचनात्मक कमियां और सामाजिक चुनौतियां इस कहानी को "आधी हकीकत, आधे फसाने" के रूप में देखती हैं।

भारत की आर्थिक प्रगति का आधार 1991 के उदारीकरण सुधारों में निहित है, जिसने वैश्विक व्यापार के दरवाजे खोले। 2015 में भारत की जीडीपी 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी, जो 2025 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई, यानी 105% की वृद्धि। यह वैश्विक औसत 3.9% से कहीं अधिक है। 2022 में भारत ने यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर पांचवां स्थान हासिल किया और अब जापान को पीछे छोड़ कर अग्रसर है। निर्यात क्षेत्र में भी भारत ने मजबूत प्रदर्शन किया। 2021–22 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 650 बिलियन डॉलर को पार कर गया, और 2023–24 में इसके 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल्स और व्यावसायिक सेवाओं में भारत की वैश्विक पहचान बनी है। मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों ने विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा दिया, जिसके परिणामस्वरूप दर्जनों यूनिकॉर्न कंपनियां उभरी।

चंद्रयान–3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग ने भारत की तकनीकी क्षमता को और मजबूत किया। लेकिन इस आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू वित्तीय समावेशन है, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक और समावेशी बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। वित्तीय समावेशन का सफर 2005–06 में शुरू हुआ, जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया। 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाय) ने इस दिशा में क्रांति ला दी। 2025 तक, 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए, जिनमें 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक जमा हुए। आधार प्रणाली ने 1.3 अरब से अधिक लोगों को डिजिटल पहचान दी, जिससे बैंक खाता खोलना और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना आसान हुआ। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने डिजिटल भुगतान को आम जन तक पहुंचाया।

2024 में यूपीआई ने 150 बिलियन से अधिक लेनदेन दर्ज किए, जिनका मूल्य 200 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। यह भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल भुगतान अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है। मुद्रा योजना ने छोटे और मझोले उद्यमों को 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण दिए, जिसने सूक्ष्म उद्यमिता को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और सुरक्षा बीमा योजना ने लाखों लोगों को सस्ती बीमा योजनाओं से जोड़ा। विश्व बैंक की 2021 की ग्लोबल फिनडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 78% वयस्कों के पास बैंक खाता था, जो 2011 में 35% से कहीं अधिक है। ये उपलब्धियां भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने और गरीबी उन्मूलन में योगदान दे रही हैं। हालांकि, आर्थिक प्रगति और वित्तीय समावेशन के दावों में आंकड़ों की बाजीगरी स्पष्ट दिखती है।

भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन यह क्रय शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर है। पीपीपी में भारत 2011 में ही तीसरा स्थान हासिल कर चुका था, लेकिन जीडीपी, जो वास्तविक आर्थिक शक्ति को मापती है, में भारत अभी भी चौथे या पांचवें स्थान पर है। यह अंतर आम जनता के लिए भ्रामक हो सकता है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत की स्थिति और कमजोर है। 2023 में भारत की प्रति व्यक्ति आय 2,610 डॉलर थी, जो विश्व में 136वें स्थान पर है, जबकि अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय 80,000 डॉलर से अधिक है।

वित्तीय समावेशन में भी आंकड़े पूरी तस्वीर नहीं दिखाते। जन धन खातों की संख्या प्रभावशाली है, लेकिन 2023 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 20% खाते निष्क्रिय हैं। कई खाते केवल सरकारी सब्सिडी के लिए खोले गए, जिससे वास्तविक वित्तीय भागीदारी कम रही। बेरोजगारी के आंकड़े भी चिंता बढ़ाते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, 2022 में पढ़े–लिखे युवाओं में बेरोजगारी 65.7% थी, जो 2000 में 54.2% थी। सब्सिडी का बोझ भी एक समस्या है। 2013–14 में ईंधन और उर्वरक सब्सिडी पर 2,47,596 करोड़ रुपये खर्च हुए, जो राजकोषीय घाटे को बढ़ाता है।

भारत की आर्थिक और वित्तीय प्रगति के सामने कई चुनौतियां हैं। आय असमानता एक बड़ी समस्या है। गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषण के अनुसार, लग्जरी ब्रांड्स की बिक्री सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं से तेजी से बढ़ रही है, जो अमीर और गरीब के बीच खाई को दर्शाता है। वित्तीय साक्षरता की कमी भी वित्तीय समावेशन को सीमित करती है। केवल 27% वयस्कों को वित्तीय प्रबंधन की बुनियादी समझ है, जिसके कारण लोग बचत और निवेश में पीछे रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग और डिजिटल बुनियादी ढांचे की बड़ी कमी और एक चुनौती तो है ही।

2022 में प्रति 1 लाख लोगों पर केवल 14.7 बैंक शाखाएं थीं, और स्टेट ऑफ इंटरनेट 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 52% ग्रामीण आबादी के पास इंटरनेट था। लैंगिक असमानता भी बनी हुई है। ग्लोबल फिनडेक्स 2021 के अनुसार, पुरुषों की तुलना में महिलाओं के पास बैंक खाता होने की संभावना 10% कम है। साइबर सुरक्षा एक उभरती चुनौती है। 2023 में डिजिटल धोखाधड़ी से 1.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। महंगाई भी निम्न और मध्यम आय वर्ग को प्रभावित कर रही है, क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में दोहरे अंकों की वृद्धि ने महंगाई को 4% के लक्ष्य से ऊपर रखा है।

पर्यावरणीय चुनौतियां भी भारत की प्रगति को बाधित करती हैं। टिकाऊ विकास लक्ष्यों में भारत 166 देशों में 112वें स्थान पर है। वैश्विक निर्भरता, खास तौर पर चीन से आयात और अमेरिका की विदेश नीति पर निर्भरता, भारत की आर्थिक स्वायत्तता को कमजोर करती है। अन्य देशों के साथ तुलना भारत की स्थिति को और स्पष्ट करती है। अमेरिका, 30.3 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसकी प्रति व्यक्ति आय भारत से 30 गुना अधिक है, और 95% वयस्कों के पास बैंक खाता है।

अमेरिका की अर्थव्यवस्था सेवा, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी पर आधारित है, जबकि भारत कृषि और सेवा क्षेत्र पर निर्भर है। चीन, 19.5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अलीपे और वीचैट पे ने चीन में 90% वयस्कों को डिजिटल भुगतान से जोड़ा, लेकिन इसका केंद्रीकृत नियंत्रण भारत के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से अलग है। जापान और जर्मनी, क्रमशः 4.4 और 4.9 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, भारत के निकटतम प्रतिस्पर्धी हैं। इनकी प्रति व्यक्ति आय 34,000 और 51,432 डॉलर है। केन्या जैसे विकासशील देश ने एम–पेसा के जरिए वित्तीय समावेशन में भारत से बेहतर प्रदर्शन किया, जहां 83% वयस्कों के पास मोबाइल मनी खाता है। भारत की विशाल जनसंख्या और भौगोलिक विविधता इसे अलग बनाती है, लेकिन बुनियादी ढांचे और साक्षरता में कमी इसे पीछे रखती है। यद्यपि भविष्य की संभावनाएं भारत के लिए आशाजनक हैं। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसार, भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, और हर डेढ़ साल में 1 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी में जोड़ सकता है।

विश्व बैंक का सुझाव है कि कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स और हरित प्रौद्योगिकी में निर्यात बढ़ाकर भारत 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल कर सकता है। वित्तीय समावेशन में, डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाकर 2030 तक 80% ग्रामीण आबादी को डिजिटल भुगतान से जोड़ा जा सकता है। वित्तीय साक्षरता को स्कूलों और समुदायों में अनिवार्य करना होगा। लैंगिक समानता के लिए विशेष योजनाएं और साइबर सुरक्षा के लिए नई तकनीकें जरूरी हैं। राजकोषीय घाटे को कम करने, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने और व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत सुधार आवश्यक हैं। 2047 तक नेट–जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य और हरित ऊर्जा में निवेश भारत को पर्यावरणीय स्थिरता में अग्रणी बना सकता है।

**निष्कर्ष:–**भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और वित्तीय समावेशन का सफर प्रभावशाली है। मेक इन इंडिया, जन धन योजना, आधार और यूपीआई ने भारत को वैश्विक मंच पर स्थापित किया, लेकिन आंकड़ों की बाजीगरी, जैसे पीपीपी और निष्क्रिय खातों की समस्या, और बेरोजगारी, आय असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियां इस चमक को फीका करती हैं। अन्य देशों की तुलना में भारत ने कम समय में बड़ी प्रगति की, लेकिन बुनियादी ढांचे और साक्षरता में सुधार जरूरी है। निर्यात विविधीकरण, डिजिटल और हरित प्रौद्योगिकी, और शिक्षा में निवेश भारत को 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वित्तीय समावेशन में वैश्विक नेता बना सकता है। सही नीतियों और सुधारों के साथ, भारत अपनी आर्थिक और सामाजिक कहानी को पूरी हकीकत में बदल सकता है।

**–राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**वरिष्ठ साहित्यकार,**
**शिक्षाविद और चिन्तक**

# एनजीटी ने चिड़ियाघर संरक्षण के लिए मुख्य सचिव सहित पांच को नोटिस दिया

- **कोटा चिड़ियाघर में प्रस्तावित खेल परिसर के विकास के लिए पेड़ों की कटाई का मामला**
- **105 साल पुराने पेड़ो और हॉर्नबिल बुलबुल जैसी लुप्त पक्षी प्रजातियों का घर है चिड़ियाघर**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोनल बैंच भोपाल ने कोटा चिड़ियाघर में प्रस्तावित खेल परिसर के विकास के लिए पेड़ों की कटाई के मामले में मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, जिला कलेक्टर कोटा, वन विभाग कोटा, कोटा विकास प्राधिकरण सहित पांच को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

एनजीटी ने पीपल फॉर एनिमल्स के प्रदेश प्रभारी एवं भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता लोकेंद्र सिंह कछावा के मार्फत दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नोटिस जारी करने के आदेश दिए। याचिकाकर्ता बाबूलाल जाजू ने याचिका में बताया कि कोटा चिड़ियाघर की स्थापना 1905 में कोटा के महाराजा ने की थी और यह हाड़ौती क्षेत्र का एकमात्र चिड़ियाघर है एवं वन विभाग 1954 से इसका संचालन कर रहा है। जाजू ने आरोप लगाया है कि कोटा विकास प्राधिकरण ने वन भूमि पर स्थित इस चिड़ियाघर की भूमि को खेल परिसर के विकास के लिए अधिग्रहित करने का प्रस्ताव दिया है जो पूरी तरह से मनमाना, अन्यायपूर्ण और पर्यावरण के खिलाफ है।

याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि चिड़ियाघर बड़ी संख्या में 100 साल से अधिक पुराने पेड़ों का घर है, जो हॉर्नबिल, बुलबुल, सनबर्ड, प्रिनिया, विवेर, एग्रेस्ट जैसी कई लुप्तप्राय:/संरक्षित पक्षी प्रजातियों का निवास स्थान हैं। पेड़ों की कटाई से पक्षियों का बसेरा उजड़ने के साथ ही पर्यावरण को अपूरणीय क्षति होगी। न्यायमूर्ति शिवकुमार सिंह और डॉ. अफरोज अहमद विशेषज्ञ सदस्य की पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की रिपोर्ट के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आयुक्त कोटा संभाग एवं सदस्य सचिव राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक–एक प्रतिनिधि की संयुक्त समिति गठित कर साइट का दौरा कर छह सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एनजीटी ने मामले में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रमुख पक्षकार मानते हुए प्रतिवादी संख्या 6 के रूप में तत्काल जोड़ने के भी निर्देश दिए। मामले में अगली सुनवाई 26 अगस्त 2025 को होगी। उल्लेखनीय है कि जाजू ने प्राचीन चिड़ियाघर का अवलोकन कर पुराने विशालकाय पेड़ों एवं विलुप्त होते पक्षियों की प्रजातियों के संरक्षण के लिए एनजीटी की शरण ली थी।

# हम महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का कर रहे काम : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए राजमहलों का वैभव त्यागकर जंगलों का कष्टमय जीवन जीया, लेकिन आजीवन अपने स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप महान योद्धा, परम स्वाभिमानी और स्वतंत्रता प्रेमी थे। उन्होंने हमें सदैव सत्य, धर्म और राष्ट्रिहत के मार्ग पर चलना सिखाया। शर्मा बुधवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में महाराणा प्रताप फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'शौर्य गाथा के रंग' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि महाराणा प्रताप जैसे वीर और पराक्रमी योद्धा ने राजस्थान की महान धरती पर जन्म लिया। उनका सम्पूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता से देश-दुनिया के ख्यातनाम इतिहासकार भी प्रभावित हुए। कर्नल जेम्स टॉड ने महाराणा प्रताप की वीरता की प्रशंसा करते हुए हल्दीघाटी के युद्ध को थर्मोपल्ली और दिवेर के युद्ध को मेवाड़ का मैराथन बताया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उनकी देशभक्ति, वीरता एवं शौर्य को काल और भौगोलिक सीमा में नहीं बांधा जा सकता है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में महाराणा प्रताप फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'शौर्य गाथा के रंग' कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

शर्मा ने कहा कि हम महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम कर रहे है। इसे ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों चावंड-हल्दीघाटी-गोगुंदा-कुंभलगढ़-दिवेर-उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोच और खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना करने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा करना सिखाता है। उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात कर भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में मजबूत शक्ति के रूप में पहचान बनाई है। इस शक्ति की एक झलक पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखी। इस ऑपरेशन के माध्यम से पहलगाम में हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिला दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री ने पहली जनसभा महाराणा प्रताप की धरती राजस्थान में की।

- 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने सत्य, धर्म और राष्ट्रिहत के मार्ग पर चलना सिखाया'

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सिंधु समझौता रद्द कर पाकिस्तान को साफ कर दिया की पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। शर्मा ने महाराणा प्रताप की वीरता एवं शौर्य की विरासत को संरक्षित करने और उनके जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के सराहनीय कार्य करने के लिए महाराणा प्रताप फाउंडेशन की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन किया एवं पंडित नरेन्द्र मिश्र द्वारा लिखी गई रचना का जिक्र करते हुए कहा कि 'राणा प्रताप इस भरत भूमि, मुक्ति मंत्र के गायक हैं...राणा प्रताप आजादी के अपराजित काल विधायक हैं'।

इस अवसर पर विधायक महेन्द्रपाल मीना सहित महावीर सिंह सरवड़ी, राम सिंह चंदलाई, सुदर्शन सिंह, प्रेमसिंह बनवासा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा




मंत्रीमण्डलीय उप समिति के सदस्य जल संसाधन विभाग के मंत्री सुरेश सिंह रावत, राज्यमंत्री वन विभाग संजय शर्मा, राज्यमंत्री सहकारिता विभाग गौतम कुमार तथा समिति के संयोजक राज्यमंत्री नगरीय विकास विभाग झाबर सिंह खर्रा ने बैठक में जोधपुर, भरतपुर एवं जयपुर संभाग की नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन के प्रस्तावों पर समीक्षा एवं विचार विमर्श किया गया।

**जयपुर।** मंत्रिमण्डल सचिवालय के आदेशों की अनुपालना में बुधवार को स्वायत्त शासन विभाग के सभागार में नगरीय प्रशासन को और अधिक प्रभावशाली, उत्तरदायी एवं समावेशी बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण द्वितीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन से जुड़े प्रस्तावों पर गहन परीक्षण और विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मंत्रीमण्डलीय उप समिति के सदस्य जल संसाधन विभाग के मंत्री सुरेश सिंह रावत, राज्यमंत्री वन विभाग संजय शर्मा, राज्यमंत्री सहकारिता विभाग गौतम कुमार तथा समिति के संयोजक राज्यमंत्री नगरीय विकास विभाग झाबर सिंह खर्रा द्वारा इस बैठक में जोधपुर, भरतपुर एवं जयपुर संभाग की नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन के प्रस्तावों पर समीक्षा एवं विचार विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में प्रारम्भ की गई इस पहल का मूल उद्देश्य राज्य के नगरीय निकायों को वर्तमान यथार्थ और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना है,ताकि आमजन तक प्रशासन की पहुँच सुलभ हो, स्थानीय विकास को गति मिले और शहरी क्षेत्रों में जीवनस्तर में सार्थक सुधार आए। यह प्रक्रिया न केवल नगरीय प्रशासन को अधिक संगठित और जनोन्मुखी बनाएगी,बल्कि स्थानीय शासन में पारदर्शिता, समावेशिता और उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करेगी। यह निर्णय प्रक्रिया राजस्थान को शहरी सुशासन की दिशा में एक नई ऊँचाई तक पहुँचाने की ओर सशक्त कदम है। इस बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव, निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार बुजुर्गों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित : अविनाश गहलोत

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक राष्ट्र की नींव हैं, जिस पर वर्तमान खड़ा है और भविष्य निर्मित होगा। हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहां बुजुर्गों को न केवल सहारा मिले, बल्कि वे स्वयं को समाज के सक्रिय और गौरवशाली अंग के रूप में अनुभव करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के बुजुर्गों को लाभान्वित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है।

- 'वरिष्ठ नागरिक राष्ट्र की नींव हैं, जिस पर वर्तमान खड़ा है और भविष्य निर्मित होगा'
- विभिन्न सेशंस में बुजुर्गों को मनोवैज्ञानिक, योग प्रशिक्षक, आहार विशेषज्ञ, सायबर एवं पुलिस अधिकारियों ने दिए विभिन्न पहलुओं पर परामर्श

गहलोत बुधवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान के सभागार में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वृद्ध कल्याण योजना, भक्त श्रवण कुमार कल्याण सेवा आश्रम (डे-केयर सेंटर), माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम- 2007, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह,



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बुधवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान के सभागार में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया।

स्वयंसिद्धा आश्रम, राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड तथा अटल वयो अभ्युदय योजना सरीखी विभिन्न योजनाएं संचालित कर हजारों वरिष्ठजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि इन सबके अलावा प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, देवस्थान विभाग, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभागों द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित को जा रही है। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा कोई बीमारी नहीं है, यह ताकत और उत्तरजीविशा है, सभी प्रकार के उतार-चढ़ाव और निराशाओं, परीक्षणों और बीमारियों पर विजय है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने कहा कि विभाग द्वारा वरिष्ठजनों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज में हो रहे विभिन्न बदलावों के चलते बुजुर्गों में एकाकीपन और अकेलापन तेजी से बढ़ रहा है। ऐसी दशा से बचाव के लिए बुजुर्ग आर्थोपार्जन के साथ स्वयं को व्यस्त रखें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

कार्यशाला में नामचीन मनोवैज्ञानिक, श्रेष्ठ योग प्रशिक्षक, बेहतरीन आहार विशेषज्ञ, स्वयं सेवी संस्था, पुलिस, सायबर सेल के अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने योग व ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य और निवारक देखभाल सत्र, पोषण व स्वस्थ रूप में वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जागरूकता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम और प्रतिक्रिया, सामाजिक-जुड़ाव और समय प्रबंधन के लिए रणनीतियां, वित्तीय योजना और डिजिटल साक्षरता और अंतर पीढ़ीगत सेशंस के जरिए वृद्धजनों को जागरूक किया।

इस अवसर पर निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल, अतिरिक्त निदेशक केसर लाल मीणा, अतिरिक्त निदेशक रीना शर्मा, संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल, जोनल हेड आईसीआईसीआई विकास माथुर, यूएनसीपीयू के दिव्यांश गुप्ता सहित कई विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# समरावता उपद्रव प्रकरण में नरेश मीणा की जमानत पर सुनवाई टली

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने समरावता में हुए उपद्रव के मामले में आरोपी नरेश मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई 30 मई तक टाल दी है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश नरेश मीणा की द्वितीय जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान नरेश मीणा की ओर से अधिवक्ता महेश शर्मा ने कहा कि एसटी आयोग ने अपनी रिपोर्ट में माना है कि घटना में पुलिस ने ज्यादती की है। पुलिस ने लोगों को मौके पर जमा होने दिया और बाद में उन पर कार्रवाई कर दी। वहीं आयोग की सिफारिश पर प्रशासन ने पीड़ितों को मुआवजा भी दिया है। प्रकरण में याचिकाकर्ता पर हिंसा का आरोप नहीं है। वहीं जिन अन्य लोगों पर हिंसा का आरोप है, उनमें से कई जमानत पर रिहा हो चुके हैं। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मामले में गत 11 फरवरी को आरोप पत्र पेश हो चुका है और अदालत ने 14 फरवरी को उसकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। वहीं अब तक निचली अदालत में ट्रायल आरंभ होकर उस पर चार्ज नहीं लगे हैं। ऐसे में उसे जमानत दी जाए। जिसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया की एफआईआर और आरोप पत्र में याचिकाकर्ता पर स्पष्ट आरोप है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में और तथ्य पेश करने की गुहार करते हुए सुनवाई टालने की गुहार की। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई 30 मई को रखी है।

## डॉ. हरिशंकर आचार्य अध्यक्ष, अभय सिंह महासचिव निर्वाचित

**जयपुर।** पब्लिक रिलेशंस एंड एलाईड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) की कार्यकारिणी के चुनावों का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मियों के संगठन 'प्रसार' के अध्यक्ष पद पर डॉ. हरिशंकर आचार्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र कुमार मीना, मुख्यालय उपाध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर पारीक, महासचिव पद पर अभय सिंह और संयुक्त सचिव पद पर सुश्री अंजलिका पंवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया के उपरांत, प्रसार चुनाव कार्यालय ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और उन्हें संगठन के विकास एवं सुचारु संचालन में सक्रिय योगदान देने का आव्हान किया।

# पूर्व मंत्री महेश जोशी की जमानत पर टली सुनवाई

**जयपुर।** ईडी मामलों की विशेष कोर्ट में बुधवार को जल जीवन मिशन के करीब 900 करोड़ रुपए घोटाले से जुडे ईडी मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे पूर्व मंत्री महेश जोशी की जमानत अर्जी पर बहस शनिवार तक टल गई। ईडी की ओर से मामले में बहस के लिए समय मांगा गया। जिस पर कोर्ट ने उसे समय दे दिया। इससे पहले मंगलवार को महेश जोशी की ओर से बहस में कहा कि उसे केस में झूठा फंसाया गया है। एसीबी की एफआईआर और मामले में पेश चालान में उसका नाम नहीं है। ईडी ने मार्च, 2024 में उसे समन दिया था। जिसका जवाब ईडी को भेजा गया था। इसके बाद ईडी ने करीब एक साल तक कोई कार्रवाई नहीं की और पिछले दिनों उसे अचानक बुलाकर गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा ईडी ने अपनी रिपोर्ट में जिन 50 लाख रुपए का हवाला दिया है, वह जुलाई, 2023 में उसके बेटे की कंपनी ने लोन के रूप में लिया था और उसे लौटाया जा चुका है। वहीं मामले में अन्य आरोपियों की पहले ही जमानत हो चुकी है। उससे कोई रिकवरी नहीं हुई है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए

## भिनाय में औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि आवंटन की मंजूरी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित है। औद्योगिक निवेश से स्थानीय रोजगार बढ़ाने के साथ विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण फैसले किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए अजमेर की भिनाय तहसील स्थित ग्राम कनईकलां में 106 हैक्टेयर से अधिक भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है। राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड (रीको) को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 92 के तहत भूमि गैर प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए आवंटित की गई है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित होंगे और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

एक अन्य निर्णय के तहत मुख्यमंत्री शर्मा ने बारां जिले की अंता तहसील के ग्राम सोरसन में 765 केवी जीएसएस के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके तहत 39.17 हैक्टेयर भूमि को राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड को कीमतन आवंटित किया गया है। इसकी स्थापना से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण हो जाएगी।

## ईद-उल-अजहा 7 जून को मनाई जाएगी

**जयपुर।** देश के विभिन्न राज्यों में बुधवार शाम ईद-उल-अज़हा के चांद के दीदार हो गए जिसके बाद सात जून को बकरीद का त्योहार मनाने का मुस्लिम धर्मगुरुओं ने ऐलान किया। भारत में बकरीद 2025 में 7 जून को मनाई जाएगी। यह त्योहार पैगंबर इब्राहिम के बलिदान की याद में मनाया जाता है। दुनिया भर के मुसलमान साल के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक ईद-उल-अजहा की तैयारी कर रहे हैं, सऊदी अरब में 26 मई को अर्धचंद्राकार चांद दिखने के साथ ही 2025 में ईद-अल-अज़हा की सही तारीख तय हो गई है। ईद-उल-ज़ुहा या अज़हा या बकरीद, ईद उल फित्र के दो महीने नौ दिन बाद मनाई जाती है। इस्लामी कैलेंडर में 29 या 30 दिन होते हैं

## सावरकर जयंती पर मदन राठौड़ ने पुष्पांजलि अर्पित की

**जयपुर।** स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उदयपुर में भाजपा जिला कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और वीर सावरकर के स्वदेश प्रेम, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा के सिद्धांतों से प्रेरित होकर युवाओं से राष्ट्र निर्माण के प्रति भागीदारी का आव्हान किया। राठौड़ ने कहा कि स्वातंत्र्यवीर सावरकर का जीवन राष्ट्र के लिए संघर्ष, विचार और त्याग का प्रतीक रहा है। उनके आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। सावरकर ने जहाँ एक ओर स्वदेशी आंदोलन को आत्मसात किया, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सुधार, शिक्षा और आधुनिक भारत की नींव रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल प्रकृति से प्रेम नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक जिम्मेदारी है। वीर सावरकर ने हमें सिखाया कि राष्ट्रसेवा के मार्ग पर विचार, कर्म और साहस तीनों का संतुलन आवश्यक है। आज हम एक हरित और समर्थ भारत के संकल्प के साथ पौधारोपण कर रहे हैं। राठौड़ ने हरियाली के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संदेश देते हुए कहा कि भाजपा उदयपुर कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण का यह आयोजन केवल एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं है ,बल्कि यह एक सांस्कृतिक और वैचारिक आंदोलन का हिस्सा है।

# बालकों को ड्रग्स के कुप्रभावों की जानकारी देने के लिये प्रशिक्षण दिया

**जयपुर।** रालसा के तत्वावधान में एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय रीटा तेजपाल (जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय) की अध्यक्षता में नालसा द्वारा जारी स्कीम जागृति एवं डॉन के ऑरिएंटेशन सेशन का आयोजन किया गया। साथ ही आशा- बाल विवाह की रोकथाम की संचालन प्रक्रिया के संबंध में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में बाल विवाह रोकथाम तथा बाल विवाह हो जाने पर पीड़ित बालक-बालिका के पुनर्वास संबंधी विषयों पर तथा जमीनी स्तर पर आम व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित प्रत्येक योजना के बारे में जानकारी हो इस संबंध में विभागों से समन्वय कर आम जन को सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार पैरा लीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से करवाने के संबंध में संकल्प लिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर मेट्रो द्वितीय की सचिव (अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश) पल्लवी शर्मा ने बताया कि सेशन के दौरान दिए गए प्रशिक्षण में ड्रग्स न लेने के संबंध में तथा उसके कुप्रभावों की जानकारी देने के संबंध में विद्यालयों, कारागृह, गली मौहल्लों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाना तय



रालसा के तत्वावधान में एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय रीटा तेजपाल ( जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय ) की अध्यक्षता में नालसा द्वारा जारी स्कीम जागृति एवं डॉन के ऑरिएंटेशन सेशन का आयोजन किया गया।

किया गया तथा ड्रग एडिक्ट की पहचान कर उसे नशा मुक्ति केन्द्र में भिजवाए जाने की व्यवस्था करने और उसे समुचित रूप से पुनर्वासित करने के संबंध में कदम उठाने हेतु चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिता मुवाल सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग, जयपुर, मनमोहन नगर निगम हैरिटेज जयपुर, मुकुट सिंह उपायुक्त, नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर, विजय शर्मा डीसीपीयू जयपुर, जनार्दन कुमार आत्रेय चीफ एलएडीसीएस जयपुर महानगर द्वितीय, शिवरतन गोदारा, एसीपी शास्त्री नगर, जयपुर, पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम, रामनिवास शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जयपुर, सुनील कुमार सिंघल जिला शिक्षा अधिकारी जयपुर, सुरेश महरानिया अतिरक्त पुलिस आयुक्त उत्तर, जयपुर, संतोष कुमार मीणा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर दक्षिण जयपुर, रामकिशन बिश्णोई उपाधीक्षक एससी-एसटी सेल जयपुर ग्रामीण, दीपक खटाना उपखण्ड अधिकारी जयपुर उत्तर, बीपी चंदेल उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग शहर जयपुर, एक्शन एड एनजीओ के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# कार्रवाई से पूर्व सुनवाई का मौका देना है प्राधिकारी की बाध्यकारी ड्यूटी : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई करने या आदेश पारित करने से पूर्व उसे सुनवाई का मौका देना संबंधित प्राधिकारी की बाध्यकारी ड्यूटी है और वह इससे इनकार नहीं कर सकता। इसके साथ ही अदालत ने विद्यार्थी के नकल से जुड़े इस मामले में एनटीए और जेईई परीक्षा आयोजक को कहा है कि वह याचिकाकर्ता का पक्ष सुनकर नए सिरे से आदेश पारित करे। अदालत ने याचिकाकर्ता को कहा है कि वह एक सप्ताह में संबंधित प्राधिकारी के समक्ष पेश हो और प्राधिकारी उसका पक्ष सुनकर दो सप्ताह में नया आदेश जारी करे। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश माहिर बिश्नोई की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामले में याचिकाकर्ता को सुनवाई के अधिकार से वंचित किया गया है। वहीं उस पर लगाया गया दंड उसके करियर को बर्बाद कर देगा और आने वाले समय में यह कलंक उसके साथ रहेगा। इसके साथ ही उसे रोजगार पाने में भी बाधा उत्पन्न होगी।

याचिका में अधिवक्ता दीपक बिश्नोई ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने जेईई मेंस, 2025 की परीक्षा दी थी, लेकिन परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग करने का बताकर उसका परिणाम रोक लिया गया। वहीं उसे आगामी दो सत्रों की परीक्षा देने के लिए अपात्र घोषित कर दिया। याचिका में कहा गया कि परीक्षा कक्ष के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जबकि संबंधित प्राधिकारी ही इस साक्ष्य को लेकर स्पष्ट नहीं है। वहीं कार्रवाई से पहले न तो उसे नोटिस दिया गया और ना ही उसे सुनवाई का मौका मिला। जबकि नियमानुसार किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकूल फैसला देने से पहले उसे सुना जाना जरूरी है। दूसरी ओर एनटीए और परीक्षा आयोजक की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता परीक्षा के दौरान पास बैठे दूसरे अभ्यर्थी की कॉपी से नकल कर रहा था। दोनों अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका में उत्तर शब्दश: लिखे गए थे। यह सब सीसीटीवी में भी रिकॉर्ड हुआ है। ऐसे में उसे अनुचित साधन का उपयोग करने का आरोपी मानते हुए अगले दो सत्रों की परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित

# महिला डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

■ पिता के निधन के बाद से तनाव में थी, मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में महिला डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों ने मौत हो गई। मथुरा दास हॉस्पिटल के गर्ल्स हॉस्टल में डॉक्टर शव मिलने से दहशत फैल गई। डॉक्टर कविता वर्मा (31) यहां पीजी की तैयारी कर रही थी। मंगलवार रात उनके कमरे से बदबू आने पर दूसरी डॉक्टर्स ने प्रशासन को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़ा तो डॉक्टर कविता की बॉडी पलंग पर पड़ी मिली। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत दो दिन पहले हुई थी। परिवार ने बताया कि पिता के निधन के बाद से वो तनाव में थी। हालांकि, मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। सरकारी हॉस्टल में डॉक्टर की मौत की जानकारी के बाद देर रात पुलिस व अन्य अधिकारी मौके पर जांच में जुटे रहे।

शास्त्री नगर थाना पुलिस के अनुसार कविता सवाईमाधोपुर की रहने वाली थी। वो फीमेल हॉस्टल-9 की पांचवीं मंजिल पर रूम में रहती थी। उनके कमरे से बदबू आने लगी तो दूसरी डॉक्टर्स ने उनका गेट खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। डॉ. कविता के भाई वीरेंद्र व अन्य रिश्तेदारों ने बताया कि उनके पिता एलआईसी में एओ के पद पर थे।

करीब साढ़े तीन साल पहले उनकी ट्रेन से नीचे गिरने की वजह से मौत हो गई थी। उसके बाद से ही कविता परेशान रहने लगी थी। पढ़ाई में भी बैक आने से वो तनाव में रहती थी। रविवार रात को घरवालों से हुई बातचीत में वो सही लग रही थी। परिवार ने बताया कि कविता काफी इंट्रोवर्ट थी। पढ़ाई और पिता के निधन के कारण परेशान रहती थी। जानकारी के अनुसार डॉक्टर कविता 2014 बैच की स्टूडेंट थी। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि कविता को एमबीबीएस पूरी करने में नौ साल लग गए। मार्च में इंटर्नशिप पूरी हुई थी। इन दिनों वो यहीं हॉस्टल में रहकर 15 जून को होने वाली पीजी एग्जाम की तैयारी कर रही थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।


**Municipal Board Of Bagru (Jaipur)**

क्रमांकः– न.पा.ब./2025–26/366 दिनांक :– 27.05.2025

**:: E- Notice Inviting Bid ::**

Bid for Municipal Board Of Bagru For Works (01) Date 27.05.2025 invited form interested bidders Date 05.06.2025 Upto 6:00 AM Other particulars of the bid may be invited on the procurement portal, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state.

UBN CODE :- DLB2526WSOB06040

Executive officer Nagar palika Bagru

Raj.Samwad/C/25/3165

**कार्यालय नगर परिषद, चित्तौड़गढ़**

क्रमांक/SBM/2025–26/2088 दिनांक 27.05.2025

**ई–निविदा सुचना**

नगर परिषद द्वारा पंजीकृत/अनुभवी फर्मों से SBM अनुभाग के कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित राशि, निविदा विकय, प्राप्ति, अन्य शर्ते एवं जानकारी परिषद की वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर रखी जा सकती है। कार्य की अनुमानित व्यय 1944000/– रूपये है।

1. UBN DLB2526SLOB05965

राज.संवाद/सी/25/3186 आयुक्त, नगर परिषद चित्तौडगढ

**Office of the Superintendent Engineer and Project Manager WCDC, Karauli**

No. :- 525 Date :- 26/05/2025

**NOTICE INVITING BID**

**NIB No. : 09/2025-26**

Bids for anicut, pakka checkdam work Project MJSA 2.0 Phase – 1 Block – Shri Mahaveerji of estimated value INR 27.62 Lacs [ 01 Package] are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 05-05-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website.

NIB CODE :- WSC2526A0183

UBN NO. :- WSC2526WSRC00325

Raj.Samwad/C/25/3203 Superintending Engineer and Project Manager

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राज0)**

क्रमांकः नपजा/स्टोर/ई–टेण्डर/2025/1216 दिनांकः 15.05.2025

**–:: ई निविदा सूचना संख्या 01/2024–25 ::–**

यतः नगर परिषद, जालोर द्वारा निम्नलिखित कार्य/सामग्री की आपूर्ति हेतु माल एवं सेवाओं के उपापन के लिए दर संविदा वित्तीय वर्ष 2024–25 (दिनांक 31.03.2025) के लिए कार्य दर (रेट कान्टेक्ट) हेतु राजस्थान लोक सेवा उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के अन्तर्गत विभिन्न फर्मो, ठेकेदारो, अधिकृत डिलरों, अधिकृत डिलरों, पंजीकृत/प्राधिकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं/डिलरों से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डर प्रकिया के अन्तर्गत निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सम्पूर्ण विवरण/शर्त ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in/ व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी तथा डाउनलोड की जा सकती है।

UBN No. - DLB2526A1401

आयुक्त नगरपरिषद, जालोर

राज.संवाद/सी/25/3239

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लिग्नाईट, सी-स्कीम, जयपुर- 302005(राज.)

फोन नम्बर: (0141)2227938/2227710,2227715, फैक्स: (0141)2227360,2227761, E-mail: jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 28/05/2025

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.6(1)69/cc/2025/05 dated 27.05.2025 UBN No. MML2526SLOB00024 | कसनाऊ–मातासुख लिग्नाईट परियोजना, नागौर (पिन कोडः 341001) पर पाँच (05) बोलेरो –07 सीटर या समकक्ष वाहन (ए. सी. डीजल टैक्सी परमिट) मय वाहन चालक किराये पर लेने हेतु। (उपरोक्त वाहन का मॉडल वर्ष 2022 या उसके बाद का होना आवश्यक है) अनुमानित राशि–105.00 लाख, धरोहरराशि – 210,000/–, निविदा राशि – 4720/–(अहस्तान्तरणीय) (जीएसटी सहित) और रू. 2000/– (ई टेण्डर शुल्क एमडी, आरआईएसएल) |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/3196 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कोटा (राज.)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दादाबाड़ी परिसर, सरकारी आवास, ए-1, कोटा (राज0)

फोनः- 0744-2461550, Email:- eemhkota@ymail.com, ee-mh-kota@gov.in

क्रमांक :-116 **निविदा सूचना संख्या-03/2025-26** दिनांक :- 16.05.2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य विभिन्न चिकित्सालयों पर रू0 397.24 लाख के 02 विद्युत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकाके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट पर www.diprонline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| Sr. No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | (NRH2526WSOB00265) |
| 2 | (NRH2526WSOB00267) |

अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कोटा

DIPR/C/6657/2025

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त-करौली**

क्रमांक : 722 दिनांक : 20/5/2025

**निविदा सूचना संख्याः 01/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा सं. 19.00/2025-26 के तहत जिला करौली में अटल प्रगति पथ निर्माण कार्य दोष निवरण अवधि 10 वर्ष सी.सी. कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग मे पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

(जयलाल मीना) अधीक्षण अभियन्ता, सा0नि0वि0 वृत्त-करौली

DIPR/C/6492/2025

**कार्यालय नगरपालिका बाली (पाली) राज.**

Tel.- (02938)-222045 E-mail : municpalboardbali@yahoo.in

क्रमांक : न.पा.बा./2025–26/504 दिनांक : 26.05.2025

**–: संशोधित ई–बोली सूचना MB-03/2025-26 :–**

नगरपालिका बाली की ओर से वित्तिय वर्ष 2025–26 हेतु मान्यता प्राप्त पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों से ई–बोली द्वारा 28 कार्यो की ई–बोली सूचना आमंत्रित की गई थी। जिसमें प्रशासनिक कारणों से ई–बोली के दिनांक व समय में संशोधन किया जाता है। जो निम्नानुसार है। ई–बोली सूचना की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईड www.sppp.rajasthan.gov.in or www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Bid Online Download/ Submission Start Date & Time | 13.05.2025 समय 11.00 AM बजे से |
| Bid Online Download/ Submission End Date & Time | 02.06.2025 समय 2.00 PM बजे तक |
| Physically Submission of the D.D. For EMD Processing Fee/ Tender Fee | 02.06.2025 समय 5.00 PM बजे तक |
| Techanical Bid Opening Date & Time | 03.06.2025 समय 3.00 PM बजे तक |
| Financial Bid Open Date & Time | Will be Intimated to the Techanicaly Qualified Bidder |

राज.संवाद/सी/25/3166 अधिशाषी अधिकारी


# बजरी माफियाओं के हमले में घायल कॉन्स्टेबल की मौत

## 25 मई को बजरी माफिया ने ऑन ड्यूटी कॉन्स्टेबल सुनील को डंपर से कुचल दिया था, अस्पताल में भर्ती कराया था

■ गंभीर रूप से घायल कॉन्स्टेबल की 2 दिन इलाज के बाद 27 मई की रात को मौत हो गई

■ गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शव को अंतिम विदाई दी, पैतृक गांव लोहावट शव लेकर पहुंचे परिजन

■ पुलिस ने घटनाक्रम में चार लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें सरपंच पति हापूराम भी शामिल है

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में बजरी माफियाओं के हमले में घायल हुए कॉन्स्टेबल ने मंगलवार की रात उपचार के बीच अस्पताल में दम तोड़ दिया। 25 मई को बजरी माफिया ने ऑन ड्यूटी कॉन्स्टेबल को डंपर से कुचल दिया था। पेट और पैर के ऊपर से गाड़ी निकाल दी थी। गंभीर रूप से घायल कॉन्स्टेबल की 2 दिन इलाज के बाद 27 मई की रात को मौत हो गई।

अवैध बजरी खनन एवं परिवहन को लेकर माफियाओं हमले का शिकार हुए पुलिस कॉन्स्टेबल सुनील के शव का बुधवार दोपहर में मथुरादास माथुर अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। उसके बाद शव को पुलिस लाइन लाया गया, जहां पर पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने के साथ शव को अंतिम विदाई दी गई। शव को लेकर उसके परिजन मूल गांव लोहावट के लिए रवाना हो गए। शाम को राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। कॉन्स्टेबल सुनील के निधन होने के समाचार के बाद समूचे पुलिस विभाग में शोक की लहर छा गई थी। रविवार को लूणी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के समय अवैध बजरी डंपर चालक ने कुचल दिया था। वह बुरी तरह घायल हो गया था और दो दिन तक जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए उसकी मंगलवार की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने इस पूरे घटनाक्रम में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें सरपंच पति हापूराम भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार रविवार को लूणी थाना क्षेत्र के खेकाड़ली गांव की मूलजी की प्याऊ के पास पुलिस लाइन से चैतक ड्यूटी में तैनात सुनील खिलेरी ने एक बजरी से भरे डम्पर को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन चालक और उसके साथी डम्पर को भगाकर ले गए। जिस पर पुलिस ने पीछा भी किया और उसको रोका, लेकिन इसी दौरान डम्पर चालक ने रोकने के लिये डम्पर के आगे खड़े कॉन्स्टेबल को कुचलने हुए मौके से भाग छूटा। साथी कॉन्स्टेबल अशोक उसको तुरंत चेतक वाहन में डालकर एमडीएम अस्पताल लेकर पहुंचा था, जहां पर आला पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और उसके सघन इलाज की व्यवस्था की लेकिन दो दिन तक जिन्दगी और मौत तथा दो तीन छोटे बड़े आपरेशन के बावजूद उसकी जान नहीं बच पाई। प्रकरण में तीन लोगों की गिरफ्तारी बाकी है।

# हिस्ट्रीशीटर ने स्कॉर्पियो चढ़ाकर हैड कॉन्स्टेबल को मारने का प्रयास किया

■ हैड कॉन्स्टेबल और साथ वाले सिपाही ने जैसे-तैसे खुद को बचाया, स्कार्पियो में चार लोग सवार बताए जाते हैं

■ शहर के भदवासिया रोड पर पुलिस द्वारा की जा रही संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के दौरान हुई घटना, वीडियो वायरल

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के भदवासिया रोड पर पुलिस द्वारा की जा रही संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के समय स्कॉर्पियो चालक ने पुलिस के हैड कॉन्स्टेबल को मारने का प्रयास किया। उसे रूकने का इशारा किए जाने पर दो बार गाड़ी को रोका और फिर आगे पीछे करते हुए गाड़ी को भगाया। हैड कॉन्स्टेबल और साथ वाले सिपाही ने जैसे तैसे खुद को बचाया। स्कार्पियो में चार लोग सवार बताए जाते हैं। जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर शामिल है। बाकी अन्य को भी नामजद किया गया है। घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज और वीडियो वायरल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार माता का थान पुलिस थाने के हेड कॉन्स्टेबल प्रतापराम और साथी सिपाही मंगलवार को भदवासिया रोड पर संदिज्ध वाहनों की चैकिंग में लगे हुए थे। तब एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो को संदिग्ध मानकर उसे रूकने का इशारा किया। उसके चालक ने गाड़ी को अचानक से हेड कॉन्स्टेबल के समीप लाकर रोका और फिर दो-तीन मीटर तक गाड़ी को लेकर चला गया। वहां रूकते देखते हेड कॉन्स्टेबल प्रतापराम और साथी पीछे गए तब चालक ने फिर से गाड़ी को बैक किया। इस पर प्रतापराम ने खुद को बचाया। इसके बाद फिर से गाड़ी को आगे तकरीबन 10-12 मीटर तक चलाया और फिर बैक लेकर हेड कॉन्स्टेबल प्रतापराम और साथी सिपाही को कुचलने का प्रयास किया। मगर उन्होंने पीछे हटकर अपनी जान बचाई। इसके बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी को तेजी से भगा ले गया। इसमें सवार व्यक्तियों की पहचान राहुल कच्छवाह, गौरव चौहान, नीरज और सुनिल उर्फ बाडा चौहान के रूप में की गई है। इनके खिलाफ माता का थान थाने में राजकार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें एक आरोपी माता का थान थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है।

# 117 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत जारी हिंदी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषय की विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से 117 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। आयोग द्वारा इन अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर जारी कर ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना तथा संबंधित अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग की उप सचिव चित्रा जैनानी ने बताया कि अंतिम अवसर के तहत ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का लिंक 30 मई को खोला जाएगा जो कि 2 जून 2025 तक ही सक्रिय रहेगा।

# हवालात से हथकड़ी सहित गोलीकांड का संदिग्ध आरोपी फरार

■ प्रकरण में लापरवाही बरतने पर एसपी ने खेड़ली मोड़ थाना प्रभारी रामनिवास मीणा को लाइन हाजिर कर जांच कमेटी गठित कर दी

■ छौंकरवाडा कलां अचार व्यापारी गोलीकाण्ड में पकड़ा गया था संदिग्ध आरोपी

**हलैना,** (निसं)। जयपुर नेशनल हाइवे-21 स्थित भुसावर उपखण्ड क्षेत्र में खेड़ली मोड़ थाना से पुलिस को चकमा देकर गांव छौंकरवाडा कलां अचार व्यापारी गोलीकाण्ड में पकड़ा गया संदिग्ध आरोपी हाथों में हथकड़ी लगे ही फरार हो गया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। प्रकरण में लापरवाही बरतने पर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने खेड़ली मोड़ थाना प्रभारी रामनिवास मीणा को लाइन हाजिर कर जांच कमेटी गठित कर दी।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि जयपुर नेशनल हाइवे-21 पर बाइक सवार अज्ञात तीन बदमाशों ने शनिवार-रविवार की रात गांव छौंकरवाड़ा कलां पर इसी गांव निवासी अचार विक्रेता देवनारायण जाटव पुत्र चरन जाटव को गोली मार दी, जिससे विक्रेता घायल हो गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में गांव पथैना निवासी सुरजीत सिंह को हिरासत में ले रखा था, जो संदिग्ध आरोपी था, जिससे थाना पर पूछताछ जारी थी, जो बुधवार को तड़के में अंधेरे का लाभ उठाते हुए पुलिस को चकमा देकर हवालात से हथकड़ी लगे भाग गया। सूचना पर जिले में नाकाबंदी कराई और संदिग्ध आरोपी के गांव पथैना सहित अनेक गांवों में दबिश दी, लेकिन संदिग्ध आरोपी पकड़ में नहीं आया।

लाइन हाजिर हुए थाना प्रभारी रामनिवास मीणा से जब पूछा कि क्या हवालात से आरोपी फरार हो गया है, इस थाना प्रभारी मीणा का जवाब था कि कहां जायेगा आरोपी, उसे जल्द पकड़ लेंगे। पुलिस से भागा आरोपी कभी सुरक्षित बच नहीं सकता है। संदिग्ध आरोपी सुरजीत सिंह निवासी पथैना ने हवालात से भाग कर स्वयं को सिद्ध कर दिया कि वह छौंकरवाडा कलां व्यापारी गोलीकाण्ड के अज्ञात आरोपी से मिला हुआ है।

# युवक का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

■ पुलिस ने 12 घंटे में अपहरण हुए युवक को मुक्त कराया, 25 लाख की फिरौती मांगी थी

■ पुलिस के मुताबिक रुपए के लेनदेन को लेकर युवक का अपहरण किया था



रामगंज थाना पुलिस ने फिरौती के लिए युवक का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना पुलिस ने फिरौती के लिए घर के बाहर से युवक का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 12 घंटे अंदर के अपहरण हुए युवक को मुक्त करा लिया, जबकि मामले में अपहरणकर्ता का साथी एक आरोपी फरार है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 25 लाख रुपए की फिरौती के लिए रामगंज थाना क्षेत्र से एक युवक के अपहरण का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर युवक को सुरक्षित छुड़ा लिया। एएसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मामलमे में साथी आरोपी फरार है, पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी है। एएसपी जांगिड़ ने बताया कि पीड़ित अजय नगर निवासी चंद्रप्रकाश लखानी ने रामगंज थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका बेटा अक्षय लखानी 26 मई को घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। उसी दौरान परिवार के पास एक कॉल आया, जिसमें अक्षय के अपहरणकर्ताओं ने उसको जान से मारने की धमकी दी और 25 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। कार्रवाई करते हुए टीम ने तकनीकी निगरानी व सूचना तंत्र के माध्यम से अक्षय की लोकेशन ट्रेस की। पुलिस को पता चला कि आरोपी अक्षय को कायड़ गांव की ओर ले गए हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने जयपुर-अजमेर हाइवे के पास से अक्षय लखानी को दस्तयाब कर लिया और मुख्य आरोपी राजपाल सिंह राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक रुपए के लेनदेन को लेकर युवक का अपहरण किया गया था।

अक्षय साउथ अफ्रीका में काम करता था, जहां पर उसके साथ दिनेश माहेश्वरी से रुपए के लेन देन को लेकर विवाद था। दिनेश ने रुपए लेने के लिए साउथ अफ्रीका से अजमेर कुंदन नगर निवासी देवेंद्र और रामगंज निवासी राजपाल से संपर्क किया था। इस लेनदेन के रुपए लेने के लिए दोनों का भी हिस्सा था। अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के रुपए लेने के लिए जयपुर में एक मेडिकल स्टोर पर अनीष चौधरी को भेजा था, लेकिन अनीष को यह नहीं पता था कि रुपए किस बात के लिए जा रहे हैं। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

# दुष्कर्मी गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (निसं)। पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहित कुमार (21) के रूप में हुई है। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 26 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मोहित कुमार उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर**

एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)

Phone No. no. No 02979-283624, E-mail. eephedscr@gmail.com

क्रमांक-अ.अ./जन स्वा./ सॉ/ निविदा/2025-26/697 दिनांक-16/5/25

**ई-निविदा सुचना संख्या- 04/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Construction And Commissioning Of All Type Of Tube Wells under division Sanchore |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में) | कुल निविदा 01 रु. 105.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 19.05.2025 से 02.06.2025 को 13.00 बजे तक |
| निविदाएँ खोलने की तिथी व समय | 03.06.2025 को 11.00 बजे से |
| UBN No | PHE 2526 WSRC 02442 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सॉचौर

DIPR/C/6663/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड उदयपुर**

क्रमांकः-टीएस/D-03 दिनांक :- 19.05.2025

**निविदा सूचना संख्याः 03/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युत कार्य. (4) अनुमानित राशि 208.25 लाख मे दोष निवारण एवं उनके सुधार (मय डी.एल.पी अवधि) शर्त सहित निविदा प्रपत्र में अंकित क्रसं 4 के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग में लिफ्ट कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको के अतिरिक्त मुल निर्माता कम्पनी या उनके अधिकृत डिलर्स एवं समान कार्य में अनुभवी फर्म (with OEM Authorization) एवं Annexure-III में वर्णीत समस्त संवेदक भाग ले सकेंगे व क्रसं 1,2 व 3 के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी एवं उप श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निर्धारित प्रपत्र में निविदा दिनांक 31.05.2025 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp व www.eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल http://sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर अपलोड किये जोयंगें।

NIB code:- PWD2526A0652

UBN:- PWD2526WSOB01969, PWD2526WSOB01971, PWD2526WSOB01983, PWD2526WSOB01984

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि विद्युत खण्ड उदयपुर

DIPR/C/6751/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड उदयपुर**

क्रमांक :-412 दिनांक :-20.05.2025

**NIT No. 03/2025-26**

**Notice Inviting Bid No. PWDA0688**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगर खण्ड उदयपुर के अधीन उपखण्ड चतुर्थ के अन्तर्गत भवन निर्माण/भवन सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष से पांच वर्ष की गारण्टी अवधि सहित निम्न कार्यों की निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | भवन कार्य-कुल 01 (एक) कार्य |
| निविदा की कुल लागत | राशि रू. 121.85 लाख |
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एंव अपलोड करने की तारीख | 23.05.2025 प्रातः 9.30 बजे से 01.06.2025 सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 03.06.2025 सांयः 4.00 बजे से |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "http://dipr.rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" तथा "sppp.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया "http://eproc.rajasthan.gov.in" पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

UBN NO.- 1. PWD2526S0B02088

(आर. के. मुदंडा) अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड उदयपुर

DIPR/C/6761/2025

**कार्यालय, अधीक्षक, सामूहिक चिकित्सालय संघ, अजमेर**

क्रमांक-687/लेखा-8/ जलानेचि/2025 दिनांक-14/5/25

**ई-बिड सूचना**

**UBN- MCA2526GLOB00028**

ज0ला0ने0 चिकित्सालय, अजमेर केन्द्रीय भण्डार के NRD औषधियों की मांग पूर्ति हेतु NRD औषधियों का क्रय (अनुमानित लागत 02.00 करोड) बोनाफाईड विनिर्माता / प्राधिकृत डीलर/विपणन एजेण्ट/थोक विकेता आदि से ई-बिड आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली की शर्तें एवं बोली दस्तावेज को वैवसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा कर बिड प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

| S.No. | Schedule | Detail |
|---|---|---|
| 01 | Estimated cost | Rs. 200.00 Lacks |
| 02 | Tender Fees | Rs. 5000/- |
| 03 | RISL Processing Fees through e-Gras Challan | Rs. 2000/- |
| 04 | Earnest Money Deposit 2% | Rs. 04.00 Lakh (Four Lacks) |
| 05 | Bid Publishing Date & Time | 15/5/25 at 12:00 PM |
| 06 | Document Download Date and Time | 15/5/25 at 01:00. NOON |
| 07 | Pre-Bid Meeting | 20/5/25 at 12.00 PM |
| 06 | Document Upload Date and Time | 21/5/25 at 02.09M |
| 07 | Bid submission Date & Time | 10/6/25 at 03.00. PM |
| 08 | Physical Tender Fees, Processing Fees Challan Copy Submission Date, Time & Venue | On or Before 10/6/25 Till 04.00 PM Office of The Superintendent, Associated Group of Hospitals, Ajmer |
| 09 | Technical Bid Opening Date | 11/6/25 at 04.00 PM |

अधीक्षक सामूहिक चिकित्सालय संघ, अजमेर

DIPR/C/6589/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-जमवारागगढ़**

क्रमांक :- 237 दिनांक :- 15.05.2025

**ई-टेन्डिरिंग सूचना संख्या 02/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A. Additional Performance Security. (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Banker's Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.)

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | Tentage Work for VIP Visits in PWD Division Jamwa Ramgarh (Rate Contract) |
| अनुमानित लागत | राशि रु. 151.92 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रूपयों में) | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन /डाउनलोड़ करने की तारीख | सोमवार, 19 मई, 2025 प्रातः 9.30 बजे से बुधवार, 28 मई 2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | सोमवार, 19 मई, 2025 प्रातः 9.30 बजे से बुधवार, 28 मई 2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | शुक्रवार, 30 मई, 2025 को साय 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क- 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 41486 |

UBN No:- PWD2526WSOB01754

(गजानन्द मीणा) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड-जमवारागगढ़ (जयपुर)

DIPR/C/6549/2025

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

माध्यमिक, माध्यमिक व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षा-2025 की उत्तर-पुस्तिकाओं की संवीक्षा एवं उत्तर-पुस्तिकाओं की स्केन फोटो प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु परीक्षार्थियों के सूचनार्थ

माध्यमिक, माध्यमिक व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षा-2025 का परिणाम दिनांक 28.05.2025 को घोषित किया गया है। संवीक्षा एवं उत्तर-पुस्तिका की स्केन फोटो प्रति प्राप्त करने हेतु बिना विलम्ब शुल्क दिनांक 04.06.2025 एवं विलम्ब शुल्क सहित दिनांक 07.06.2025 तक ई-मित्र पर अथवा स्वंय के स्तर पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी, नियम, निर्देष, शर्ते व आवेदन पत्र प्रारुप/प्रक्रिया आदि बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर एवं दिनांक 22.05.2025 को अपलोड की गई विज्ञप्ति में देखे। सचिव

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

माध्यमिक परीक्षा-2025 की उत्तर-पुस्तिकाओं की संवीक्षा एवं उत्तर-पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु व माध्यमिक परीक्षा के गणित विषय में पुनः जांच (Re-Examination) के सम्बन्ध में परीक्षार्थियों के सूचनार्थ

माध्यमिक परीक्षा-2025 में प्रविष्ठ हुए सभी परीक्षार्थी, परीक्षा परिणाम घोषणा तिथि से 07 दिवस में एवं उसके पश्चात् आगामी 03 दिवस में विलम्ब शुल्क से उत्तर पुस्तिका की संवीक्षा कराने एवं संवीक्षा उपरान्त स्कैन प्रति प्राप्त करने हेतु बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर SCRUTINY-2025 लिंक पर नियत तिथि तक (स्वप्रमाणित आई.डी. अपलोड कर) ई-मित्र अथवा अभ्यर्थी स्वंय के स्तर से बोर्ड वेबसाईट पर सीधे ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। सीधे आवेदन करने पर शुल्क नेट बैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड से तथा ई-मित्र से आवेदन करने पर शुल्क (सेवा शुल्क सहित) ई-मित्र पर जमा कराना होगा। विस्तृत जानकारी बोर्ड वेबसाईट से ली जा सकती है।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1957 के तहत बने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विनियम 1957 के अध्याय 16 नियम (13) (5) के प्रावधान अनुसार संवीक्षा में उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनःजांच (Re-examination) करना समाविष्ट नहीं है। संवीक्षा के अंतर्गत उत्तर पुस्तिका में प्रदत्त अंकों के योग में भिन्नता, अन्दर-बाहर (केजिंग) में भिन्नता, योग में त्रुटि, किसी प्रश्न में अंक नहीं दिये गये हों, उत्तर पुस्तिका/अंकतालिका में प्रदत्त अंकों में भिन्नता आदि त्रुटियों का निवारण करने की दृष्टि से की जाती है। परन्तु उक्त विनियम में संशोधन कर वर्ष-2025 की माध्यमिक परीक्षा के गणित विषय में पुनः जांच (Re-examination) कराने का प्रावधान किया गया है।

अन्तिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों को क्रमबद्ध/पंजीकरण कर SMS द्वारा परीक्षार्थी के प्रार्थना-पत्र में अंकित मोबाईल नं. पर पंजीकरण संख्या एवं आवेदित विषयों की सूचना अन्तिम दिनांक के पश्चात दी जावेगी। संवीक्षा की नियत प्रकिया पूर्ण कर प्रतिदिन निस्तारित प्रकरणों का परिणाम/आवेदित विषय की उत्तर-पुस्तिका वेबसाईट पर दिये लिंक पर अपलोड कर आवेदित मोबाईल नं. पर SMS द्वारा 'Password' उपलब्ध करवाया जावेगा। परीक्षार्थी अपनी उत्तर-पुस्तिका ऑनलाईन देखकर डाउनलोड/प्रिन्ट कर सकेगें। ऑनलाईन आवेदन पत्र में परीक्षार्थी अपना स्वयं का सही मोबाईल नम्बर व ई-मेल अंकित करें। मोबाईल नं. व ई-मेल गलत अंकित करने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगा। एक मोबाईल नम्बर व ई-मेल को एक बार ही प्रयुक्त किया जा सकेगा। ई-मित्र कियोस्क धारक का मोबाईल नम्बर/ई-मेल दर्ज करना अनुचित एवं नियम विरूद्ध माना जावेगा।

सभी विषयों में संवीक्षा परिणाम का संदेश प्राप्त होने की तिथि से निर्धारित 05 दिवस की अवधि में उ.पु. का अवलोकन कर यदि कोई आपत्ति हो तो निकटतम ई-मित्र द्वारा अथवा सीधे आवेदन-पत्र भरकर/प्रमाण संलग्न कर निर्धारित शुल्क रू. 100/- प्रति विषय के साथ में ऑनलाईन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें।

वर्ष-2025 में माध्यमिक परीक्षा के गणित विषय में पुनः जांच (Re-Examination) का प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी गणित विषय में संवीक्षा उपरान्त आपत्ति/पुनः जांच (Re-Examination) करवा सकता है। आपत्ति शुल्क रुपये 100/-प्रति विषय तथा पुनः जांच (Re-Examination) शुल्क रुपये 100/-प्रति प्रश्न रहेगा। पुनः जांच (Re-Examination) हेतु आवेदन पत्र में प्रश्न संख्या व पृष्ठ संख्या अनिवार्य रुप से अंकित करें। संवीक्षा परिणाम के SMS/E-mail भेजने की तिथि से 05 दिवस की निर्धारित अवधि में ही आपत्ति/पुनः जांच (Re-Examination) हेतु ऑनलाईन ही आवेदन किये जा सकेगें। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें।

नोट : 1. विस्तृत जानकारी, नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन पत्र प्रारूप/प्रक्रिया आदि बोर्ड वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2. समस्त परीक्षाओं के परिणाम घोषणा दिवस से उक्त निर्धारित समयावधि में आवेदन किया जा सकता है। 3. निर्धारित तिथि के बाद व डाक से प्राप्त आवेदन-पत्र व आपत्ति स्वीकार्य नहीं होंगी। 4. किसी भी प्रकार की जानकारी/आवेदक अपने संवीक्षा की वर्तमान STATUS की जानकारी बोर्ड वेबसाईट पर 'SCRUTINY-2025' लिंक पर प्राप्त की जा सकती है। 5. एक परीक्षार्थी को आवेदन हेतु एक ही अवसर देय होगा। अतः एक बार ही आवेदन में वांछित सभी विषय (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक) अंकित करें। 6. संवीक्षा/आपत्ति/पुनः जांच (Re-Examination) में अंकों में कमी अथवा वृद्धि के उपरान्त परिणाम/अंकों में संशोधन होगा तदनुसार परिणाम/संशोधित अंक प्रभावी होगे एवं उसी अनुरुप संशोधित अंकतालिका जारी की जायेगी। 7. संवीक्षा उपरान्त आवेदित विषय/विषयों में अंक परिवर्तन होने अथवा नहीं होने की किसी भी स्थिति में संवीक्षा प्रक्रिया शुल्क लौटाया नहीं जायेगा। सचिव

# मां की किडनी बेटी में ट्रांसप्लांट होते ही महज दो घंटे में करने लगी काम

## 84 वर्षीय बुजुर्ग मां ने दिया 50 वर्षीय अपनी बेटी को दिया जीवनदान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में एक 84 वर्षीय मां ने अपनी 50 साल की बेटी को किडनी दान कर उसे मौत के मुंह से निकाल लिया। बेटी गुड्डी देवी कई महीनों से क्रॉनिक किडनी डिजीज से जूझ रही थी और उनकी जिंदगी डायलिसिस मशीन पर टिकी थी। परिवार में उपयुक्त डोनर न मिलने पर जब




पीड़ित गुड्डी देवी

उम्मीद की सारी राहें बंद होने लगीं, तब भरतपुर की रहने वाली बुजुर्ग मां बुधी देवी ने खुद आगे आकर बेटी को किडनी देने की इच्छा जताई। डॉक्टरों की टीम पहले तो चौंकी, मगर फिर काउंसलिंग और मेडिकल जांचों के बाद पाया गया कि 84 वर्षीय बुधी देवी की किडनी ट्रांसप्लांट के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। मामला बीते रविवार को डॉ. नीरज अग्रवाल और उनकी टीम ने यह

- **एसएमएस अस्पताल में हुआ देश का सबसे उम्रदराज किडनी डोनर ट्रांसप्लांट**
- **डॉक्टरों का दावा देश में पहली बार इतनी उम्र में हुआ सफल प्रत्यारोपण**

ऐतिहासिक ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉक्टरों के मुताबिक ट्रांसप्लांट के महज दो घंटे के भीतर ही मां की किडनी ने बेटी के शरीर में काम करना शुरू कर दिया। फिलहाल मां-बेटी दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और अस्पताल से छुट्टी मिलने की ओर अग्रसर हैं।

### मां बोलीं बेटी को तड़पता नहीं देख सकती थी

भावुक बुधी देवी ने कहा कि जब डॉक्टरों ने कहा कि कोई डोनर नहीं मिल रहा, तो मुझे लगा कि अगर मेरी किडनी से मेरी बेटी की जान बच सकती है। ऐसे में इससे बड़ा सौभाग्य मेरे लिए और क्या हो सकता है कि उसकी किडनी डोनेट करने से बेटी की जान बच सकती है। उनके इस जज्बे ने पूरे मेडिकल स्टाफ को भी भावविभोर कर दिया।

### देश का पहला मामला, जब 84 साल की महिला ने दिया किडनी दान

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह भारत में अपनी तरह का पहला मामला है, जब इतनी उम्रदराज महिला ने सफलतापूर्वक किडनी डोनेट की है।



**जयपुर के सवाई मानसिंह ( एसएमएस ) अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों ने एक 84 वर्षीय मां की किडनी को उसकी 50 साल की बेटी को ट्रांसप्लांट किया।**

इससे पहले 79 वर्षीय दादी ने अपने पोते को किडनी दान की थी, लेकिन 84 साल की उम्र में ऐसा उदाहरण पहली बार सामने आया है।

### अब तक 793 सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर चुका है एसएमएस हॉस्पिटल

एसएमएस अस्पताल का नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग अब तक 793 किडनी ट्रांसप्लांट कर चुका है, जिनमें 702 लाइव डोनर और 91 ब्रेन-डेड डोनर के मामले शामिल हैं।

विभाग के एचओडी डॉ. धनंजय अग्रवाल के अनुसार यह ट्रांसप्लांट मेडिकल इतिहास में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

## औद्योगिक शिविर का आयोजन आज

**जयपुर।** राजस्थान वित्त निगम द्वारा शुक्रवार को प्रातः शाखा कार्यालय जयपुर (सेन्ट्रल) सी-96. जगन पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम में एक औद्योगिक शिविर आयोजित किया जाएगा।

निगम के उप प्रबंधक सत्यवान सिंघल ने बताया कि शिविर में निगम द्वारा 45 वर्ष से कम आयु के सीनियर सैकेण्डरी स्नातक, डिप्लोमाधारी, तकनीकी स्नातक युवाओं को उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 6 प्रतिशत की ब्याज में छूट की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी तथा युवा उद्यिमता प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत युवा उद्यमी से आवेदन शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क भी नहीं लिया जायेगा। इस कैम्प में ऋण आवेदन पत्रावलियां तैयार करवाकर मौके पर ही स्वीकार की जायेंगी।

उन्होंने बताया कि युवा उद्यिमता प्रोत्याहन योजना के अन्तर्गत 45 वर्ष से कम आयु के सीनियर सैकेण्डरी, स्नातक, डिप्लोमाधारी, तकनीकी स्नातक युवाओं को ब्याज सवर्मेशन की लिमिट को ऋण राशि 150 लाख से बढ़ाकर 200 लाख की गई है। गुड बारोबर स्कीम में पुर्नभुगतान समय को 5 वर्ष से बढ़ाकर 7 वर्ष किया गया है। दस करोड से अधिक के ऋण के लिए एप्लीकेशन फीस अधिकतम एक लाख रूपये की गई है।

प्रोसेसिंग चार्जेज 0.50 प्रतिशत से घटाकर 0:25 प्रतिशत किया गया है। फ्लैक्सी योजना के अन्तर्गतत पात्रता ऑपरेटिव डीलिंग 4 वर्ष घटाकर 3 वर्ष एवं पलैक्सी योजना में ब्याज दर को 10.75 प्रतिशत से घटाकर 10.25 प्रतिशत किया गया है। सरल स्कीम के अन्तर्गत पूर्व में भूमि व भवन की ऋण की पात्रता 60 प्रतिशत थी जिसे बढाकर 70 प्रतिशत किया गया है।

## सार-समाचार

### अवैध एमडी (मेफेड्रोन) सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार



**जयपुर।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) राजस्थान के जयपुर सेल के अधिकारियों ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए स्टेशन रोड जयपुर रेलवे स्टेशन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी के दौरान 150 ग्राम अवैध एमडी (मेफेड्रोन) बरामदकर उसे गिरफ्तार कर किया गया है। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया कि सीबीएन को एक विशेष सूचना मिली की एक व्यक्ति जयपुर रेलवे स्टेशन के निकट स्टेशन रोड पर आपूर्ति के लिए अवैध एमडी (मेफेड्रोन) ले जा रहा है। उन्होंने इस कार्यवाही के लिए (सीबीएन) जयपुर के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और उस संदिग्ध व्यक्ति को जयपुर रेलवे स्टेशन के निकट स्टेशन रोड पर रोक कर सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके स्पोर्ट्स शूज के सोल के नीचे दो पॉलीथिन बैग में छिपाकर रखा हुआ 150 ग्राम वजन का अवैध एमडी (मेफेड्रोन) बरामद किया गया। टीम ने अवैध एमडी (मेफेड्रोन) को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत जब्त कर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

### मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** अशोकनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 9.13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक भी जब्त की है। फिलहाल आरोपी तस्कर महिला से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर रजनी निवासी भोजपुरा कच्ची बस्ती सहकार मार्ग जयपुर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से 9.13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपित महिला से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# गबन करने वाला कंपनी अकाउंट मैनेजर गिरफ्तार

**जयपुर।** सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कंपनी के अकाउंट मैनेजर को 2 करोड़ 37 लाख रुपये के गबन मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपी अकाउंट मैनेजर ने कंपनी का पैसा अपने रिश्तेदारों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कंपनी में 2 करोड़ 37 लाख रुपये के गबन मामले कंपनी अकाउंट मैनेजर अजय कुमार शर्मा उर्फ हेमराज शर्मा (34) निवासी बगरू को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपित अजय कुमार लंबे समय से सत्यम पॉलीप्लास्ट में अकाउंट्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। उसने कंपनी के खाते में आए पैसों को अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थानाधिकारी उदयसिंह ने बताया कि 26 मई को सत्यम पॉलीप्लास्ट फर्म के पार्टनर आशीष अग्रवाल ने थाने में



**सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कंपनी के अकाउंट मैनेजर को 2 करोड़ 37 लाख रुपये के गबन मामले में गिरफ्तार किया है।**

मामला दर्ज करवाया था कि फर्म के अकाउंट्स मैनेजर अजय कुमार शर्मा ने विश्वासघात करते हुए करीब 2.37 करोड़ रुपए का गबन कर लिया। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को पकडा है।

## विधायक सराफ ने सपत्नी किए परिंडे भेंट

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक एवं यस सोसाइटी के संरक्षक कालीचरण सराफ ने सपत्नीक अलका सराफ के साथ वर्ल्ड ट्रेड पार्क के सामने लैंडस्केप गार्डन में आमजन को परिंडे वितरित किये। यस सोसाइटी के अध्यक्ष आशीष सराफ ने बताया कि इस बार भी हमारी सोसाइटी द्वारा पक्षियों के पानी पीने के लिए 1000 परिंडा वितरित किए जाएंगे जिसकी शुरुआत जवाहर सर्किल से की थी, इसी क्रम में सेंट्रल पार्क, नेहरू गार्डन में आमजन को परिंडे वितरित किए गए। सराफ ने बताया की गर्मी में बेजुबान पक्षी पानी के लिए तरसते हैं हर व्यक्ति अपने घर में एक परिंडा जरूर लगाये, एस सोसाइटी के द्वारा परिंडे वितरित किए जा रहे हैं एवं आमजन के द्वारा इनमें पानी एवं पक्षियों के लिए दाने की व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम में यस सोसाइटी की टीम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सक्रिय दिखी। परिंडा वितरण के दौरान यस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष तपन गुप्ता ,जगन्निधी जत्ती , रोहित अजमेरा, ललित हरीश खड़िया, मोहित मूलचंदानी, उमा शर्मा, दीनदयाल सैनी, प्रेम बड़ेतीया, राजेश कुमावत, मनीष जैन,फतेहसिंह ,जेनु सैनी, दिवांशु मौजूद थे।

# जेल से बंदियों को फरार कराने की योजना बनाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** लाल कोठी थाना पुलिस ने जेल से बंदियों को फरार कराने की योजना बनाने वाले सहित पैसा देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने दोनों बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड प्राप्त कर पूछताछ करने में जुटी है। अब तक पुलिस ने इस मामले में पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जयपुर जेल में बंद चार बंदियों को एसएमएस अस्पताल जयपुर में रेफर करने में मदद करने वाले जेल में बंद कैदी आनन्दीलाल उर्फ नंदलाल निवासी जमवारामगढ जयपुर को जेल से गिरफ्तार किया हैं।

साथ ही जयपुर जेल में बंद रफीक व भंवरलाल को एसएमएस में रेफर के बदले बीस हजार रुपए ऑन लाइन लिया गया। यह पैसा रफीक और भंवरलाल के परिवार से लेकर आलिम खान निवासी भट्टा बस्ती ने आनंदीलाल तक पहुंचाया,जिसे भी पकड़ कर लिया गया है।

पुलिस ने दोनों बदमाशों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी हैं। रिमांड



**लाल कोठी थाना पुलिस ने जेल से बंदियों को फरार कराने की योजना बनाने वाले सहित पैसा देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं।**

पर लिए गए आनंदीलाल और आलिम खान दोनों जेल के अंदर और बाहर व्यवस्था कराने का काम किया करते थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि 24 मई को मुखबिर से सूचना मिली की केन्द्रीय कारागार से जो बदमाश उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल जयपुर में आ रहे है उनके फरार होने की योजना है। जिस पर सीआई एसएमएस अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। जहां जेल से उपचार के लिए आये रोगियों के बारे में जांच की गई तो पता चला कि पांच रोगी एसएमएस में उपचार के लिए आए थे। लेकिन वहीं गायब हैं मिल नहीं रहे। जानकारी जुटाई गई तो रोगियों के नाम सामने आये जिस में रफीक उर्फ बकरी निवासी न्यु संजय नगर कच्ची बस्ती थाना भट्टा बस्ती जयपुर, भंवर लाल निवासी जोबनेर जिला जयपुर, अंकित बंसल निवासी सीटी सोनी पंथ जिला हरियाणा और करण गुप्ता निवासी महेश नगर है।

साथ की जानकारी मिली की जयपुर पुलिस गार्ड जो रोगियों को जेल से लेकर आई वह भी गायब हो गई हैं। जिस पर टीम एक्टिव की गई तो पता चला कि रफीक उर्फ बकरी और भंवरलाल जालूपुरा में एक होटल में गार्ड के साथ मिले और अंकित बंसल व करण गुप्ता एयरपोर्ट थाना इलाके में एक होटल से मिले। जिस के बाद लालकोठी थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। जिस पर जांच अधिकारी ने कुल तेरह लोगों को गिरफ्तार किया। जिस में चार कैदी, पांच पुलिसकर्मी, चार प्राइवेट महिला और पुरुष शामिल थे।

# बैंक लोन खाते के फोरक्लोजर में ग्राहक से अवैध राशि वसूली

## आयोग ने लगाया 6.31 लाख रुपए का हर्जाना

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने ग्राहक के लोन खाते के फोरक्लोजर में उससे अवैध राशि वसूलने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस मानते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक पर 6.31 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है।

इसके साथ ही ग्राहक से वसूल की गई 33,160 रुपए की राशि 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य सुप्रिया अग्रवाल ने यह आदेश राजेन्द्र कुमार गोयल के परिवाद पर दिया।

परिवाद में आयोग को बताया कि परिवादी ने अपनी प्रॉपर्टी पर विपक्षी बैंक से आठ लाख रुपए का लोन मांगा था।

जिसमें से बैंक ने उसे 7,40,915 रुपए दिए। लोन देते समय विपक्षी बैंक ने यह नहीं बताया कि समय पूर्व लोन पूरा करने पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क या अन्य कोई चार्ज लगेगा। जब परिवादी ने समय पूर्व लोन राशि अदा कर दी तो बैंक ने उससे फोरक्लोजर लेटर के लिए 590 रुपए चार्ज किए। वहीं फोरक्लोजर चार्ज के नाम पर लोन राशि का तीन फीसदी रकम अलग से वसूल ली और 15 जनवरी 2019 तब उससे 33,160 रुपए अवैध तरीके से वसूले गए।

परिवादी की ओर से इसे उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए विपक्षी बैंक से लोन फोरक्लोजर के लिए वसूली गई राशि ब्याज दिलाने की गुहार की। इसके जवाब में बैंक ने कहा कि परिवादी से लोग एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार ही शुल्क वसूली गया है।

परिवादी ने लोन की एनओसी लेने के करीब डेढ़ साल बाद परिवाद पेश किया हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने परिवादी के पक्ष में फैसला देते हुए माना कि विपक्षी बैंक ने नियमों के विपरीत जाकर लोन फोरक्लोजर के लिए उससे अवैध राशि वसूली है।

इसके साथ ही आयोग ने विपक्षी बैंक को हर्जाना राशि सहित ज्यादा ली गई राशि भी परिवादी को ब्याज सहित लौटाने को कहा है।

## एक ही क्लास के सहपाठियों की 95 प्रतिसत से ऊपर

**जयपुर।** आजकल हर क्षेत्र में एक दूसरे से आगे निकलने के लिए हर तरह के प्रयास देखने को मिलते हैं।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जारी हुए 10 क्लास के परिणाम में सनराइज स्कूल के बच्चों के बीच अत्यधिक अंक लाने का छात्र-छात्राओं का कंपटीशन नजर आया जिसमें स्कूल के 6 बच्चे 95 से 96 के बीच अंक प्राप्त किये।

तेजस 95.33, अर्चना 95.83, जयवर्धन 95.17, जतिन 95.50, रोशनी 95.17, सोनम 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह संदेश दिया की अगर कंपटीशन करना हो तो पढ़ाई के क्षेत्र में करना चाहिए जिससे श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होता है इन सभी छात्र-छात्राओं ने स्कूल स्टाफ व परिजनों के साथ स्कूल के डायरेक्टर गोपाल यादव व संचालक सतीश यादव को बेहतर परिणाम प्राप्त करने का श्रेय दिया।

# "एक युद्ध-नशे के विरुद्ध" जागरूकता अभियान का शुभारंभ




**मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा "एक युद्ध-नशे के विरुद्ध" जागरूकता कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।**

**जयपुर।** नशामुक्ति की दिशा में एक सशक्त पहल करते हुए मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा "एक युद्ध-नशे के विरुद्ध" जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पोस्टर का विमोचन जयपुर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा एवं डॉ. निर्मल जैन, सदस्य राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद् ने किया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक एवं ट्रस्ट सदस्य तथा मीडिया प्रभारी प्रो.डॉ.राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अभियान विभिन्न इलाकों में चलाया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, युवा समूह और समुदायिक केंद्रों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, चित्र प्रदर्शनी, हस्ताक्षर अभियान, तथा व्याख्यान जैसी गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी जिनमें नशे के दुष्प्रभाव, बचाव के उपाय, पुनर्वास की जानकारी, ई-शपथ आदि किया जायेगा

# जेडीसी, सचिव और उपायुक्त के जमानती वारंट पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय के आदेश की पालना नहीं करने के जुडे मामले में जेडीसी आनंदी, जेडीए सचिव निशांत जैन और जोन उपायुक्त राकेश मीना को राहत दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में आयोग की ओर से तीनों अधिकारियों के जारी जमानती वारंट पर रोक लगा दी है। वहीं अदालत ने मामले में आयोग में पक्षकार नकुलेश्वर दत्त को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन ने यह आदेश आनंदी व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता अमित कुडी ने बताया कि जिला उपभोक्ता आयोग ने याचिकाकर्ता के वकील के पेश होने के बावजूद भी याचिकाकर्ता के जमानती वारंट जारी कर दिए और उन्हें आयोग के समक्ष पेश होने के लिए कहा। जबकि जेडीए जिला उपभोक्ता आयोग के 29 अक्टूबर 2024 के आदेश की पालना की कार्रवाई शुरू कर चुका था। ऐसे में उनकी ओर से आयोग के आदेश की पालना करने में कोई अवमानना नहीं की है। इसलिए जिला उपभोक्ता आयोग के जमानती वारंट आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने जमानती वारंट पर रोक लगाते हुए संबंधित पक्षकार से जवाब मांगा है।

गौरतलब है कि जिला उपभोक्ता आयोग ने 29 अक्टूबर, 2024 को जेडीए को निर्देश दिए थे कि वह एक माह में परिवादी को भूखंड का कब्जा सौंपे और यदि ऐसा ना हो तो उसकी ओर से जमा कराई गई 6.88 लाख रुपए की राशि 18 फीसदी ब्याज सहित लौटाए। वहीं पालना नहीं होने पर आयोग ने तीनों अधिकारियों को जमानती वारंट से तलब किया था।

## संगीत आश्रम संस्थान का संगीत समारोह आज से

**जयपुर।** संगीत आश्रम संस्थान का दो दिवसीय संगीत समारोह 29 मई को शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में होगा।

संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि समारोह के पहले दिन गुरुवार शाम 4:30 बजे क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट होगा, जिसमें कलाकार विभिन्न राग-रागनियों की सुरीले सुरों की माला पिरोएंगे।

समरोह के आखिरी दिन 30 मई को शाम 4:30 बजे शास्त्रीय नृत्य संध्या संजोई जाएगी। इसमें नृत्यांगनाएं जयपुर घराने के शुद्ध कथक की प्रस्तुति देंगे।

# डीपीसी में अनियमितता को लेकर मांगा जवाब

## प्रमुख कार्मिक सचिव, प्रमुख ऊर्जा सचिव, आरआरवीपीएनएल चेयरमैन और एमडी सहित डीपीसी कमेटी को नोटिस जारी

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नित को लेकर साल 2022-23 और बाद के सालों में हुई अनियमिता को लेकर प्रमुख कार्मिक सचिव, प्रमुख ऊर्जा सचिव, आरआरवीपीएनएल चेयरमैन और एमडी सहित डीपीसी कमेटी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश अधिशासी अभियंता के पद से रिटायर हुए राजेन्द्र प्रसाद तिवारी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता स्वप्निल सिंह पटेल ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में अधिशासी अभियंता के तौर पर कार्यरत था। नियमानुसार साल 2024-25 की डीपीसी में उसका अधीक्षण अभियंता के तौर पर प्रमोशन होना था। वहीं साल 2022-23 से लेकर बाद में समय-समय पर आयोजित डीपीसी में आरक्षण वर्ग के पदों को लेकर अनियमिता बरती गई। जिसके चलते याचिकाकर्ता का प्रमोशन नहीं हो सका और उसे रिटायर होना पडा।

याचिका में कहा गया कि नियमानुसार आरक्षित वर्ग का उपयुक्त कर्मचारी नहीं मिलने पर उस पद को अगले साल की डीपीसी के लिए फॉरवर्ड नहीं किया जा सकता और ऐसे पद को सामान्य वर्ग के कर्मचारी से भरा जा सकता है। कार्मिक विभाग ने भी साल 2008 को परिपत्र जारी कर इस संबंध में प्रावधान कर रखा है। इसके बावजूद बिजली कंपनी में साल 2022-23 और उसके बाद आयोजित डीपीसी में एससी वर्ग की सीट को अगली डीपीसी के लिए फॉरवर्ड कर दिया।



## International Everest Day: Honouring Heroes of the Summit

International Everest Day is celebrated every year on May 29 to commemorate the historic first ascent of Mount Everest by Sir Edmund Hillary of New Zealand and Tenzing Norgay of Nepal in 1953. The day honours their courage and the spirit of adventure that inspired climbers worldwide. Celebrations in Nepal include rallies, memorial events, and special ceremonies in Kathmandu and the Everest region. The occasion also recognizes the vital role of Sherpas and promotes awareness about mountain conservation and sustainable tourism in the Himalayas. It's a tribute to human endurance and the call of the mountains.

#FUSION FOOD

# From Samosas to Sushi: India's Bold New Fusion Food Wave

Chefs and foodies across the country are reinventing traditional Indian dishes with global twists, from Gulab Jamun Cheesecake to Noodle Samosas, ushering in a deliciously daring culinary era.



In 2025, India's culinary landscape is experiencing a delightful transformation. Fusion cuisine, which artfully blends traditional Indian flavours with global culinary techniques, is captivating food enthusiasts across the nation. Dishes like Gulab Jamun Cheesecake and Noodle Samosa exemplify this trend, reflecting a broader movement that celebrates creativity, cultural exchange, and the ever-evolving Indian palate.

### A Sweet Symphony: Gulab Jamun Cheesecake

The Gulab Jamun Cheesecake stands as a testament to the harmonious marriage of Indian and Western desserts. This innovative creation combines the rich, syrup-soaked gulab jamun with the creamy texture of classic cheesecake, resulting in a dessert that resonates with both nostalgia and novelty. Such fusion desserts are gaining popularity in upscale restaurants and home kitchens alike, showcasing the versatility of Indian sweets in contemporary culinary contexts.

### Savory Innovations: Noodle Samosa

On the savory front, the Noodle Samosa is making waves. This inventive snack replaces the traditional potato filling with spicy noodles, offering a delightful twist on a beloved classic. The fusion of Indian and Asian flavors caters to a generation eager to explore diverse taste profiles, making it a popular choice in cafes and street food stalls across urban India.

### The Rise of Fusion Cuisine in India

Fusion cuisine in India is not a recent phenomenon. The Indo-Chinese culinary tradition, which emerged from Chinese immigrant communities adapting their recipes to Indian tastes, laid the groundwork for today's fusion food scene. Dishes like Hakka noodles and Manchurian have long been staples, illustrating the Indian penchant for blending flavours. In recent years, chefs across the country have taken fusion to new heights. Restaurants are experimenting with combinations like butter chicken lasagna, paneer tikka tacos, and masala sushi rolls. These creations not only showcase culinary ingenuity but also reflect India's openness to global influences while maintaining a strong connection to its roots.







### Cultural Significance and Global Appeal

Fusion cuisine serves as a culinary dialogue between cultures, fostering understanding and appreciation through food. In India, this trend mirrors the nation's diverse heritage and its ability to adapt and innovate. Internationally, Indian fusion dishes are gaining traction, with chefs introducing global audiences to the rich tapestry of Indian flavours presented in novel formats.

### Looking Ahead


As India's culinary scene continues to evolve, fusion cuisine is poised to play a significant role. With a growing emphasis on sustainability, health consciousness, and global interconnectedness, future fusion dishes are likely to incorporate local, organic ingredients and cater to diverse dietary preferences. In essence, the fusion food movement in India is more than a trend, it's a celebration of the country's dynamic spirit, its rich cultural mosaic, and its unyielding passion for culinary exploration.



# Why India shouldn't worry



Given that a nuclear warhead, with a yield of 1 megaton, can destroy almost 210 sq km, roughly three times the size of south Mumbai, it is largely inconsequential if Pakistan has 10 more warheads than India or China has 140 more, as data released by the Bulletin of Atomic Scientists, a US advocacy that tracks global nuclear arsenals, reveals.




#NUCLEAR

Gaurav Jeyaraman and Abheet S. Sethi

Should India be worried that it has fewer nuclear warheads than neighbours Pakistan and China, a subject of recent discussion?

India has boosted its nuclear triad, nuclear-armed strike aircraft, land-based inter-continental ballistic missiles and sea-based submarine, launched ballistic missiles, and now has a strong nuclear deterrence capability vis-a-vis its nuclear-armed neighbours.

"Such a triad essentially increases the deterrence potential of the state's nuclear forces," writes Group Captain Ajay Lele (Retd) and Parveen Bhardwaj of the Institute of Defence Studies and Analysis, a New Delhi think-tank.

Given that a nuclear warhead, with a yield of 1 megaton, can destroy almost 210 sq km, roughly three times the size of south Mumbai, it is largely inconsequential if Pakistan has 10 more warheads than India or China has 140 more, as data released by the Bulletin of Atomic Scientists, a US advocacy that tracks global nuclear arsenals, reveals.

Pakistan has also been recognised as having the world's fastest growing nuclear arsenal, which, according to New York Times editorial, is turning South Asia into a 'troubled region with growing nuclear risks.' *Source: Nuclear Notebook, Bulletin of Atomic Scientists; As of 2013.*

Having more warheads than your opponent does not necessarily translate to greater security.

This is largely because nuclear weapons are weapons of


Sagrika missile

mass destruction, meant primarily to scare and deter, usually ending in a situation of strategic stalemate between countries that


INS Arihant

> India's nuclear-strike capability is strong because it has multiple strike aircraft, such as the nuclear-capable Anglo-French Jaguar, French Dassault Mirage 2000 and the Russian Sukhoi 30 MKI aircraft (being upgraded to carry the nuclear-tipped supersonic Brahmos missile). Its land-based ballistic missiles include the Agni V with a range of 5,000 km.

possess nuclear weapons. Nuclear weapons were used only twice in battle, 69 years ago, dropped on the Japanese cities of Hiroshima and Nagasaki, and never since. The possibility of 'mutually assured destruction,' or MAD, as it is commonly known, also prevents their use in the subcontinent.

### The Indian nuclear triad grows stronger

India's nuclear-strike capability is strong because it has multiple strike aircraft, such as the nuclear-capable Anglo-French Jaguar, French Dassault Mirage 2000 and the Russian Sukhoi 30 MKI aircraft (being upgraded to carry the nuclear-tipped supersonic Brahmos missile).

Its land-based ballistic missiles include the Agni V with a range of 5,000 km, which means it can reach all of China. The Agni V can be launched from a mobile transporter or a special railway wagon, so, it can be kept hidden and moved at will, according to this report.

The third component of the triad is under development, nuclear-powered Arihant class submarines, that are capable of launching the 700-km range K-15 Sagarika ballistic missile and the 3,000-km range K-4 ballistic missile. China possesses a nuclear triad, but Pakistan, which lacks sea-launch capability, does not.



### No first use: India's Nuclear Doctrine

No first use. That's the declared essence of India's nuclear doctrine, adopted in January 2003. It says India will use atomic weapons 'in retaliation against a nuclear attack on Indian territory or on Indian forces anywhere.' The retaliation, said the report, 'will be massive and designed to inflict unacceptable damage.'

India also declares that it will not use nuclear weapons against non-nuclear weapon states.

According to the draft of the nuclear doctrine, India needs 'sufficient, survivable and operationally-prepared nuclear forces.' "Used in conjunction with the concepts of 'No First Use' and 'Non Use' against non-nuclear weapon states, it clearly indicates that India envisages its


Agni-5

nuclear weapons as only a deterrent merely for defensive purposes and not as a means to threaten others," writes Satish Chandra, former deputy National Security Advisor.

> The 1962 Sino-Indian war, and China's decision to conduct nuclear tests in 1964 led Prime Minister Lal Bahadur Shastri to authorise the theoretical framework for what was, ironically, termed a Subterranean Nuclear Explosion for Peaceful Purposes. The SNEPP culminated in Pokhran I, India's first 'peaceful' nuclear explosion on May 18, 1974.

### Why India built nuclear weapons


The world first witnessed the destructive capability of nuclear weapons in 1945, when the US bombed Hiroshima and Nagasaki, killing approximately 2,00,000 people. The event was a reference point for debates on the political nature of nuclear weapons. Under Prime Minister Jawaharlal Nehru, India pursued a policy of aversion towards nuclear-weapons technology. However, with the assistance of the United States and Canada, India actively pursued its nuclear-energy programme.

The 1962 Sino-Indian war, and China's decision to conduct nuclear tests in 1964 led Prime Minister Lal Bahadur Shastri to authorise the theoretical framework for what was, ironically, termed a Subterranean Nuclear Explosion for Peaceful Purposes.

The SNEPP culminated in Pokhran I, India's first 'peaceful' nuclear explosion on May 18, 1974, when Indira Gandhi was prime minister. While the yield of the test has been the subject of debate among academicians, the test proved India's capability to weaponise nuclear technology. The plutonium used for the device was obtained from the Canada-India-US Research Reactor (heavy water for the reactor came from the US), according to the Federation of American Scientists. This led to international sanctions on India, which severely hampered India's nuclear weapons programme. More importantly, this event led to the creation of the Nuclear Suppliers Group.

After a 24-year pause, India conducted five nuclear weapons tests in May 1998 when Atal Behari Vajpayee was prime minister. The tests were followed by a self-declared moratorium on further nuclear tests. Pakistan successfully conducted its first nuclear weapons tests less than three weeks later.

rajeshsharma1049@gmail.com




#HIGHLIGHTS

# "AI Will Make Us Smarter, Not Lazy"

## Google DeepMind CEO Demis Hassabis says.

In a candid conversation, DeepMind's CEO debunks fears about artificial intelligence replacing human intelligence, and highlights how AI will transform the way we learn, work, and solve problems.

When artificial intelligence (AI) first entered public consciousness, it was surrounded by a mix of fascination and fear. Would it steal our jobs? Would it make us lazy? Or, worse, would it replace human intelligence altogether?

Demis Hassabis, CEO of Google DeepMind and one of the most influential voices in the AI revolution, has a different view. In a recent interview, Hassabis shared an optimistic and empowering vision of AI, one where humans are not sidelined, but supercharged.

"AI isn't going to make us lazy. It's going to make us smarter," Hassabis said, offering a strong counter-narrative to the anxiety around automation and job losses.


Demis Hassabis, 2024 Nobel Prize Laureate in Chemistry.

### Learning with AI: Becoming an 'AI Ninja'

According to Hassabis, the key lies in how we choose to interact with AI. Rather than seeing it as a threat, he believes we should approach it as a tool, much like the calculator or the internet once were, that can deepen human capabilities. His message to students and young professionals is direct: learn to work with AI, not against it. "Today's youth should train themselves to become AI ninjas," he said, urging learners to use AI tools to strengthen their problem-solving, creative, and adaptive thinking skills. This sentiment reflects the broader vision behind DeepMind, which has consistently worked on creating AI that can assist and enhance human intellect. From AlphaGo's historic victory over the world's best Go player to the transformative AlphaFold that cracked protein folding, DeepMind's contributions underline a key point: AI can solve problems that humans couldn't, until now.


### AI in Coding: A New Co-Pilot

The future of software development is a prime example of AI-human collaboration. Hassabis and his team are now working on AlphaCode, an AI model designed to write code, optimize performance, and assist developers in real time. This, Hassabis explained, isn't about replacing coders, but about elevating them. In his vision, future developers will spend less time fixing syntax errors or debugging repetitive code and more time on designing systems, creating new frameworks, and innovating.

"AI can take over the drudge work in coding," he noted, "freeing developers to focus on strategic, creative thinking."

Already, tools like GitHub Copilot and ChatGPT are making strides in this space, assisting developers in writing and refining code faster. With Google's continued research through DeepMind, this relationship is only expected to deepen.






### A Future-Ready Workforce: What Skills Matter Now

As AI evolves, so too must the education system and workplace training. Hassabis believes that the most valuable skills in the AI-driven future won't just be technical, but cognitive: adaptability, curiosity, and critical thinking. He advocates for a hybrid model of education, one where traditional learning is blended with AI-enabled tools. Students could use AI tutors to reinforce classroom teaching, learn new subjects at their own pace, and gain real-time feedback tailored to their personal learning curves. "The students who'll thrive are those who learn how to think, not just what to think," he said. This vision aligns with the growing global discourse around AI in education, with platforms like Khan Academy, already integrating AI-powered assistants to tutor students more effectively.


### AGI, Ethics, and the Road Ahead

Beyond productivity, Hassabis also touched upon Artificial General Intelligence (AGI), AI that can think and reason like humans. He predicted that AGI could arrive as early as 2030, but stressed that such progress must be guided by ethics, transparency, and public trust. DeepMind has long advocated for 'responsible AI,' with safety and interpretability as central tenets of its research. Hassabis emphasized the importance of open dialogue among scientists, policymakers, and the public to ensure that AI benefits everyone, not just a select few.

### Final Thought: Smarter Together


In a world increasingly influenced by algorithms and automation, Hassabis's vision offers a much-needed dose of clarity. AI, in his eyes, isn't the villain in a sci-fi dystopia, it's a collaborator, a catalyst, and a co-creator. "Technology has always extended human ability," he concluded. "AI is the next step in that journey, one that will help us not just work faster, but think better." And perhaps, if we take that step thoughtfully, we'll discover that AI won't make us lazier at all, it'll simply make us more human.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम जारी

## माध्यमिक एवं माध्यमिक व्यवसायिक परीक्षा का परिणाम 93.60 प्रतिशत रहा



बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा ने बोर्ड कार्यालय से परिणाम जारी किए।

- **शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा से सेकण्डरी, सेकण्डरी व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षा-2025 के परिणाम जारी किये**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को सेकण्डरी, सैकण्डरी व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षा-2025 के परिणाम बुधवार को जारी किए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वीसी के जरिए कोटा से रिजल्ट जारी किया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा बुधवार को कोटा कलेक्ट्रेट से सैकण्डरी, सैकण्डरी व्यावसायिक एवं प्रवेशिका परीक्षा 2025 के परिणाम वर्चुअल माध्यम से जारी किए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, माता-पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्कूलों की सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। इस अवसर पर दिलावर ने असफल विद्यार्थियों को निराश न होकर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। दिलावर ने बोर्ड प्रशासन, शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इस सफलता में सहभागी बताते हुए उनके योगदान की सराहना की।

बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा ने बोर्ड कार्यालय से परिणाम जारी करते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्राओं का उत्तीर्णता प्रतिशत छात्रों की तुलना में अधिक रहा है। ये राज्य के शैक्षिक परिदृश्य के लिए सुखद संकेत है।

प्रशासक शर्मा ने बताया कि माध्यमिक व माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा में 10 लाख 94 हजार 186 परीक्षार्थी पंजीकृत है। इसमें से 10 लाख 71 हजार 460 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। माध्यमिक एवं माध्यमिक व्यवसायिक परीक्षा का परिणाम 93.60 प्रतिशत रहा। इसमें से छात्रों का उत्तीर्णता प्रतिशत 93.16 तथा छात्राओं का उत्तीर्णता प्रतिशत 94.08 रहा। माध्यमिक एवं माध्यमिक व्यवसायिक परीक्षा में 5 लाख 75 हजार 554 छात्रों में से 2 लाख 69 हजार 141 छात्र और 5 लाख 18 हजार 632 छात्राओं में से 2 लाख 77 हजार 229 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है।

उन्होंने बताया कि प्रवेशिका परीक्षा 2025 में कुल 7316 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 7099 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। प्रवेशिका परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम 83.67 प्रतिशत रहा।

इसमें छात्रों का उत्तीर्णता प्रतिशत 82.01 तथा छात्राओं का उत्तीर्णता प्रतिशत 85.03 रहा। प्रवेशिका परीक्षा में 3310 छात्रों में से 643 छात्र और 4006 छात्राओं में से 974 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण तथा बोर्ड के कार्मिकों की सतत मेहनत का परिणाम है। बोर्ड ने परिणामों की समयबद्ध व पारदर्शी घोषणा कर एक बार पुनः देश के अग्रणी शिक्षा बोर्डों में अपनी स्थिति सुदृढ़ की है। इस अवसर पर विशेषाधिकारी नीतू यादव, वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# 25 लाख की अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार




जालोर जिले के सांचौर पुलिस ने अवैध शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के सांचौर पुलिस एवं जिला स्पेशल टीम ने बुधवार को सरहद आमली में राजस्थान व पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बीयर के 47 कार्टन बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन क्रेटा कार को जब्त किया। बरामद अवैध शराब की अनुमानित बाजार कीमत 25 लाख रूपये आंकी गई है।

जिले में शराब तस्करी करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जेठाराम सउनि. मय जाब्ता पुलिस थाना सांचौर व जिला विशेष टीम जालोर द्वारा मुखबीर से प्राप्त सूचना के अनुसार बाडमेर से चितलवाना होते हुए गुजरात की तरफ जाने वाली सड़क पर सरहद आमली में संयुक्त रूप से नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी में वाहन क्रेटा कार को रूकवाकर तलाशी ली गई तो वाहन में राजस्थान व पंजाब निर्मित अवैध शराब के 47 कार्टन भरे हुए पाये जाने पर शराब व शराब परिवहन में प्रयुक्तकार व वाहन में मिली नम्बर प्ले को जब्त कर वाहन चालक खेमाराम पुत्र आम्बाराम जाट निवासी मौखाब कलां पुलिस थाना शिव जिला बाड़मेर व रामजीवनराम पुत्र खैराजराम विश्नोई निवासी वीरावा पुलिस थाना चितलवाना जिला जालोर को गिरफ्तार किया।

# चूरू-मोलीसर ट्रैक दोहरीकरण का स्पीड ट्रायल सफल



चूरू से मोलीसर तक सीआरएस स्पेशल से 120 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से ट्रायल किया।

**चूरू,** (निसं)। बीकानेर रेल मंडल परीक्षण के दौरान लगभग 27 किलोमीटर लंबे चूरू-मोलीसर रेलखंड तक रेल संरक्षा आयुक्त बुधवार को स्वचालित ट्रॉली से पहुंचे और चूरू से मोलीसर तक स्पीड ट्रायल सीआरएस स्पेशल से 120 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से ट्रायल किया। ट्रायल सफल होने के बाद सीआरएस श्रीनिवास ने 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन चलाने की अनुमति प्रदान की। निरीक्षण के दौरान सीआरएस ई श्रीनिवास ने सुरक्षा मानकों, तकनीकी पहलुओं व ट्रैक की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में रतनगढ़ से मोलीसर तक डबल लाइन थी एवं मोलीसर से चूरू तक सिंगल लाइन थी, अब मोलीसर से चूरू तक डबल लाइन पर गाड़ी चलाने की अनुमति मिलने से रेलवे कम समय में अधिक गाड़ियां चला सकेगा और रेलवे अधिक माल का परिवहन कर सकेगा, जिससे रेलवे की आय में वृद्धि होगी। उक्त स्पीड ट्रायल दोहरीकरण परियोजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे इस मार्ग पर ट्रेनों की गति, संख्या व संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। आने वाले समय में यात्रियों को तेज और सुरक्षित यात्रा सुविधा प्राप्त होगी। स्पीड ट्रायल के दौरान बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक डॉ. आशीष कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी रणसिंह गोदारा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जयप्रकाश, सीनियर डीएसटीई ललित कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वयक) अमित जैन, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) अमन अग्रवाल, सीनियर डीईई टीआरडी जितेंद्र कटारिया, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) आदित्य लेघा, डिप्टी चीफ इंजीनियर विजय सिंह, चीफ इंजीनियर कंस्ट्रक्शन एस.एल मीना, मूवमेंट इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, धीरज थानवी सहित रेलवे के अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत मामले में पति गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के ओसियां उपखण्ड क्षेत्र के एकलखोरी गांव में बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में हुई एक विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। मामले में दहेज हत्या का आरोप लगाया गया था।

ओसियां वृत्ताधिकारी जब्बरसिंह चारण ने बताया कि एकलखोरी निवासी भीखी पत्नी राकेश की गत 17 मई को घर पर अज्ञात कारणों से मौत हो गई थी। जिस पर विवाहिता भीखी के पिता लादूराम पुत्र पांचाराम विश्नोई ने पति, सास, ससुर सहित के खिलाफ दहेज हत्या मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उनकी पुत्री भीखी का गौना (मुकलावा) करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था। उसके पश्चात जंवाई राकेश एवं ससुर शैतानाराम पुत्र मंगलाराम, सास मनोहरी एवं ननद सरिता सभी मिलकर पुत्री को दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना देते रहे। ससुराल से प्रताड़ित होकर पुत्री पीहर आ गई। करीब दस दिन पश्चात उसके पति एवं मोहनराम घर आए और भीखी को साथ भेजने का कहने पर बेटी को ससुराल भेज दिया। इसके बाद 16 मई की रात को उसकी पत्नी के पास फोन आया कि मां मेरे ससुराल वाले मेरी हत्या रात में कर देंगे। उसके अगले दिन ही उसकी मौत की सूचना आ गई। रिपोर्ट में पिता ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री भीखी की हत्या दामाद राकेश, शैतानाराम, मनोहरी, सरिता सभी ने एकराय होकर गला दबाकर की है। जिस पर पुलिस ने जांच करते हुए पति राकेश को गिरफ्तार किया है।

# उदयपुर में बारिश

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में बुधवार को सुबह से छाई उमस और गर्मी के बाद दोपहर करीब तीन बजे शहर के विभिन्न इलाकों में हल्की बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को राहत मिली।

डबोक स्थित मौस्सम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 38 तथा न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शाम 5.30 बजे समाप्त 12 घंटों में 15.6 मी.मी. वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान आगामी 2-3 दिन 42 से 44 डिग्री दर्ज होने की संभावना है। नमी की मात्रा अधिक होने के कारण उमस भरी गर्मी दर्ज होने की प्रबल संभावना है। उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश आगामी 2.3 दिन होने की संभावना है।

# पाली पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक एपीओ

**जयपुर/पाली।** पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत के निर्देश पर पशुपालन विभाग, पाली में सेवारत संयुक्त निदेशक डॉ. ओमप्रकाश बुनकर को एपीओ कर दिया गया है।

पाली प्रवास के दौरान मंत्री ने संयुक्त निदेशक के गौशाला के संबंध अपने ही एक कर्मचारी के साथ हुई बहस का वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलने पर इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश पर पशुपालन विभाग की शासन उप सचिव संतोष करोल ने डॉ. ओमप्रकाश बुनकर को प्रशासनिक कारणों से आदेशों की प्रतीक्षा (एपीओ) में रखते हुए मुख्यालय निदेशालय पशुपालन, जयपुर भेज दिया है।

# भ्रूण लिंग परीक्षण पर कसा शिकंजा, दलाल गिरफ्तार

## कथित रूप से गर्भवती महिलाओं को भ्रूण लिंग परीक्षण के लिए अल्ट्रासाउंड सेंटर ले जाया करता था दलाल



गिरफ्तार आरोपी

- **डॉक्टर की भूमिका को लेकर संदेह बरकरार, अल्ट्रासाउंड मशीन सीज**
- **पीसीपीएनडीटी टीम ने एक पखवाड़े में तीसरी बड़ी कार्रवाई की**

**जयपुर/कुचामन।** राजस्थान में भ्रूण लिंग चयन के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के तहत पीसीपीएनडीटी टीम ने नागौर जिले के कुचामन में बुधवार को एक और बड़ी सफलता हासिल की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एमडी डॉ. भारती दीक्षित के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में डिकॉय ऑपरेशन के जरिए एक दलाल को रंगे हाथ पकड़ा गया, जबकि डॉक्टर की भूमिका को लेकर संदेह बरकरार है। टीम ने आरोपी दलाल सुखराम जाट को गिरफ्तार कर लिया है, जो कथित रूप से गर्भवती महिलाओं को भ्रूण लिंग परीक्षण के लिए अल्ट्रासाउंड सेंटर ले जाया करता था। कुचामन स्थित मंगलम अल्ट्रासाउंड सेंटर में की गई इस कार्रवाई में मशीन को सीज कर दिया गया है और डॉक्टर बीआर बांता की भूमिका की जांच पीबीआई थाना पुलिस कर रही है।

सूचना के आधार पर की गई रैकी के बाद टीम ने एक डिकॉय गर्भवती महिला को दलाल से संपर्क करवाया। 70 हजार रुपए लेने के बाद दलाल महिला को अल्ट्रासाउंड सेंटर ले गया, जहां परीक्षण के बाद उसने गर्भ में लड़का होने की पुष्टि करते हुए "खाओ, पियो, मौज करो" जैसे शब्द कहे। इसी दौरान टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एफ फॉर्म नहीं भरना, पंजीकरण रजिस्टर में एंट्री नहीं होना जैसी गंभीर लापरवाहियों ने डॉक्टर की भूमिका को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस फिलहाल जांच कर रही है और डॉक्टर से पूछताछ जारी है।

एनएचएम एमडी डॉ. भारती दीक्षित ने कहा, यह सिर्फ एक कार्रवाई नहीं, बल्कि समाज में बेटियों के अस्तित्व की लड़ाई है। ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक पखवाड़े में तीसरा सफल ऑपरेशन है। इससे पहले टीम ने 12 मई को गुजरात के ईडर और 15 मई को पंजाब के अबोहर में भी डिकॉय ऑपरेशन कर दलालों और संदिग्ध डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की थी। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से भ्रूण लिंग परीक्षण गिरोहों में हड़कंप मचा हुआ है।

# जोसा काउंसलिंग शेड्यूल जारी

**कोटा,** (निसं)। आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित की गई देश की सबसे प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड का परिणाम 2 जून को जारी किया जाएगा। परिणाम जारी होने के अगले दिन 3 जून से आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी व जीएफटीआई में प्रवेश के लिए जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इस वर्ष जोसा काउंसलिंग द्वारा 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी एवं 47 जीएफटीआई में प्रवेश दिया जाएगा। जोसा काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष आईआईटी, एनआईटी व ट्रिपलआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया 3 जून से 28 जुलाई के मध्य छह राउण्ड्स में होगी।

# छह जून तक आवेदन विथड्रॉ करने का अवसर

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक मत्स्य विकास अधिकारी (मत्स्य विभाग) भर्ती-2024 के अन्तर्गत वांछित योग्यता न होने पर भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन विथड्रॉ करने का अवसर दिया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 2 सितंबर 2024 को उक्त 8 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर 11 सितंबर से 10 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आयोग द्वारा की गई रेण्डम/सेम्पल जांच में यह पाया गया कि कतिपय आवेदकों के पास अनिवार्य योग्यता नहीं होने के उपरांत भी उनके द्वारा आवेदन किया गया है। आयोग द्वारा उक्त शैक्षणिक व वांछित योग्यता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आगाह किया है कि वे अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र 6 जून 2025 तक विथड्रॉ कर लेवें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# महिला प्रो. की अश्लील फोटो वायरल करने वाले प्रो. रामकेश मीणा को निलंबित करने की मांग

- **अ.भा.वि. परिषद गंगापुर सिटी ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गंगापुर सिटी ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एक महिला प्रोफेसर की अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी में संस्कृत के प्रोफेसर रामकेश मीणा उर्फ आदिवासी को तुरंत निलंबित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा गंगापुर सिटी से हटाने की पुरजोर मांग की है।

ज्ञापन की प्रतिलिपि उचित कार्यवाही के लिए उच्च शिक्षा मंत्री, गृह राज्य मंत्री, प्रमुख सचिव, शासन सचिव उच्च शिक्षा, आयुक्त कॉलेज शिक्षा,पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर,जिला कलक्टर सवाई माधोपुर, पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर, अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, प्राचार्य राजकीय पीजी महाविद्यालय गंगापुर सिटी को भी प्रेषित की है।

एबीवीपी जिला संयोजक मनोज सैनी, छात्र नेता सीताराम गुर्जर एवं अन्य द्वारा दिए ज्ञापन में लिखा है कि प्रोफेसर रामकेश मीणा ने तमाम हदें पार कर दी हैं। नैतिकता को तार-तार कर दिया है। प्रोफेसर जैसे महान प्रतिष्ठा के पद को कलंकित किया है। रामकेश मीणा राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी में संस्कृत विषय के प्रोफेसर है। वर्तमान में डेपुटेशन पर राजकीय महाविद्यालय वजीरपुर में नोडल अधिकारी हैं। रामकेश मीणा अंग्रेजी में प्रो. रामकेश आदिवासी के नाम से फेसबुक चलाते हैं। रामकेश मीणा ने एक महिला प्रोफेसर की फोटो पर जगह-जगह गलत स्टीकर लगाए, अवांछित शब्द लिखकर, एडिट कर अश्लील बनाया, फिर इसे अपनी फेसबुक पर वायरल किया है जिसे बहुत लोगों ने देखा है। रामकेश मीणा की यह अश्लील हरकत बहुत ही शर्मनाक है। हम सब सभी को लज्जित करने वाली है। गंगापुर सिटी इलाके के छात्र युवा नागरिक भी बुरी तरह आहत है, शर्मिंदा है। बहुत आक्रोश है। रामकेश मीणा के खिलाफ पूर्व में कई शिकायतें है। इन्हें राजनेताओं और अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के अधिकारियों का भी इन्हें संरक्षण मिला हुआ है। इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होती, हौसले बुलंद है। अश्लील आचरण करने वाले रामकेश मीणा के खिलाफ तुरंत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# चोरी और गुम हुए 89 मोबाइल बरामद, मालिकों के सुपुर्द किये



एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बरामद मोबाइल के बारे में जानकारी दी।

- **बरामद मोबाइलों की कीमत लगभग 13.35 लाख रुपए है**
- **डीडवाना में ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की**

**डीडवाना,** (निसं)। राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार लगातार ऑपरेशन एंटी वायरस अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत डीडवाना जिले के समस्त थानों और सायबर सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुम और चोरी हुए 89 मोबाइल बरामद किये हैं। इन मोबाइलों की बाजार कीमत लगभग 13 लाख 35 हजार रुपए बताई जा रही है। इन मोबाइलों को राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों से ट्रेस कर बरामद किया गया है, जिन्हें बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया।

एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि एंटी वायरस अभियान के तहत चल रहे इस अभियान में पोर्टल पर दर्ज चोरी और गुम हुए मोबाइल को ट्रेस करने के लिए पुलिस की टीमों ने विशेष अनुसंधान किया और मोबाइल फोन को ट्रेस करने की कार्रवाई की, जिसके परिणाम स्वरूप पूर्व में भी 240 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों के सुपुर्द किया गया था। इसी क्रम में गुम व चोरी हुए 89 मोबाइलों को भी बरामद कर आज उनके मालिकों को सौंप दिया गया। इस दौरान लंबे समय बाद अपने मोबाइल वापस पाकर लोग काफी खुश और प्रसन्न नजर आए।

एसपी ने बताया कि केंद्रीय इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर्ड पोर्टल दूरसंचार विभाग का एक नागरिक केंद्रित पोर्टल है। यह पोर्टल मोबाइल उपकरणों को उनके अंतरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान नंबरों का इस्तेमाल करके प्रबंधन और ट्रैक करने के लिए बनाया गया है। अगर किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाता है तो वह आईएमईआई नंबरों को इस पोर्टल पर इंद्राज कर बंद करवा सकते हैं। साथ ही संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करवाकर पोर्टल पर जाकर मोबाइल फोन का नंबर भी ब्लॉक करवा सकते हैं। गुम मोबाइल बरामद होने पर उसके मालिक के द्वारा पोर्टल पर आईएमइआई नंबर को अनब्लॉक करवाने हेतु रिक्वेस्ट भेजी जाकर नंबर को पुन शुरू करवाया जा सकता है।

# श्रीगंगानगर में व्यापारी के घर पर फायरिंग

- **पुलिस को शक है कि मामला गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़ा हो सकता है**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जवाहरनगर थाना क्षेत्र में व्यापारी राजू कथोडीया के घर पर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। यह वारदात अग्रसेन चौक के पास हनुमान मंदिर के सामने हुई। अचानक चली गोलियों की आवाज से इलाके में दहशत फैल गई। बुधवार को सुबह लोगों ने घर की दीवार पर गोलियों के निशान देखे। मौके पर कारतूस के खोल भी मिले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को शक है कि यह मामला गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़ा हो सकता है।

राजू कथोडीया को कुछ दिन पहले 4 करोड़ रुपए की रंगदारी देने की धमकी मिली थी। यह धमकी गोल्डी बराड़ के नाम पर दी गई थी। गोल्डी बराड़ कनाडा से गैंग चलाता है। वह पंजाब और राजस्थान में कई संगीन मामलों में वांछित है। इससे पहले 25 मार्च को भी राजू कथोडीया के घर पर अज्ञात लोगों ने कारतूस और धमकी भरा पत्र फेंका था। उस समय भी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब 2 महीने बाद दूसरी बार फायरिंग की घटना से मामला गंभीर हो गया है।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि दोनों घटनाएं आपस में जुड़ी हो सकती हैं। यह मामला रंगदारी वसूली से जुड़ा लग रहा है। फायरिंग करने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने जल्द खुलासा होने की संभावना जताई है। लगातार मिल रही धमकियों और गोलीकांड के बाद व्यापारियों और आम लोगों में डर का माहौल है। खासकर अग्रसेन चौक और जवाहर नगर क्षेत्र के लोग डरे हुए हैं। व्यापारिक संगठनों ने घटना की निंदा की है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## संक्षिप्त

### सड़क निर्माण के लिये 2 करोड़ रूपए की राशि मंजूर

**कोटपूतली।** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर राज्य सरकार ने ग्राम नारेहड़ा में सडक निर्माण कार्य हेतु 02 करोड़ रूपयों की राशि जारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नारेहड़ा में हनुमान मंदिर के पीछे स्थित दादा की ढ़ाणी में सूरजन मीणा के मकान से धर्मपाल मीणा के मकान तक 1.5 किमी लम्बे अटल प्रगति पथ के निर्माण हेतु 02 करोड़ रूपयों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। विधायक पटेल ने उपरोक्त स्वीकृति पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व डिप्टी सीएम पीडब्ल्यूडी मंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। पटेल ने कहा कि कोटपूतली के ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर विकास हो यही उनकी प्रथम प्राथमिकता है।

### एनीमिया रोकथाम की दी जानकारी

**निवाई।** बंधन कोन्नगर संस्था द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से एक महत्वपूर्ण हेल्थ फोरम का आयोजन किया गया। संस्था की कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर प्रियंका बैरवा एवं टीम लीडर कल्पना मीणा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ठाामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को एनीमिया की रोकथाम और गर्भावस्था के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने महिलाओं को एनीमिया यानी शरीर में आयरन की कमी गर्भावस्था के दौरान मातृ और शिशु स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। अत समय समय पर डाक्टर को दिखाते रहना चाहिए। जिससे अचित देखभाल होती रहे। इस स्थिति से बचाव के लिए आयरन युक्त आहार, फोलिक एसिड की गोलियां, नियमित वजन व ब्लड प्रेशर जांच जैसे उपायों की जानकारी दी। हेल्थ फोरम में उपस्थित महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता के महत्व, टीकाकरण, फल, हरी सब्जिय़ाँ आदि के नियमित सेवन से होने वाले लाभ की विस्तार से जानकारी दी।

### 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

**सिरस।** गुरुवार को 33 केवी व 11 केवी सिरस ठाामीण लाईट 4 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। कनिष्क अभियंता राघव अठावाल ने बताया कि सिस ठाामीण क्षेत्र में सुबह 7 से 11 तक 33 केवी सिरस फीडर व 11 केवी सिरस ठाामीण फीडर पर मरम्मत कार्य के चलते खिडक़ी, भंवरसागर, सिंदरा, नला, मंडालिया,सकतपुर, सिरस, बस्सी, खेड़ा, खेड़ीमानपुर मेहताबपुरा के आस-पास के क्षेत्र में बंद रहेगी।


**नाम परिवर्तन**

सूचित किया जाता है कि मै कला शर्मा पत्नी श्री मोहित कुमार शर्मा निवासी प्लाट नं. 191, गायत्री ग्रीन सिटी, आगरा रोड, जयपुर ने अपना नाम कला प्रसाद से बदलकर कला शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे कला शर्मा के नाम से ही जाना-पहचाना जावें।


**खोया पाया**

टैगोर नगर गृह-निर्माण सहकारी समिति, जयपुर द्वारा आवंटित मेरे निवास- प्लॉट नं.12, शिवविहार-डी, लालरपुरा, गांधीपथ-वेस्ट, जयपुर के मूल दस्तावेज, आवंटन-पत्र, रसीद, साइट-प्लान, आदि खो गए है। मिलने पर सूचित करें- दीनदयाल सारस्वत, 6376408430

आवास संख्या 114/373 मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गिर / गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। नीतू बादलानी मो. 9660858189

मेरे प्लाट नं. A-411, Rohini Enclave, JDA, Renwal, Phagi, Jaipur की मूल रजिस्ट्री जो कि उपपंजीयक कार्यालय फागी 12.3.2015 व दिशा संशोधन अगस्त 2023 के कागज कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। Devi Sowani- 9314291727

**नम्बर मिलाइए 9587884433**




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# शिक्षकों का पैदल जत्था पहुंचा निवाई

- शिक्षकों ने किया भव्य स्वागत
- मांगों को लेकर आज निवाई से रवाना होगा शिक्षकों का पैदल जत्था




निवाई में शिक्षकों के पैदल जत्थे का स्वागत किया।

**निवाई।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के तत्वावधान में ट्रांसफर पॉलिसी से न्यायपूर्ण भेदभाव रहित शिक्षकों के ट्रांसफर करने, लंबित डीपीसी पूर्ण करने, संविदा, ठेका प्रथा बंद करने, एनईपी 2020 की समीक्षा करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को सुबह 6:15 बजे पैदल जत्था सोहेला से रवाना होकर निवाई पहुंचा। जिसका निवाई के प्रवेश द्वार पर स्थानीय शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया गया।

जिला मंत्री रामप्रसाद धाकड़ ने बताया कि पैदल जत्था तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण शुरू करने, पिछले 5 वर्षों से बकाया पदोन्नित करने, शिक्षा नीति 2020 की समीक्षा कर सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने तथा शिक्षकों को बीएलओ सहित सभी गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्त करने जैसी प्रमुख मांगों पर केंद्रित है।

उन्होंने बताया कि पैदल जत्थे में कोटा, बारां, पीपलू और निवाई, टोंक के शिक्षक शामिल हुए। पैदल जत्थे का नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक लोदवाल, राज्य कमेटी सदस्य बाबूलाल बलवानी, प्रांतीय संघर्ष समिति सह-संयोजक महावीर मीणा, बारां ज़िलाध्यक्ष चन्द्रभान मीणा, टोंक ज़िलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, जिला मंत्री रामप्रसाद धाकड़, प्रांतीय संयुक्त मंत्री शिवजीलाल ताखर, जिला कोषाध्यक्ष भवंरलाल चौधरी, रामावतार चौधरी सहित अन्य शिक्षक नेता कर रहे हैं। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत संघ के अध्यक्ष श्रीराम जाट, प्रहलाद गुर्जर, विनोद जैन, दिनेश गोयल, मुकेश विजय, मनमोहन चौधरी, शंकरलाल चौधरी व सीताराम जाट सहित कई शिक्षक पैदल जत्थे में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि 29 मई को सुबह पांच बजे निवाई से पेदल जत्था रवाना होगा।

## कलशयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** श्री पंचदश जूना अखाड़ा सन्यास आश्रम बालाजी काला भाटा कैरोद मोड ढ़ाणी जुगलपुरा में संत कर्मानंदगिरी व संत विवेकानन्द महाराज के सानिध्य में एक पंचाशत कुण्डात्मक श्री रुद्रचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। जिसको लेकर बुधवार की सुबह विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कलश यात्रा श्याम मंदिर से बैंड-बाजे के साथ रवाना हुई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा में युवक व युवतियां डीजे के भजनों की धुनों पर नाचते हुए चल रहे। यज्ञकर्ता संत कर्मानंदगिरी ने बताया कि एक पंचाशत कुण्डात्मक श्री रुद्रचण्डी महायज्ञ 4 जून तक आयोजित होगा। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर बालकानन्द महाराज, महामण्डलेश्वर सचिदानन्द महाराज, हरिनन्द, ब्रह्मानन्द, धर्मानन्दगिरी, सुखानन्द गिरी, देवगिरी, जीवानन्दगिरी, औंकारानन्द, गोविन्द गिरी, विद्यानन्द, तुलसीनन्द, बोलतानन्द, शिवगिरी एवं माधवानन्द सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण मोहम्मद रफीक पुत्र हाजी गुलाम रसूल, जरीना पत्नि मोहम्मद रफीक, निवासीगण मकान नं. ए-25, शान्ती कॉलोनी, गोलचा गार्डन के सामने, जवाहर नगर, आगरा रोड, जयपुर, जयपुर-302004, राजस्थान के है। मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र तहसीन एवं उसकी पत्नि सानिया मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नही है तथा मेरे अभिभाष्यगण के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा व हैरान परेशान करते है तथा झूठे मुकदमे दर्ज करवाने की धमकी देते है। इसलिए मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्तियो के हक, हकूक अधिकारो से बेदखल कर दिया है, उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, संव्यवहार, लेन-देन इत्यादि के लिए मेरे अभिभाष्यगण किसी भी प्रकार से जिम्मेदारी व दायित्वाधीन नही होगी। अतः सूचित रहे।
जयपुर (शकील अहमद/साजिद खान) एडवोकेट्स
दिनांक:28/5/25 मो-नः 9314-268961, 9314263203

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री सुनील कुमार बजाज पुत्र स्व. श्री राधेश्याम बजाज जाति महाजन निवासी मोरिजा रोड, कस्बा-चौमू, जिला-जयपुर, राज0 ने कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राज0 में स्थित चौपड बाजार मुख्य आबादी में ग्राउण्ड फ्लॉर पर निर्मित तीन दुकान जिनके खसरा नं. 1998, 1999 व 2000 है जो पूर्व मुखि स्थित है कि छत पर अर्थात् प्रथम मंजिला पर एक पुख्ता चौबारा (महल) निर्मित है उक्त चौबारे का क्षेत्रफल करीब 950 वर्गफीट है। उक्त चौबारे के उत्तर दिशा में गोपीनाथ नागरका की दुकान, दक्षिण दिशा में-हलवाईयों की दुकान, पश्चिम में-कूलवालों का मकान एवं पूर्व में-रास्ता आम रास्ता है। उक्त चौबारे (महल) का विक्रय अनुबंध दिनांक 04/08/2019 को मेरे अभिभाष्य ने इसके मालिक नवीन गोकूलका पुत्र श्री मुरारी लाल गोकूलका जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 03 वर्तमान, कस्बा-श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर, एवं श्री सन्तोष गोकूलका पुत्र श्री मातादीन गोकूलका जाति महाजन निवासी श्रीमाधोपुर जिला-सीकर, राज0 हाल निवासी 135, जेसर रोड, कोलकता (पश्चिमी बंगाल) से किया है। उक्त सम्पदा का विक्रय लेख मेरा अभिभाष्य अपने नाम अथवा अपने किसी नामित व्यक्ति के हक में करवा रहा है। किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई उज्र हो तो 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में सूचित करें।
दिनांक-28/05/2025
सुनिल कुमार शर्मा एडवोकेट
मो.-7740893484

**इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के**
(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (दक्षिण) जयपुर महानगर प्रथम जयपुर,
नाथूलाल (प्रेमलता)
बनाम
ललिता देवी (अशोक)
डिग्री बाबत
मुकद्दमा नं. 23/2025 सन् 20
बनाम मुसम्मी अशोक शर्मा वल्द स्व. ओमप्रकाश शर्मा कौम ब्राह्मण साकिन म. नं. 1070, गंगा माता की गली, गोपाल जी का रास्ता, चौकडी विश्वेश्वरजी, जयपुर। चूंकि डिक्रीदार ने डिग्री अदालत उपरोक्त नाथूलाल शर्मा मवर्खे ललिता देवी व मुकद्दमे नं. 1081 सन् 2017 की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में....... वार 04 तारीख 07 माह 2025 को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करों आज व तारीख 20 माह 05 सन् 2025 व शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया।
मुहर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, दक्षिण जयपुर महानगर-प्रथम

**इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के**
(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (दक्षिण) जयपुर महानगर प्रथम जयपुर,
नाथूलाल (प्रेमलता)
बनाम
ललिता देवी (अशोक)
डिग्री बाबत
मुकद्दमा नं. 23/2025 सन् 20
बनाम मुसम्मी संगीता शर्मा पत्नी अशोक शर्मा कौम ब्राह्मण साकिन म. नं. 1070, गंगा माता की गली, गोपाल जी का रास्ता, चौकडी विश्वेश्वरजी, जयपुर। चूंकि डिक्रीदार ने डिग्री अदालत उपरोक्त नाथूलाल शर्मा मवर्खे ललिता देवी व मुकद्दमे नं. 1081 सन् 2017 की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में....... वार 04 तारीख 07 माह 2025 को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करों आज व तारीख 20 माह 05 सन् 2025 व शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया।
मुहर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, दक्षिण जयपुर महानगर-प्रथम


# कलक्टर ने ली योजनाओं व बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक

- केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन करावे
- आमजन की परिवेदनाओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से करें निस्तारित
- गुरू गोवलकर योजना के लिए चयनित रामगढ में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जायें

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं, बजट घोषणाओं, राजस्थान संपर्क पोर्टल, अंतर विभागीय लंबित कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा कर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को उनकी मंशा के अनुरूप धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करावे। प्रत्येक पात्रा व्यक्ति को इन योजनाओं से जोडकर उन्हें लाभांवित कराया जावे। रेंडम आधार पर इन योजनाओं की जांच की जाएगी। यदि इनके संचालन में किसी प्रकार की खानापूर्ति व उदासीनता पाई गई तो संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि प्रतिदिन संबंधित अधिकारी पोर्टल का अवलोकन कर इस पर आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कार्यालय, जनसुनवाई आदि से प्राप्त परिवेदनाओं का भी गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण किया जावे। पोर्टल का अवलोकन नहीं करने, परिवेदनाओं के निस्तारण में उदासीनता बरतने व निस्तारण का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक से संबंधित परिवेदनाएं अधिक समय तक लंबित रखने पर नाराजगी जाहिर कर आज ही दोनों प्रकरणों का निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि निर्धारित टाइम लाइन के अनुरूप कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। राज्य स्तर से संबंधित बिंदुओं को समय पर अवगत कराए ताकि उनका समयबद्ध रूप से निराकरण कराया जा सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। कार्यों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत जिले के रामगढ ब्लॉक का चयन होने की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के 41 ब्लॉक में से अलवर जिले के रामगढ ब्लॉक का चयन किया गया है। इस योजना के तहत पिछडे ब्लॉक में सामाजिक एवं आर्थिक विकास कार्य किए जाएंगे। इसके लिए डेढ करोड रूपये का विशेष बजट आवंटित हुआ है। उन्होंने योजना के रामगढ में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को स्वयं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने प्रोजेक्ट समृद्ध किसान के साथ कृषि व किसानों से जुडी योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपसी समन्वय रखकर किसानों को न केवल योजनाओं से जोडे बल्कि उनका लाभ दिलाकर उन्हें समृद्धि की ओर लाने की दिशा में कार्य करें। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, डीटीओ सुरेश यादव, सरस डेयरी की एमडी सुनीता यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक महेश चंद गुप्ता, पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव, राजीविका की डीपीएम श्रीमती रेखारानी व्यास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## साक्षी जाट व नितिन कुमार ने बढ़ाया मान

**कोटपूतली।** सांगानेर स्थित जीनेक्स्ट वर्ल्ड स्कूल की विद्यार्थी साक्षी जाट ने दसवी बोर्ड परीक्षा में 94.67 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता, शिक्षकों, विद्यालय का मान बढ़ाया है। साक्षी जाट ने इस सफलता के लिए शिक्षकों की मेहनत, माता-पिता का भरपूर सहयोग एवं परिवारजनों द्वारा समय-समय पर की गई हौसला अफजाई को प्रमुखता से माना है, साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के लिए अटल संकल्प की परिकल्पना को साकार करने के लिए निरन्तर अध्ययन, मनन, चिंतन पर बल दिया। इसी तरह कोटपूतली के सुन्दरपुरा रोड स्थित मनुविहार कॉलोनी निवासी नितिन कुमार पुत्र हरिराम ने 92.33 प्रतिशत अंक हांसिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। नितिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां अल्का गुर्जर व पिता हरिराम एंव गोरधनपुरा स्थित गैलेक्सी इन्टरनेशनल सिनियर सैकेन्डरी स्कूल के अध्यापकों को दिया है।

## वरिष्ठजनों के सशक्तीकरण पर कार्यशाला आयोजित

**कोटपूतली।** वरिष्ठजनों के कल्याण और सशक्तीकरण पर कार्यशाला का आयोजन राजपूताना ऐज्यूमेशन शिक्षण संस्थान में बुधवार को प्रातः 9.30 से सायं 5 बजे तक किया गया। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कार्यशाला का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया एवं वरिष्ठ नागरिकों को सारगर्भित रूप से सरकार की योजनाओं एवं जीवन को सुगम बनाने हेतु रचनात्मक व्याख्यान दिया। इस दौरान वरिष्ठजनों के साथ-साथ समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत सहित विभिन विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग एवं वरिष्ठजनों के सम्बन्ध में अपना व्याख्यान दिया।

## खेत पर काम रहे किसान की मौत

**निवाई।** गांव अरनिया में कृषि कार्य करने के दौरान एक किसान की मृत्यु हो गई। दत्तवास थानाधिकारी कालूराम ने बताया कि बुधवार की सुबह रामदयाल गुर्जर खेत में अचेत अवस्था में पड़ा था। परिजनों ने उसे निवाई अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने रामदयाल पुत्र नंदराम गुर्जर उम्र 30 वर्ष निवासी अरनिया को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों की सूचना पर दत्तवास पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## पुलिस ने किया अन्तिम संस्कार

**निवाई।** सदर पुलिस थाना पुलिस ने मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर नगरपालिका के सहयोग से मृतक के शव का अन्तिम संस्कार करवा दिया। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि रविवार को जयपुर से इन्दौर जाने वाली ट्रेन से चनानी फाटक के समीप रेलवे ट्रेक पर संतुलन खराब होने से एक यात्री गिर गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को उप जिला अस्पताल निवाई की मोर्चरी में रखवाया था।

# रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

- अधिकारी जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए पात्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं : कलक्टर



जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने रात्रि चौपाल में लोगों के अभाव अभियोग सूने ।

**कोटपूताली।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मंगलवार को कोटपूतली उपखंड के ग्राम नारेहडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने और कई समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में बडी संख्या में ग्रामजनों ने अपनी समस्याओं को जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें बिजली, पानी, सडक, स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएम आवास, सड़क निर्माण, पेंशन सत्यापन, चिकित्सा सुविधा, राजस्व संबंधी, अतिक्रमण हटाने आदि समस्याएं शामिल रही। जिला कलेक्टर ने समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन सत्यापन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा एवं आरएसआरडीसी अधिकारी को स्वीकृति नारहेडा सडक निर्माण कार्य तुरंत प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचईडी और विद्युत विभाग अधिकारी को गर्मी के मद्देनजर बिजली एवं पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने व आवश्यक प्रबंध पुख्ता रखने को कहा । जिला कलक्टर ने प्रत्येक ग्रामीण की समस्या को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान किया जाएं। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रसद विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही पात्रता व आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर एवं जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास मीणा, अधीक्षण अभियंता पी डब्ल्यू डी रामवतार कुमावत, समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार सहित जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## निःशुल्क योग शिविर शुरू

**निवाई।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर शिवाजी पार्क में निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ हुआ है। योग प्रशिक्षक अशोक लांगडी ने बताया कि योग शिविर आमजन को योग के प्रति जागरूक करने एवं स्वस्थ रखने के उद्देश्य से 20 मई से 20 जून तक आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में पतंजलि योग समिति द्वारा सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम का अभ्यास करवाया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ रखी गई है। इसको ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। शिविर में कई योग प्रेमी भाग ले रहे हैं। शिविर में सभी समाजों के पुरुष, महिला, युवाओं को शिविर में भाग ले सकते है।


**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER (JAIPUR) RAJASTHAN) Distt.- Deeg
No. : F. /Estt./COA-K/2025/3829 Dated :- 27/05/2025
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding Labour Supply of Smart Desk cum Bench (Dual Desk) are invited from interested bidders upto 11.30 AM of 05.06.2025 and open on 05.06.2025 at 12.30 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan state; and www.sknau.ac.in University website. NIB Code: SKN2526A0066 and UBN is: SKN2526SSOB00069
Raj.Samwad/C/25/3206 DEAN

**राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद**
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283, फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rssсjaipur@gmail.com
क्रमांक :- एफ-9/आगार सामान्य./239 दिनांक :- 27/05/2025
**नीलामी सूचना संख्या-16/2025-26**
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में प्लास्टिक कुर्सी, लोहे के पाईप एवं लोहे की अन्य अनुपयोगी सामग्री की नीलामी दिनांक 02.06.2025 को दोपहर 11:00 बजे की जायेगी। नीलामी सूचना एवं अन्य सभी शर्तें वेबसाइट www.rssc.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN No.: RSC2526SSOB00017
राज.संवाद/सी/25/3190 सचिव


# ग्रामीणों ने निकाली तिरंगा यात्रा

- यात्रा में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां, बच्चे भी शामिल हुए, यात्रा में देश भक्ति के नारे गूंजते रहे



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर टोंक में लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली।

**टोंक ।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं मां भारती के वीर जवानों के सम्मान में टोंक विधानसभा के देहात मंडल के साडा गांव में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगा रहे थे, साडा गांव के मुख्य बाजार से होकर गुजरी । इस यात्रा के दौरान माहौल देश भक्ति का हो गया। यात्रा में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां, बच्चे भी शामिल हुए, यात्रा में देश भक्ति के नारे गूंजते रहे।

इस यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेना को कार्यवाही के लिए खुली छूट देने पर संभव हुआ है। इस कार्रवाई से दुनिया को यह संदेश मिला है कि भारत अब महाशक्ति बन चुका है। भारत को आंख दिखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं किया है और न आगे करेगा। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल, यात्रा संयोजक प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, मंडल अध्यक्ष धर्मराज गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य सोनू परिडवाल, तरुण टिक्कीवाल, विनायक जैन, शंभू शर्मा, देहात महामंत्री केदार गुर्जर, उपाध्यक्ष चौथमल जाट, पूर्व सरपंच नारायण सिंह आदि मौजूद थे।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू**
chaksuulb.jaipur@gmail.com
कमांक / न.पा.चा. / 2025 / 1523 दिनांक: 23.05.2025
**संशोधित भूखण्डों की ई-निलामी**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका चाकसू में पालिका की अनुमोदित आईडीएसएमटी योजना रेल्वे स्टेशन फागी रोड चाकसू के भूखण्डों की ई-निलामी प्त्र क्रमांक / न.पा.चा. / 2025 / 1404 दिनांक 23.05.2025 में द्वारा जारी की गई थी जिसमें निम्न संशोधन किये जाते है (भूखण्ड का नाम, व बोली सम्बन्धित वार) :-

| क. सं. | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड का प्रकार | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | आरक्षित दर प्रति वर्गमीटर | तादाद भूखण्डों की संख्या | अमानता राशि (प्रति भूखण्ड) | बोली प्रक्रिया / आवेदन शुल्क | निलामी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईडीयू-1 | शैक्षणिक | 3746.02 | 2000 | 01 | 50,000 / – | 1000 / – | 13.06.2025 |

**ई-निलामी सम्बन्धित समय व दिनांक का विवरण :-**
ई निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्त वेबसाईट http://sso.rajasthan.gov.in ई-ऑक्सन एप्लीकेशन (E-Auction Application) के माध्यम से देखी जा सकती है।

निलामी दिनांक 13.06.2025 का विवरण

| विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 24.05.2025 (शनिवार) प्रातः 11.00 बजे से 12.06.2025 (गुरूवार) तक सांय 6 .00 बजे तक |
| ई-निविदा में भाग लेने हेतु राशि जमा कराने की तारीख | 24.05.2025 (शनिवार) प्रातः 11.00 बजे से 12.06.2025 (गुरूवार) तक सांय 6 .00 बजे तक |
| ई-निविदा की तारीख | 13.06.2025 (शुक्रवार) को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 15 .06.2025 सायं 04 .00 बजे तक |

राज.संवाद / सी / 25 / 3202 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

## संक्षिप्त

### नथ छीनकर आरोपी फरार

**टोंक।** दूनी थाना क्षेत्र के निवारिया गांव में घर के आंगन में सो रही बुजुर्ग महिला के नाक से बदमाश ने सोने की नथ छीनकर भाग गया, जब महिला चिल्लाई तो उसका भाई जागा और चोर को पकडने का प्रयास किया लेकिन आरोपी बाहर खडी बाइक से फरार हो गया। जिसकी फुटेज पडोसी के मकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया, पीड़िता मां गीता देवी के अनुसार सोने की नथ की कीमत करीब एक लाख 10 हजार रुपए बताई गई। पीडिता कुछ दिन पहले अपने पीहर निवारिया गई थी, वह अपने भाई प्रहलाद मीणा के घर के आंगन में सो रही रही थी, तभी मंगलवार सुबह 4 बजे अज्ञात बदमाश धीरे से आंगन में आया और नाक से 12 ग्राम सोने की नथ छीन कर बाहर खडी बाइक पर अपने साथी के साथ फरार हो गया। दूनी थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### नरेगा कार्य समय में बदलाव

**टोंक।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मनरेगा कर्मियों के कार्य समय में परिवर्तन कर उन्हें बड़ी राहत दी है। जिला कलेक्टर डॉ. झा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी (हीट वेव) को दृष्टिगत रखते हुए जिले में नरेगा श्रमिक सुबह 5:30 से दोपहर 12:30 बजे तब कार्य करेंगे। नरेगा श्रमिकों के लिए यह समय 15 जुलाई या मानसून आने तक प्रभावी रहेगा।

### सीएलजी की मीटिंग हुई

**टोंक।** पीपलू उपखंड क्षेत्र के झिराना थाने पर वृताधिकारी अरविंद की अध्यक्षता में सीएलजी बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक दल, सुरक्षा सखी, उपस्थित हुए। बैठक में साइबर क्राइम के प्रति सजग रहने, किसी भी तरह का साइबर क्राइम हो जाता हैं तो उसकी रिपोर्ट साइबर क्राइम या संबंधित थाने में देने, चाइल्ड हेल्पलाइन पर बच्चों को मिलने वाली सहायता, महिला हेल्पलाइन 1090 पर पर महिलाओं को मिलने वाली आवश्यक सहायता के बारे में जागरूक किया गया। वहीं थानाधिकारी हरिमन मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### मयंक दसवीं में टॉप पर

**निवाई।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के परीक्षा परिणाम 2025 में छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है। उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर निवाई का छात्र मयंक अग्रवाल पुत्र प्रेमचंद अग्रवाल ने 97.17 प्रतिशत, छात्रा सोनल जाट पुत्री मदनलाल जाट 96.67, छात्र युग शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा ने 95.50, भुवनेश जैन पुत्र त्रिलोकचंद जैन ने 95.50, अभिषेक चौधरी पुत्र बद्री नारायण जाट ने 95.67, निशा गुर्जर पुत्री हरकेश गुर्जर ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार दादुदयाल उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई की छात्रा सुमन मीणा पुत्री राजेंद्र मीणा ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। इसी प्रकार वंशिका पब्लिक स्कूल स्कूल निवाई की छात्रा स्वाति जैन पुत्री विजय अठावाल 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वह अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनना चाहती है व छात्र पीयूष कसाना पुत्र सुरेन्द्र कसाणा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है वह चिकित्सक बनना चाहते है। इसी प्रकार एमडीएस सीनियर हाय सैकेण्ड्री स्कूल निवाई के छात्र आर्यन सैनी पुत्र प्रेमचन्द सैनी ने 91.68 प्रतिशत

# अलवर में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन, तुलसी के पौधे रोपे

**अलवर ।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज हसनखां मेवात नगर में वी-शक्ति ट्रस्ट के कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया । इस दौरान उन्होंने तुलसी पूजन कर तुलसी के पौधे का रोपण किया। वी-शक्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रज्ञा यादव ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं केवल मिट्टी के बर्तन बनाने, सिलाई करने जैसे कार्य हाथ से करने तक ही सीमित थीं, वर्तमान समय में महिलाएं कंप्यूटर, अंग्रेजी शिक्षा और डिजिटल दुनिया में अपनी जगह बनाना चाहती हैं। वी-शक्ति ट्रस्ट उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट ने सेवानिवृत महिलाओं और पुरुषों के लिए एक 'गौशाला लाइब्रेरी' की भी स्थापना की गई है जहां वे अपने खाली समय में जाकर गीता और गोपाल के पाठ पढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा हेतु 'ई-गुरुकुल' और 'ई-लाइब्रेरी' की शुरुआत की गई



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ बच्चों को डिजिटल ज्ञान दे रहा है वी-शक्ति ट्रस्ट।

है,जहाँ उन्हें डिजिटल ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए 'ज्ञान वाहन' संचालित किया जा रहा है जिसमें डिजिटल सुविधाओं से युक्त पुस्तकें मौजूद हैं जो बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने बताया कि वी-शक्ति ट्रस्ट द्वारा अलवर के विभिन्न क्षेत्रों में लघु मेलों का आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन मेलों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष आयोजित हुए कार्यक्रम में लगभग 13 हजार बच्चों ने हिस्सा लिया।

उनमें से विजेता रहे 700 लड़के और लड़कियों के लिए 1 जून से समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में देशभर से श्रेष्ठ कोच प्रतिभागियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त इस शिविर में बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ भी करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि वी-शक्ति ट्रस्ट महिलाओं को विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को चिकित्सकों द्वारा माहवारी के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस प्राकृतिक प्रक्रिया के दौरान महिलाओं को न तो घबराना चाहिए और न ही शर्म महसूस करनी चाहिए। इस दौरान राजीविका की डीपीएम श्रीमती रेखारानी व्यास सहित बडी संख्या में महिलाए एवं बालिकाएं मौजूद रही।

> ■ 'महिलाएं केवल मिट्टी के बर्तन बनाने, सिलाई करने जैसे कार्य हाथ से करने तक ही सीमित थीं

## सार-समाचार

### नड्डा के जयपुर दौरे की तैयारी



**अलवर ।** आगामी 31 मई को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के जयपुर दौरे की तैयारियों के विषय में आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी उपस्थित रहे अपने संबोधन में अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर की 300 भी जन्म जयंती के उपलक्ष में जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा 31मई को जयपुर आएंगे जहां वह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। आगे अपने संबोधन में चतुर्वेदी ने बताया कि माता अहिल्याबाई होलकर का जीवन सादगी पूर्ण उच्च आदर्श वाला था वह एक न्याय प्रिय प्रशासक थी जिन्होंने सदैव वंचित वर्ग को मुख्य धारा मे लाने का कार्य किया वह सनातन धर्म को जीवित रखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर का पुन उद्धार कराया जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता की एवं अपने संबोधन में कहा कि यह जन्म जयंती कार्यक्रमों के अंतर्गत रंगोली, चित्रकला, वाद-विवाद, कवि सम्मलेन जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। साथ ही अब तक हुए कार्यों की समीक्षा भी की बैठक के अंत में जिला उत्तर के अध्यक्ष महा सिंह चौधरी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में पूर्व विधायक जय राम जाटव पूर्व जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया इंद्रजीत सिंह,महामंत्री राम अवतार चौधरी, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष रमेश रावत हरीश यादव रमन गुलाटी हरिशंकर खंडेलवाल विष्णु शर्मा तिजारा प्रधान जेपी यादव,जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, महेश निहलवानी रवि यादव सहित सेकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

### आतंकी हमले की मॉक ड्रिल

**भरतपुर ।** शहर के हीरादास बस स्टैंड पर आतंकी हमले की एक मॉक ड्रिल कराई गई, जिसमें भरतपुर पुलिस,आर्मी, स्वास्थ्य विभाग और सिविल डिफेंस सहित प्रशासनिक अमले ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। मॉक सिचुएशन के अनुसार, आतंकी हमले में करीब चार यात्री घायल हुए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा और आम लोगों को जागरूक करना था। जैसे ही घटना की सूचना प्रशासन को मिली, पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को बाहर निकाल कर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी तत्परता से मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार और जीवन रक्षक सुविधाएं उपलब्ध कराईं। बस स्टैंड पर अचानक चल रही इस कार्रवाई को देखकर यात्रियों और स्थानीय लोगों में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें समझाकर मॉक ड्रिल के उद्देश्य की जानकारी दी। पुलिस और स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों ने बताया कि ऐसी मॉक ड्रिल समय-समय पर की जाती हैं ताकि किसी भी आपदा या आतंकी हमले की स्थिति में विभाग त्वरित और समन्वित ढंग से कार्य कर सके।

### चोरी गया ट्रेलर बरामद

**कोटपूतली ।** स्थानीय थाना पुलिस ने गत 24 मई की रात्रि को जयपुर -दिल्ली राजमार्ग पर बानसूर कट के पास से हुई एक ट्रेलर चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने 80 लाख रूपये बाजार भाव के ट्रेलर व उसमें भरे माल को भी सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि ट्रेलर चालक महेन्द्र यादव ने दर्ज करवाया था कि वह ट्रेलर नं. आर जे 32 जी डी 5803 में टाईल्स भरकर मोरबी, गुजरात से हरियाणा के फरीदाबाद जा रहा था। इसी दौरान विगत 24 मई की रात्रि को करीब 11.30 बजे कोटपूतली स्थित बानसूर कट पर ट्रेलर को राजमार्ग पर साईड में खड़ा करके चाय पीने होटल पर चला गया था। इतनी ही देर में पीछे से अज्ञात व्यक्ति आया एवं ट्रेलर को स्टार्ट करके चोरी कर ले गया।

## 'विद्यार्थी राष्ट्रहित, सामाजिक मूल्यों की ओर प्रेरित हो'

**भरतपुर।** महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर में छात्र संघर्ष समिति के तत्वावधान में "सामाजिक-शैक्षिणक संवाद कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह (विभाग संघचालक), विशिष्ट अतिथि अरविंदपाल सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष, राजस्थान फुटबॉल संघ) एवं कुलसचिव सी.एस. जोरवाल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव सी.एस. जोरवाल ने की तथा मंच संचालन डॉ. पुष्पेन्द्र सोलंकी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों, पर्यावरण और संस्कृति के संरक्षण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने नैतिक शिक्षा, सेवा-भावना एवं चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया। विशिष्ट अतिथि अरविंदपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपने योगदान की चर्चा करते हुए भविष्य में भी संघर्ष समिति एवं प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने का आश्वासन दिया। उन्होंने रोडवेज बस संचालन, जलापूर्ति और सड़क चौड़ीकरण जैसी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के साथ समन्वय का भरोसा दिलाया। बी.ए. एलएल.बी., जूलॉजी एवं केमिस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षिणक फीस में कटौती, परीक्षा परिणाम समय पर जारी करने, परीक्षा संबंधी त्रुटियों के शीघ्र समाधान, शिक्षक-विद्यार्थी संवाद सत्र नियमित कराने, छात्र उपस्थिति प्रभारी शिक्षक की नियुक्ति तथा पारदर्शी शुल्क निर्धारण प्रणाली लागू करने जैसी मांगें रखीं। कुलसचिव श्री सी.एस. जोरवाल ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक एवं त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट लोकेश तमरौली ने विश्वविद्यालय में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और संवाद की संस्कृति को सुदृढ़ करने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालक डॉ. पुष्पेन्द्र सोलंकी ने वीर शिरोमणि, हिन्दू धर्म रक्षक एवं अजेय योद्धा महाराजा सूरजमल के जीवन, उनके अद्भुत शौर्य, नेतृत्व एवं सामाजिक समरसता के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को महाराजा सूरजमल जी के आदर्शों से प्रेरित होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। अतिथियों को साफा एवं पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

> ■ संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव सी.एस. जोरवाल ने की तथा मंच संचालन डॉ. पुष्पेन्द्र सोलंकी ने किया

## फायरिंग करने का आरोपी पकड़ा

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने गत 22 मई की शाम को क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में एक लोन रिकवरी एजेंट को गोली मारने की वारदात के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। उक्त वारदात को अन्जाम देने वाला अभियुक्त घनश्याम उर्फ धन्ना वाल्मिकी विगत 24 मई की रात्रि को खरकड़ी मोड़ स्थित एक शराब गोदाम में की गई आगजनी की घटना का भी मुख्य आरोपी है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस सम्बंध में राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती मरीज ग्राम टापरी निवासी राजेश (26) पुत्र महावीर गुर्जर ने जरिये पर्चा बयान दर्ज करवाया था कि वह बहरोड़ स्थित आईडीएफसी बैंक में लोन रिकवरी एजेंट के रूप में कार्यरत है। उक्त बैंक से ग्राम गोपालपुरा निवासी प्रीतम पुत्र ओमप्रकाश वाल्मिकी ने पर्सनल लोन ले रखा था। जिसको लेकर 22 मई की शाम करीब 04.30-05 बजे परिवादी राजेश अपने रिश्तेदार ग्राम बाला का नांगल निवासी महेश पुत्र रामकरण गुर्जर के साथ मोटरसाईकिल द्वारा लोन की किश्त लेने ग्राम गोपालपुरा स्थित प्रीतम वाल्मिकी के घर पहुंचे थे। प्रीतम के बारे में पुछने पर वहाँ मौजूद उसका भाई धन्ना वाल्मिकी गुस्से में आकर कहने लगा कि तुम कौन होते हो घर आकर रूपये मांगने वाले, अभी रूको तुम्हें बताता हूँ, इतनी ही देर में मारपीट पर आमादा हो गया, झगड़े के डर से दोनों बाईक द्वारा वापिस जाने लगे तो धन्ना वाल्मिकी ने जान से मारने की नीयत से परिवादी पर फायर कर दिया जो कि पीड़ित राजेश गुर्जर के बांये हाथ की बाजु में लग गई। मौके पर मौजूद पीडिष्त के रिश्तेदार महेश व ग्रामीणों ने उसे राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। इस सम्बंध में पुलिस ने एसपी राजन दुष्यंत के निर्देश पर घटना को गंभीरता से लेते हुये एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन एवं डीएसपी राजेन्द्र बुरकड व एसएचओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया। इस सम्बंध में पुलिस ने अभियुक्त के सम्भावित ठीकानों पर लगातार दबिश देकर उक्त आरोपी घनश्याम उर्फ धन्ना (23) पुत्र ओमप्रकाश वाल्मिकी निवासी ग्राम गोपालपुरा, कोटपूतली को गिरफ्तार किया है।

# जाति बदल कर जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले की जांच तेज

**अलवर।** अलवर तहसील की माचडी ग्राम पंचायत के ग्राम अलापुर में जाति बदल कर जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले की जांच कार्य में अब जल्दी ही तेजी आने वाली है । जांच अधिकारी तहसीलदार अलवर जाति बदल कर जमीन की खरीद फरोख्त करने वालों की जाति की सत्यता की रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए उनके पैतृक गांव के पटवारी के नाम पत्र जारी करने वाला है। जो संभवत इसी सप्ताह में संबंधित पटवारी के पास पहुंच जाएगा और एक सप्ताह बाद इसकी रिपोर्ट अलवर एसडीएम के समक्ष पेश हो जाएगी।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मीडिया से की मीडिया ने लगातार समाचारों प्रकाशन कर मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में ला दिया था लेकिन लिखित शिकायत के अभाव में यह मामला अधर में लटका रहा। सूत्रों ने बताया कि फर्ज कारी करने वालों ने कुछ दलालों से मुलाकात कर जांच अधिकारियों को अपने सांचे में ढालने का विफल प्रयास किया जा रहा है। इधर अधिकारियों को भी पता है कि अगर जांच में किसी प्रकार की लेन-देन कर मामले को लटकाया गया या फाइल को बंद करवाने का प्रयास किया तो मीडिया उनका पीछा छोड़ने वाला नहीं अगर जरूरत पड़ी तो इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा ताकि भाजपा की जीरो टोल्स नीति बरकरार रहे और ऐसा फर्ज कारों पर कानून की मार पडे ताकि आगे से कोई ऐसा कार्य नहीं कर सके । अलापुर निवासी गुर्जर मल के पोत्र दिनेश कुमार पुत्र किशोरी लाल ने इस संदर्भ में एक शिकायती पत्र अलवर एसडीएम को उनके कार्यालय पहुंच कर सौपा है जिसमें उसने बताया है हाल खसरा नम्बर 22 एवं 24 को जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह जाति राय सिख ने प्रथम बार जमीन मालिक गुजरमल पुत्र मवासी जाति जाटव खातेदार से मजबी सिख बनकर एससी की जमीन की खरीद की थी जिसका नामांतरण संख्या 536 एव 537 निर्णय 31 मई 1990 को स्वीकृत कर जमाबंदी 2045-48 मे नामांतरण का नोट अंकन कर दिया गया नामांतरण में भी जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह की जाति मजहबी सिख दर्ज की गई जिसने राजस्थान टीनेक्स एक्ट 1955 की धारा 42 का उल्लंघन किया गया है। जिसके बाद से लगातार 2069-2072 खाता संख्या 106 में जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह निवासी पीपली का बास तहसील किशनगढ़ बास अलवर की जाति रिकार्ड में मजबी सिख दर्ज की गई। उस समय तत्कालीन पटवारी नंद किशोर परेवा हाल आफिस कानूनगो मालाखेडा द्वारा जमाबंदी 2069-72 के खाता संख्या 106 को आधार मानते हुए शुद्धि पत्र संख्या 2 दिनांक 14 जून 2018 को अलापुर से रणजीत पुत्र नत्था सिंह जाति राय सिख से मजबी सिख कर दी गई परन्तु जानबूझ कर उसी खाते में दर्ज जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह की जाति रायसिख से मजबी सिख करना छोड दी गई। जिस कारण जीत सिंह ने पुन उक्त खसरो का बेचान रेशम कौर पत्नी तारा सिंह जाति राय सिख वगेराह को कर दिया। अगर उसी समय तत्कालीन पटवारी नंद किशोर परेवा शुद्धि पत्र 2 भरते समय हेराफेरी नही की होती तो टिनेक्सी एक्ट की धारा 42 की रिपोर्ट सक्षम अधिकारी को की होती तो उक्त खसरो का बेचान रुक सकता था लेकिन उसने ऐसा नही किया। शिकायत कर्ता ने एसडीएम अलवर से मांग की है कि इस भूमि की खरीद फरोख्त में फर्जीवाडा किया गया है एवं फर्जीवाड़े में शामिल तत्कालीन पटवारी सहित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए एवं उक्त जमीन को वापिस गुजर मल के नाम दर्ज करवाई जाए। जांच अधिकारी फर्ज कारों की जाति सत्यता के लिए किशनगढ़बास एसडीएम और लक्ष्मणगढ एसडीएम को पत्र लिख कर उनके संबंधित गांव के पटवारी द्वारा उनकी जाति की रिपोर्ट मंगवाने जिसके लिए जल्दी ही पत्र जारी किया जा रहा है और रिपोर्ट आते ही फर्ज कारों पर कानून का डंडा पड़ेगा और उक्त जमीन जो आज के समय में करोडो की है। वापस प्रथम पार्टी के नाम दर्ज की जाएगी साथ ही फर्ज कारी करने वाले परिवार के उन सभी सदस्यों और अधिकारियों पर प्रशासन धोखाधडी करने का मामला दर्ज भी करा सकता है। इस मामले की जांच कर रहे अलवर तहसीलदार रश्मि शर्मा और नायब तहसीलदार अशोक शर्मा से मामले की जानकारी फोन पर लेनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। लेकिन जांच अधिकारियों से इस मामले के बारे में सम्पर्क कर रहे ग्रामीणों ने मीडिया को अब तक की जांच कार्यवाही के बारे में ऑन रिकॉर्ड बताया जैसा कि उन्हें अधिकारियों ने बताया। जब इस मामले में कानून के जानकारों से बात की तो उन्होंने कहा कि एससी की जमीन कानूनन एससी ही खरीद सकता है जबकि बंजार सिंह राय सिख होने के कारण ओबीसी में आता है और उसने जमीन खरीदने में जो जाति बदलने का फर्जीवाडा किया है जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में अधिकारी और पटवारी सहित जमीन के अन्य खरीददार भी दोषी है इन सभी पर कार्यवाही होनी चाहिए।

> ■ ग्रामीणों का आरोप जांच प्रभावित करने में कुछ दलाल जुटे हुए है

## 'केंद्र व राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

**टोंक।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से बुधवार को नगर परिषद टोंक के अग्निशमन केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। वृद्धजन पेंशन योजना के माध्यम से टोंक जिले में 1 लाख 25 हजार 148 पेंशनरों को लाभान्वित किया जा रहा है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना 16 हजार 909 बुजुर्गों के जीवन का महत्वपूर्ण सहारा बनी है। सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति का ध्यान रख उसे समाज की मुख्य धारा से जोड़े रखने में सहायता कर रही है।

वही कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि बुजुर्ग भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। बुजुर्गों का अनुभव और ज्ञान परिवार की अनमोल धरोहर है। बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए। चौहान ने कहा कि बुजुर्गों के सानिध्य में बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर ढंग से हो पाता है। उम्र के इस अंतिम पड़ाव पर युवा पीढ़ी को वृद्धजनों की सेवा करनी चाहिए। अतिथियों ने जिले के विभिन्न उपखंडों से आए वृद्धजनों का माला पहनाकर सम्मानित किया।

साथ ही, उनको सहायक उपकरण वितरित किए। कार्यशाला में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. भरत लाल बैरवा एवं योग प्रशिक्षक सत्यनारायण नामा ने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग व ध्यान के बारे में बताया। पुलिस विभाग से आए अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को लेकर उनके अधिकारों एवं कानून की जानकारी दी। बैंक से आए अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय योजना और डिजिटल साक्षरता के बारे में विस्तार से बताया। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया।

# मोहित ने 95.67 प्रतिशत अंक लाकर दसवीं में फहराया परचम

**चाकसू ।** उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू कक्षा 10 राजस्थान, अजमेर बोर्ड परीक्षा 2025 में विद्यालय के छात्र मोहित जांगिड पुत्र राकेश जांगिड ने 95.67 प्रतिशत, वेदिका मीणा पुत्री गिर्राज मीणा ने 94.67, भावना बैरवा पुत्र रतनलाल बेरवा ने 91.33, सुहाना कुमावत पुत्री हनुमान कुमावत ने 90 अंक प्राप्त कर चाकसू क्षेत्र और विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा है।

इसके लिए विद्यालय प्रबंध समिति के व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती, समिति के सदस्य सत्यनारायण सांवरिया, संस्था प्रधान सुमेर सिंह शेखावत और बालिका प्रधानाचार्या सीमा शर्मा, विद्यालय के



वेदिका मीणा पुत्री गिर्राज मीणा ने 94.67, भावना बैरवा पुत्र रतनलाल बेरवा ने 91.33 फीसदी अंक लाकर जिले का नाम रौशन किया।

स्टाफ द्वारा बालक/ बालिकाओं के घर जाकर तिलक ,माल्यार्पण तथा उनका मीठा मुंह करा कर स्वागत /सत्कार किया तथा अभिभावकों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बालक/ बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। बालकों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता गुरुजनों और विद्यालय को दिया। कठोर परिश्रम,लगन और समर्पण द्वारा ही श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त किया जा सकते हैं। विद्यालय के प्रभारी गणपत सिंह सिसोदिया, कजोड मल सैनी, राजाराम जाट, पवन कुमार शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

> ■ अभिभावकों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया

## अस्पताल का औचक निरीक्षण

**निवाई ।** एसडीएम अनीता खटीक ने उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करके आवश्याक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, सोनोग्राफी, एक्सरे, दवा वितरण केंद्र, महिला वार्ड, साफ-सफाई, दवाइयों का स्टॉक और मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने लू ताप-घात के लिए बनाए गए वार्ड का भी निरीक्षण किया और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की और उनसे दवाइयों की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सोनोग्राफी व एक्सरे को देखा और उपस्थित स्टाफ से जानकारी ली। एसडीएम ने दवा वितरण केंद्र पर मिलने वाली दवाइयों की जानकारी ली एवं पीएमओ डॉ राजेश जैन से लू ताप-घात के लिए बनाए गए वार्ड की जानकारी ली।

# मालपुरा में कांग्रेस की रैली से कांग्रेसजनों ने बनाई दूरियां

**मालपुरा** (निस) कांग्रेस कमेटी आलाकमान द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार कांग्रेस कमेटी की और से बुधवार को आदर्श नगर पाण्डुकशिला मे जिला स्तरीय संविधान बचाओं रैली व जनसभा का आयोजन हुआ। रैली व जनसभा से कांग्रेसजनो ने इस कदर दूरियां बनाई की सभास्थल पर लगाई गई कुर्सीयां खाली रह गई।

नेताओं के मंच पर पहुंचने के बावजूद भीड नही जुटने पर आनन-फानन मे कार्यकर्ताओ ने सभास्थल से कुर्सीयां हटाई। संविधान बचाओं अभियान के तहत जिला स्तरीय रैली व जनसभा मे पहुंचे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पर जमकर निशाना सादते हुये कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो कि स्वघोषित स्वंयभू पीएम बने बैठे है तो राजस्थान मे पर्ची से मुख्यमंत्री बने भजन लाल शर्मा महज रबड की मोहर है। डोटासरा ने भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण रूप से विफल बताते हुये कहा कि मालपुरा मे ही नही सम्पूर्ण राजस्थान मे भाजपाई एक भी विकास कार्य गिना दे तो मुझे कहना।

भाजपा सरकार ने महज कांग्रेस की योजनाओं के नाम बदलने मे दो साल का कार्यकाल बिता दिया। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा की मोदी सरकार को जमकर आडे हाथो लेते हुये कह कि ऑपरेशन सिन्दुर भारतीय सेना के साहस व पराक्रम से सफल हुआ। लेकिन मोदी व अमित शाह इसे अपनी सरकार की उपलब्धि बता तिरंगा यात्रा निकाल इस अभियान का राजनैतिकरण कर रहे है। जूली ने कहा कि यदि पीएम के रगो मे सिन्दुर दौड रहा है तो क्यों अचानक जीते हुये युद्ध को सीजफायर मे बदला।

घर-घर सिन्दुर बांटने के बयानो पर जूली ने कहा कि भाजपाई ऐसी गलती ना करे। वरना देश की महिलाऐं सबक सिखा देगी। जूली व डोटासरा ने कहा कि यदि कांग्रेस सरकार ने जल-जीवन मिशन व एसआई भर्ती मे घोटाला किया था। तो भजन लाल सरकार डेढ साल मे भी एसआई भर्ती को रद्द क्यों नही कर रहै। सरकार मे दम है तो राजस्थान मे इंग्लिश मिडियम स्कुलो को बंद करके दिखाये। यदि ऐसा किया तो सरकार परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहे।




हमारा ये सफर जीत और चुनौतियां से भरा रहा। सहमारी टीम की फाइटिंग स्पिरिट, एकता और लचीलापन सबसे अलग था। हम प्रतिबद्ध रहे, एक-दूसरे का साथ दिया और कभी हार नहीं मानी। ऋषभ पंत का शुक्रिया। - संजीव गोयनका

एलएसजी के मालिक, ऋषभ पंत को शुक्रिया बोलते हुये।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ऋषभ पंत



लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिये 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऋषभ पंत का आईपीएल के इस सत्र में यह तीसरा अपराध है। आईपीएल के नये नियमों के तहत पंत पर प्रतिबंध लगाने की बजाये उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान मैच में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर या तो 12 लाख रुपये या उनके मैच शुल्क का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में धीमे ओवर रेट के लिए ऋषभ पंत पर यह जुर्माना लगाया गया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल टूर्नामेंट में आरसीबी और पीबीकेएस एकदूसरे से 35 मैचों में भिड़ीं। इन 35 मैचों आरसीबी ने 17 मैच जीते जबकि पीबीकेएस 18 मैचों में विजयी हुई।

## भारत 44 साल बाद एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप की करेगा मेजबानी

अहमदाबाद, 28 मई। भारत 44 सालों के बाद अगले साल अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत ने पिछली बार 1982 में नई दिल्ली में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। वर्ष 2026 एक से 10 अप्रैल तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में एशियाई मंच पर भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक ऐतिहासिक वापसी होगी। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 2024 में हुई एडब्ल्यूएफ कांग्रेस में इस चैंपियनशिप को गुजरात के गांधीनगर को आबंटित किया गया था। जिसका आयोजन स्थल अब बदलकर अहमदाबाद कर दिया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा शुरू की गई नई भार श्रेणियों के तहत आयोजित होने वाली पहली एशियाई चैंपियनशिप भी होगी। इससे वैश्विक स्तर पर खेल के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। यह चैपियनशिप भारतीय भारोत्तोलकों की नई पीढ़ी को मंच प्रदान करेगी।

## पंजाब किंग्स और आरसीबी मुकाबले में बारिश बनेगी विलेन

### मैच रद्द होने पर किसे होगा फायदा

चंड़ीगढ़, 28 मई। आरसीबी और पंजाब दोनों टीमें चाहेंगी कि बारिश इस मुकाबले से दूर रहे और अच्छी खबर ये है कि 29 मई को चंडीगढ़ में बारिश की संभावना बेहद कम है। हालांकि, अगर बारिश होती है तो मैच नहीं हो पाता है तो ये आरसीबी के लिए बड़ा झटका साबित होगा। पंजाब किंग्स को इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि लीग मैचों के बाद अंकतालिका में ऊपर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। क्वालीफायर 1 के लिए कोई रिजर्व डे नहीं है इसलिए बारिश के खलल के कारण पंजाब किंग्स फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी।

**मुंबई-गुजरात के बीच एलिमिनेटर मैच**

आईपीएल 2025 के लिए मुंबई और गुजरात ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन गुजरात तीसरे और मुंबई चौथे स्थान पर रही थी। इन दोनों टीमों के बीच इसी मैदान पर यानी चंडीगढ़ में ही 30 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इस मैच में हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी जबकि जीतने वाली टीम क्वालीफायर 2 में क्वालीफायर ए में हारने वाली टीम से भिड़ेगी।

## आईपीएल 2025 प्लेऑफ का पूरा शेड्यूल

नई दिल्ली, 28 मई। गुरुवार से आईपीएल 2025 के प्लेऑफ के मुकाबलों का आगाज होने जा रहा है। इस सीजन के लीग मैच खत्म हो गए हैं जिसके तहत सभी 10 टीमों के बीच 70 मुकाबले खेले गए। पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस, आरसीबी और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ क्वालीफाई किया है।आईपीएल 2025 का पहला क्वालीफायर पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच 29 मई को खेला जाएगा। ये मुकाबला चंड़ीगढ़ के मुल्लानपुर में खेला जाएगा। मैच का टॉस शाम 7 बजे से होगा, वहीं मुकाबले की शुरुआत साढ़े सात बजे से होगी। इस मैच को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश कर जाएगी, वहीं हारने वाली टीम को दूसरा क्वालीफायर खेलना होगा। शुक्रवार, 30 मई को न्यू चंड़ीगढ़ के मुल्लानपुर में एलिमिनेटर मैच होगा। एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होगा। इस मैच को जीतने वाली टीम पहला क्वालीफायर हारने वाली टीम के साथ दूसरा क्वालीफायर खेलेगी। मैच का टॉस शाम सात बजे होगा, वहीं मुकाबले की शुरुआत 7.30 बजे से होगी। रविवार, 1 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दूसरा क्वालीफायर मुकाबला खेला जाएगा। एलिमिनेटर मैच की विजेता टीम और क्वालीफायर-1 हारने वाली टीम के बीच क्वालीफायर-2 खेला जाएगा। इस मैच को जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। मैच का टॉस शाम सात बजे होगा जबकि साढ़े सात बजे मुकाबले की शुरुआत होगी।

**3 जून को फाइनल मुकाबला**

इसके बाद 3 जून को आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। खिताबी मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। क्वालीफायर 1 और क्वालीफायर 2 जीतने वाली टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

**फाइनल मुकाबले के लिए रिजर्व डे**

हालांकि, आईपीएल में क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच में रिजर्व डे नहीं होता है। वैसे अब तक आईपीएल में कभी भी क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच बारिश में नहीं धुआ है। बारिश को देखते हुए बीसीसीआई ने एक्स्ट्रा टाइम दो घंटे का रखा है। इसका मतलब अगर साढ़े 9 बजे भी मैच शुरू होता है तो भी मैच पूरे 20 ओवर का खेला जाएगा। अगर बारिश के कारण बिल्कुल भी मैच नहीं हो पाया तो फिर लीग स्टेज में पॉइंट्स टेबल में ऊपर रहने वाली टीम आगे बढ़ेगी। यानी उस मैच की विजेता होगा। खिताबी मैच के लिए रिजर्व डे रखा गया है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो. लीग के लिए नीदरलैंड हुई रवाना

बेंगलुरु, 28 मई। भारतीय महिला हॉकी टीम का 24 सदस्यीय दल कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में 28 मई से शुरु हो रही एफआईएच प्रो लीग यूरोपीय चरण के लिए बुधवार को यहां से नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई। हॉकी इंडिया की आज यहां जारी विज्ञिप्त के अनुसार भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेगी। उसके बाद टीम लंदन जाएगी, जहाँ उसे ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैच खेलने हैं। भारतीय महिला टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम से भिड़ेगी, उसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना की महिला टीम से मैच खेलेगा।

# पंजाब किंग्स, आरसीबी की नजर फाइनल के प्रवेश पर

चंडीगढ़, 28 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 क्वालीफायर वन मुकाबले से पहले आरसीबी जॉश हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी से उत्साहित है और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं पंजाब किंग्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी लय और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले यह मुकाबला जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जायेगी। प्लेऑफ में हमेशा मुकाबला आक्रामक होता रहा है। हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और फिनिशिंग पावर पंजाब किंग्स की मजबूत टीम को हराने सहायक होगी। आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के लिए 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड का तेज गेंदबाजी आक्रमण, अनुभव, अनुशासन और नियंत्रण उनकी क्षमता को बेहतरीन बनाता हैं। बीच के ओवरों में उनकी रन रोकने और



महत्वपूर्ण विकेट लेने की क्षमता पंजाब की गहरी बल्लेबाजी लाइनअप को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हेजलवुड के साथ, अनुभवी भारतीय खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या की ऑलराउंड क्षमता आक्रमण में और गहराई और विविधता जोड़ती है। टिम डेविड डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाकर मैच फिनिशिंग के लिए जाने जाते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी में विराट कोहली अहम भूमिक निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60.20 की औसत से 600 से अधिक रन बनाए हैं और लगातार अच्छी बल्लेबाजी ने आरसीबी को मजबूत स्थिति में रखा है। फिल साल्ट शीर्ष पर तेज शुरुआत प्रदान करता है, जबकि रजत पाटीदार ने हाल ही में फिटनेस संबंधी परेशानियों के बावजूद 140 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। मयंक अग्रवाल और रोमारियो शेफर्ड का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। पंजाब किंग्स को कम तर नहीं आंका जा सकता है। टीम ने 14 मैचों में से नौ जीत के साथ लीग स्टैंडिंग में शीर्ष पर रही। उनकी बल्लेबाजी संतुलित और लचीली है। उसके पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की धाकड़ सलामी जोड़ी है। यह जोड़ी टीम की मजबूत नींव रखने में मददगार रही है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्य क्रम में 172 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाए हैं। मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और शशांक सिंह के अंतिम ओवरों में योगदान ने अक्सर पंजाब के पक्ष में मैच पलटा है। गेंदबाजी की बात की जाये तो अर्शदीप सिंह पंजाब किंग्स की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 18 विकेट लिये है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की अनुपस्थिति एक चुनौती है। काइल जैमीसन से अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने की उम्मीद है, हालांकि उनकी इकॉनमी रेट टीम के लिए चिंता का विषय रही है। युजवेंद्र चहल की स्पिन टीम को बीच के ओवरों में रन रोकने और विकेट लेने की क्षमता दिखाती। मुल्लांपुर की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 170 के आसपास रह सकता। कुल मिलाकर देखा जाये तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु और पंजाब किंग्स की टीमें संतुलित दिख रही हैं ऐसे में हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी आरसीबी के बोनस साबित हो सकता है। इन दोनों खिलाड़ियों की सकारात्मक गेंदबाजी और फिनिशिंग की क्षमता से हर कोई वाकिफ है। कोहली की प्रतिभा और टीम का बहुमुखी गेंदबाजी लाइनअप आरसीबी को सीधा फाइनल में पहुंचा सकता है। पंजाब किंग्स को मुकाबला जीतने के लिए अपनी मजबूत बल्लेबाजी लय को बरकरार रखने और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का अवसर प्रदान करेगा।

## आईपीएल का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम : गंभीर

नई दिल्ली, 28 मई। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल मुकाबले को सशस्त्र बलों को समर्पित करना वास्तव में 'अविश्वनीय' सराहनीय कदम है और यह हमारी राष्ट्रीय एकता को दर्शाता है। गंभीर ने संवाददाता सम्मेलन से कहा, मैं अक्सर कई मामलों में बीसीसीआई की आलोचना करता रहा हूं, लेकिन यह पहल वास्तव में सराहनीय है। सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। यह दर्शाता है कि पूरा देश एकजुट है और हमारे सशस्त्र बलों को सलाम कर रहा है। बिना किसी स्वार्थ के हमारी रक्षा करने के लिए मैं सशस्त्र बलों को श्रेय देता हूं।



मुख्य कोच गंभीर ने कहा, हमारे सैनिक बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना हमारी सेवा करते हैं, सुरक्षा करते हैं और बलिदान देते हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल क्रिकेट संस्था के लिए बल्कि इससे भी अधिक वर्दीधारी बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए व्यापक सराहना का पात्र है। गंभीर ने यह टिप्पणी पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीसीसीआई द्वारा आईपीएल 2025 के समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने के फैसले प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए की है।

आगामी तीन जून को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आयोजित आईपीएल के फाइनल मुकाबले में सेना, नौसेना और वायु सेना के सम्मान में सैन्य बैंड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के 45 मिनट का समारोह आयोजित किया जायेगा। समापन समारोह में सेना प्रमुखों सहित शीर्ष सैन्य अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई ने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य सशस्त्र बलों की निस्वार्थ सेवा और बहादुरी के लिए राष्ट्र की कृतज्ञता को उजागर करना है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने समारोह की पुष्टि करते हुए कहा कि क्रिकेट देश को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र, उसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

### टी दिलीप फिर से टीम इंडिया के फील्डिंग कोच बने

आईपीएल 2025 खत्म होने के बाद टीम इंडिया इंग्लैंड का दौरा करेगी। जहां उसे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज से पहले टीम इंडिया में एक अहम शख्स की एंट्री हुई है। इस शख्स का नाम है टी दिलीप जो कि भारतीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच हैं। टी दिलीप का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था और टीम इंडिया से अलग हो गए थे लेकिन अब एक बार फिर वो टीम से जुड़ गए हैं। वो अगले एक साल तक भारतीय टीम के साथ रहेंगे। बता दें कि, टी दिलीप का सेलेक्शन रोहित शर्मा के कारण हुआ है। रोहित शर्मा ने टी दिलीप के सेलेक्शन के लिए हेड कोच गौतम गंभीर से बातचीत की।

## ओडिशा : पुरी समुद्र तट पर अवैध जल क्रीड़ा सुविधा ध्वस्त

पुरी, 28 मई। ओडिशा के पुरी जिला प्रशासन ने पुरी बीच के बलियापांडा इलाके में चल रही एक अवैध जल क्रीड़ा सुविधा को ध्वस्त कर दिया है। स्काई डाइव एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स नाम से चल रही यह सुविधा उचित प्राधिकरण या सुरक्षा उपायों के बिना पर्यटकों को स्पीडबोट की सवारी और स्काईडाइविंग का अनुभव प्रदान कर रही थी।

यह कार्रवाई पिछले शनिवार को एक स्पीडबोट पलटने से हुयी दुर्घटना के बाद की गई क्योंकि इस दुर्घटना में सभी यात्री समुद्र में गिर गए थे। इन यात्रियों में क्रिकेटर सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता भी शामिल थे। सौभाग्य से दोनों को लाइफगार्ड ने बचा लिया और बाद में सुरक्षित कोलकाता वापस भेज दिया गया। घटना के बाद प्रशासन ने जांच शुरू की और पाया कि सुविधा में उपयोगकर्ताओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रावधानों का अभाव था। नतीजतन मंगलवार को बुलडोजर का उपयोग करके अवैध संरचना को ध्वस्त कर दिया गया।

## विश्व कप लीग 2 : अमेरिका ने ओमान को 9 रनों से हराया

लॉडरहिल (अमेरिका), 28 मई। साई तेजा एम (73), स्मित पटेल (41) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) की शानदार पारियों के बाद जसदीप सिंह और हरदीप सिंह (तीन-तीन विकेट) की बदौलत अमेरिका ने मंगलवार रात विश्व कप लीग दो के एकदिवसीय मुकाबले में ओमान को नौ रनों से शिकस्त दी।

फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ मैदान पर खेले गये मुकाबले में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका के लिए स्मित पटेल और शयन जहांगीर की सलामी जोड़ी ने 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में सुफयान महमूद ने शयन जहांगीर (37) को आउट कर ओमान को पहली सफलता दिलाई। 16वें ओवर में आमिर ने स्मित पटेल (41) को आउटकर अमेरिका को दूसरा झटका दिया। अमेरिका ने निर्धारित 50 ओवरों में कप्तान मोनांक पटेल(26), साई तेजा एम (73), हरमीत सिंह (33) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) आदि के योगदान से आठ विकेट पर 293 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओमान की ओर से सुफयान महमूद ने तीन विकेट लिये। शकील अहमद आमिर कलीम को दो-दो विकेट मिले। समय श्रीवास्तव ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

अमेरिका के 293 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आमिर कलीम (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मुजीबुउर अली ने कप्तान जतिंदर सिंह के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में जतिंदर सिंह (40) के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। तीसरे विकेट के रूप में मुजीबुउर (19) रन बनाकर आउट हुये। हम्माद मिर्जा ने (50)रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। विनायक शुक्ला ने (46) और सुफयान महमूद (72) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवरों में अमेरिकी गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की। ओमान के बल्लेबाज निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 284 रन ही बना सके और उनकी टीम नौ रन से मुकाबला हार गई। अमेरिका की ओर से जसदीप सिंह और हरदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट लिये। सौरभ नेत्रवलकर और मिलिंद कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## यूनियन क्रिकेट क्लब ने भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल को हराया, देव का शतक



जयपुर, 28 मई । जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के नॉक आउट मुकाबले में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए दूसरे सेमी फाइनल मैच में यूनियन क्रिकेट क्लब ने श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रात: श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक सारस्वत के 80 रन, मोहित प्रजापत के 100 रन, वंश आमेरिया के 33 रन व राहुल शर्मा के 40 रनों से 50 ओवर में 8 विकेट पर 304 रन बनाए। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए दीपक चौधरी ने 40 पर 2, आदित्य टांक ने 56 पर 2, लोकेश शर्मा ने 5 पर 2, आतिफ खान व अशोक स्वामी ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में यूनियन क्रिकेट क्लब ने नितेश कुमार के 35 रन, देव प्रताप के शतक 178 रन (85 गेंद, 29 चौके व 5 छक्के), दीपक चौधरी के 24 रन, लोकेश शर्मा के 19 रन व दीपक चौधरी के 20 रनों से 33 ओवर में 6 विकेट 305 रन बनाकर मैच जीत लिया। श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल के लिए शुभम राव ने 59 पर 3, मयंक कुमावत ने 70 पर 3 विकेट लिए।

### 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

## भारत ने मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल अपने नाम किया, तेजस्विन शंकर, रूपल चौधरी और पूजा छाए

नई दिल्ली, 28 मई। भारत की 4400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम ने साउथ अफ्रीका के गुमी में 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारतीय 4400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम ने अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा। अलग-अलग स्पर्धाओं में 4 सिल्वर और एक कांस्य पदक जीतने के बाद भारत ने दूसरे दिन 28 मई तक कुल 8 पदक जीते।

इन पदकों में गुलवीर सिंह का गोल्ड मेडल भी शामिल है।गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में गोल्ड जीता था। तो रुपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी ने 3:18.12 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। चीन की टीम 3:20.52 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही, जबकि श्रीलंका



ने 3:21.95 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। अमेरिका में रहने वाले तेजस्विन शंकर भारत के सिल्वर मेडलिस्टों में से एक थे।

तेजस्विन शंकर ने 7618 का स्कोर जमा करके डेकाथलॉन में दूसरा स्थान हासिल किया। वह चीन के फेई जियांग से पीछे और जापान के कीसुके ओकुडा से आगे रहे।रूपल ने दिन में पहले महिला 400 मीटर स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। रूपल और पूजा मामूली अंतर से गोल्ड जीतने से चूक गईं। दोनों को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। इससे पहले पुरुष 1500 मीटर में भारत के यूनुस शाह ने देश के लिए कांसा जीता।

रूपल चौधरी ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 52.68 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। ये भारत के लिए दिन का पहला मेडल था। इसी स्पर्धा में हमवतन विथ्या रामराज 53.00 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। जापान की नानाको मात्सुमोतो ने गोल्ड मेडल, जबकि उज्बेकिस्तान की जोनबीती हुकमोवा ने कांस्य पदक जीता। रूपल चौधरी ने 2022 में वर्ल्ड अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 2 मेडल अपने नाम करने वाली पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रचा था। रूपल ने तब 4400 मीटर रिले में रजत और महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

## सीपीएल का दूसरा संस्करण 31 से होगा शुरु

अहमदाबाद, 28 मई। गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 31 मई से शुरु होगा। चिरिपाल ग्रुप के प्रमोटर और सीपीएल के सह-संस्थापक रोनक चिरिपाल ने बुधवार को यहां यूनीवार्ता को बताया कि सीपीएल 2025 गुजरात की क्रिकेट खेलने की भावना को जागृत कर सके और सच्ची प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का एक प्रमुख मंच बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में लिया गया दूसरा दृढ़ कदम है। क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण एसजी हाईवे पर, निरमा यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एसजीवीपी ग्राउंड्स में 31 मई से 14 जून, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिरिपाल ग्रुप की प्रमुख पहल, सीपीएल का आयोजन करने का मिशन शीर्ष रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों और उभरती हुई स्थानीय प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करके गुजरात के घरेलू क्रिकेट के परिदृश्य को नए स्तर पर ले जाना है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को 2-0 से हराया

रोसारियो (अर्जेंटीना), 28 मई। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में नियमित समय में स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटाआउट में मेजबान अर्जेंटीना को 2-0 से हराया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारत के लिए कनिका ने (44वें) मिनट में एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोल दाग कर टीम की जीत सुनिश्चित की। अर्जेंटीना की मिलग्रोस डेल वैले ने (10वें) मिनट पहले क्वार्टर में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के 44वें मिनट से गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर लाकर टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। निर्धारित समय में स्कोर बराबरी पर रहने पर मैच में परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में गोलकीपर और कप्तान निधि ने अंतर पैदा किया और लगातार चार गोल बचाकर मेजबान टीम को बाहर कर दिया।

## पद्मश्री श्रीराम सिंह व ओलंपियन गोपाल सैनी ने किया शिविर का उद्घाटन



### 160 बालक व 135 बालिकाओं सहित 295 खिलाडी होंगे शिविर में

जयपुर, 28 मई। पदश्री और अर्जुन अवार्डी श्रीराम सिंह शेखावत ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले खिलाडी जमकर महनत करे और यहां प्रशिक्षकों द्वारा जो कुछ भी सिखाया जाता है, उसे अपनी डायरी में नोट करें ताकि यहां से जाने के बाद वह उसे देख कर ट्रेनिंग कर सकें।

मुख्य अतिथि ओलंपियन श्रीराम सिंह ने कहा कि पूर्व के मुकाबले वर्तमान में सुविधाओं का अंबार है। खिलाडी को तो बस अब कडी महनत करनी है। परिणाम अपने आप सामने आएगें। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के तत्वावधान में सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार से 65वां केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ हुआ। प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले इस शिविर में कुल 295 खिलाडी भाग ले रहे है।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अर्जुन अवार्डी, ओलंपियन व क्रीडा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपल सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि क्रीडा भारती के राष्ट्रीय सहमंत्री रामानन्द, प्रान्त मंत्री राजस्थान, क्रीडा भारती मेघ सिंह और राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया भी उपस्थित थें। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर में भाग लेने वाले खिलाडियों की इस बार भी ठहराने की अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्हे होटलो में ठहराया गया है। साथ ही परिषद वरिष्ठ प्रशिक्षको द्वारा उन्हे उच्च स्तरीय ट्रेनिंग भी दी जायेगी।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले 21 दिवसीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 19 मई से किया जाना था लेकिन जयपुर में दो अतिरिक्त आईपीएल मैचों के कारण शिविर की तिथि में बदलाव किया गया और 19 मई के स्थान पर 28 मई से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

खेल परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने मुख्य अतिथि का स्वाग किया। मुख्य शिविर निदेशक और मुख्य खेल अधिकारी विरेन्द्र पूनिया ने अन्य अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान खिलाडियों को शपथ भी दिलाई गई। शिविर का निदेशक एथलेटिक्स प्रशिक्षक सबल प्रताप सिंह को नियुक्त किया गया है। जबकि क्रिकेट प्रशिक्षक मनीष वर्मा को सहायक शिविर निदेशक बनाया गया है। जयपुर के शिविर में 15 खेलों को शामिल किया गया है। इस शिविर में फुटबाल, क्रिकेट, जिम्नास्टिक, जूडो, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी, भारोत्तोलन, खो-खो, साईक्लिंग, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, वुशू और तैराकी शामिल है।

## अमित के नाबाद शतक व राहुल व रोहन के अर्द्धशतकों से जयपुरिया की शानदार जीत



जयपुर, 28 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नैना क्रिकेट एकेडमी जगतपुरा, जयपुर पर खेले गये पूल-जी के मैच में अमित गौतम 123 रन नाबाद शतक (60 गेन्द, 10 चौके, 11 छक्के), रोहन राजवर 74 रन नाबाद (34 गेन्द, 5 चौके, 7 छक्के), राहुल खण्डेलवाल 63 रन (29 गेन्द, 5 चौके, 6 छक्के) के अद्धर्शतको की मदद से जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ने एलिट क्रिकेट एकेडमी को 111 रन से हरा कर 2 अंक अर्जित किये ।

जयपुरिया एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अमित गौतक 123 रन राहुल खण्डेलवाल 63 रन ने मिलकर 9.1 ओवर में 101 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत की अगले बल्लेबाज रोहन राजवर 74 रन नाबाद ने अतित गौतम से मिलकर 10.5 ओवर में दूसरे विकेट पर 174 रनों की नाबाद सोझेदारी निभाकर अपनी टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवर में 1 विकेट खोकर 274 रन बनाये। एलिट क्रिकेट एकेडमी की ओर से गर्वित राज 48 रन पर 1 विकेट लेकर एक मात्र सफल गेन्दबाज रहे।

जवाबी पारी में एलिट क्रिकेट एकेडमी ने बन्टी शर्मा 52 रन नाबाद (50 गेन्द 4 चौके 3 छक्के), शुभम शर्मा 44 रन (17 गेन्द, 4 चौके, 4 छक्के), मोहम्मद हसीन 22 रन तथा सोहन 18 रन नाबाद की मदद के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 163 रन ही बना सकें, जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी की ओर से दिव्यांश शर्मा 18 रन पर 2 विकेट, पूरव शर्मा 11 रन पर 2 विकेट तथा मिहित अग्रवाल व ईशान जैन प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेन्दबाज रहे। मैन ऑफ दा मैच अमित गौतम 123 रन नाबाद जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी रहे।

# 'जल स्वावलम्बन पखवाड़े में वर्षा जल संग्रहण व स्वच्छता पर जोर दिया जायेगा'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने अधिकारियों को पखवाड़े की गतिविधियों में आमजन व गाँवों को जोड़ने के निर्देश दिये

■ **मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून को योग दिवस को प्रदेश की संस्कृति एवं धरोहर से जोड़ते हुए हर संभाग व जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर योगाभ्यास का आयोजन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गये हैं।**




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारीयों को 5 जून से 20 जून तक मनाये जाने वाले जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों में आमजन की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

जयपुर, 28 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर, इस वर्ष गंगादशमी का अनूठा संयोग बना है। गंगादशमी की मान्यता को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार इस अवसर को जल स्वावलम्बन पखवाड़े के माध्यम से वर्षा जल के अधिक संग्रहण तथा जल स्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए व्यापक स्तर पर मनाने जा रही है।

शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों में आमजन की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित हो तथा प्रत्येक गांव को इन गतिविधियों में जोड़ा जाए ताकि यह एक जन आंदोलन का रूप ले सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून से 20 जून तक जल स्वावलम्बन पखवाड़ा मनाया जाएगा। 5 जून को गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में, प्रत्येक ग्राम एवं शहर में समस्त विभागों द्वारा जल स्रोतों, नदियों, जल धाराओं एवं तालाबों पर पूजन, कलश यात्रा, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में पेयजल स्रोतों की सफाई, मरम्मत, जल बचत हेतु जन जागरूकता अभियान सहित अन्य कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर विश्व भर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से योग का बड़ा महत्व है और राज्य सरकार ने इस वर्ष के योग दिवस के आयोजन को प्रदेश की संस्कृति एवं धरोहर से जोड़ते हुए, प्रत्येक संभाग व जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर योगाभ्यास का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# देश में करोना के एक हज़ार से ज्यादा एक्टिव केस

नयी दिल्ली, 28 मई। भारत में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना वायरस से संक्रमित सक्रिय मामले 1,010 हैं। आंकड़ों के अनुसार, केरल और महाराष्ट्र सबसे गंभीर रूप से प्रभावित राज्यों में से हैं। मामलों में यह वृद्धि दो नए उप-वेरिएंट - एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 - का पता लगने के साथ हुई है, जिनकी वर्तमान में वैश्विक स्वास्थ्य प्राधिकरण निगरानी कर रहे हैं। भारत सहित सिंगापुर, चीन, थाईलैंड और हांगकांग जैसे अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में भी कोविड के मामलों में वृद्धि देखी गई है।

■ **सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं, इनमें से 335 नए मामले हैं।**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी किए गए राज्यवार आंकड़ों के अनुसार, केरल और महाराष्ट्र में कोरोनावायरस के मामलों में सबसे ज़्यादा वृद्धि देखी गई है। केरल में 430 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 335 नए हैं। इस बीच, महाराष्ट्र में 154 नए संक्रमण के साथ 210 मामले सामने आए हैं।

# 'तमिल भाषा से जन्मी है कन्नड़'

## फिल्म स्टार कमल हासन की इस टिप्पणी से कर्नाटक में बवाल मच गया है

■ **कर्नाटक में उनकी इस टिप्पणी का भारी विरोध किया जा रहा है। कन्नड़ एक्टिविस्ट धमकी दे रहे हैं कि अगर एक्टर ने माफी नहीं मांगी तो उनकी फिल्म ''ठग लाइफ'' को कर्नाटक में प्रदर्शित नहीं होने दिया जाएगा।**

■ **कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, ''कन्नड़ भाषा का इतिहास बहुत पुराना है... बेचारे कमल हासन को यह पता ही नहीं है।''**

-लक्ष्मण कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

बेंगलुरु, 28 मई। भाषा का मुद्दा कर्नाटक में बेहद संवेदनशील बन चुका है, जहां इससे जुड़ा हर पहलू यहां के लोगों और कार्यकर्ताओं के दिलो-दिमाग में सर्वोपरि है। हिंदी भाषी प्रवासी अपनी हरकतों व बातों से पहले ही कन्नड़ बोलने वालों को मानसिक तनाव दे रहे हैं और अब तमिल फिल्म सुपरस्टार कमल हासन की कन्नड़ भाषा पर की गई विवादास्पद टिप्पणी ने राज्य को आक्रोशित कर दिया है।

कमल हासन की यह टिप्पणी कि ''तमिल ने कन्नड़ को जन्म दिया'' सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इसके बाद कर्नाटक के लोग और भाजपा की कर्नाटक इकाई समेत कई लोगों ने अभिनेता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। चेन्नई में अपनी फिल्म ''ठग लाइफ'' के प्रचार कार्यक्रम के दौरान दिए गए इस बयान की वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हो गई है।

इस टिप्पणी के खिलाफ बेंगलुरु, मैसूरु, हुबली और कुछ अन्य शहरों में कई कन्नड़ समर्थक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियों ने कमल हासन से कहा है कि कर्नाटक की जनता से माफी मांगें और चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे राज्य में ''ठग लाइफ'' फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने देंगे।

एक्स पर विजयेन्द्र नामक एक यूज़र ने अभिनेता की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ''अपनी मातृभाषा से प्रेम करना चाहिए, लेकिन किसी अन्य भाषा का अपमान करना असंस्कारी व्यवहार है। विशेष रूप से कलाकारों को हर भाषा का सम्मान करना चाहिए। यह अत्यधिक अहंकार की पराकाष्ठा है कि एक ऐसा अभिनेता, जिसने कई भारतीय भाषाओं में काम किया है, जिसमें कन्नड़ भी शामिल है, वह अपनी तमिल भाषा को महिमामंडित करते हुए कन्नड़ का अपमान कर रहा है, यही नहीं उसने अभिनेता शिवराज कुमार को भी इसमें घसीट लिया है।''

यूज़र ने आगे कहा, ''कन्नड़ भाषा भारत समेत विश्व के कई हिस्सों में ऐतिहासिक रूप से स्थापित रही है। कन्नड़ दुनिया की सबसे मान्यता प्राप्त भाषाओं में से एक है, यह बात कमल हासन जैसे संकीर्ण मानसिकता वालों को समझनी चाहिए।''

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''कन्नड़ भाषा का इतिहास बहुत लंबा है। बेचारे कमल हासन इससे अनजान हैं।''

इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हुए भाजपा कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी.वाय. विजयेंद्र ने कहा, ''कमल हासन कोई इतिहासकार नहीं हैं कि वे यह तय करें कि कौन-सी भाषा किससे उत्पन्न हुई। कन्नड़ भाषा, जिसका इतिहास ढाई हजार साल से भी अधिक पुराना है, भारत के नक्शे पर समृद्धि और सौहार्द का प्रतीक है।''

## भारत की विशाल सैन्य क्षमता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सकता है, जिससे परमाणु उपयोग की सीमा और भी नीचे आ जाती है। पाकिस्तानी सेना मानती है कि यह रणनीति उसकी प्रतिरोधक शक्ति को मजबूत करती है और भारत की पारंपरिक श्रेष्ठता के बावजूद, दोनों देशों के बीच सामरिक संतुलन बनाए रखती है।

हालांकि, डीआइए चेतावनी देता है कि यह रणनीति अत्यंत गंभीर जोखिमों से भरी हुई है। टैक्टिकल परमाणु हथियारों की तैनाती से गलत अनुमान या आकस्मिक उकसावे का खतरा काफी बढ़ जाता है। इस हथियारों को आगे की पंक्ति में तैनात करने और कमान का विकेन्द्रीकरण करने की जरूरत होती है, जिससे इनका अनाधिकृत उपयोग या चोरी का खतरा बढ़ जाता है। और एक बार यदि परमाणु हथियारों का प्रयोग शुरु हो गया तो भले ही वह कम क्षमता वाला हो, स्थिति को काबू में रखना बेहद मुश्किल हो जाता है। घबराहट, गलतफहमी या राजनीतिक दबाव के चलते पूर्ण परमाणु युद्ध की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

चीन पर पाकिस्तान की बढ़ती सैन्य निर्भरता स्थिति को और जटिल बना देती है। डीआईए की रिपोर्ट बताती है कि यह रणनीतिक साझेदारी इस्लामाबाद को खास तौर पर मिसाइल तकनीक और ''कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम्स'' में तेजी से आधुनिक बनाने में मदद कर रही है। हालांकि इससे पाकिस्तान की सैन्य क्षमताएं बढ़ती हैं, लेकिन इससे क्षेत्र में हथियारों की होड़ भी बढ़ रही है और संकटों के समाधान की संभावना कम हो रही है।

डीआईए की 2025 की खतरा-आकलन रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि भारत को लेकर पाकिस्तान का ''अस्तित्व संबंधी खतरे'' का नज़रिया केवल बयानबाज़ी नहीं है, यह उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का प्रमुख आधार है। उसके टैक्टिकल परमाणु हथियारों और विषम युद्ध क्षमताओं में लगातार निवेश से उसकी पारंपरिक सैन्य असुरक्षा झलकती है। यह रणनीति भले ही अल्पकालिक प्रतिरोध की गारंटी देती हो, लेकिन इससे परमाणु हथियारों के उपयोग की हद खतरनाक रूप से घट जाती है और पहले से अस्थिर इस क्षेत्र को और अधिक विस्फोटक बना देती है।

## जयपुर में आज ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सामने आ चुके हैं। इनमें से 1 मरीज की मौत भी हो चुकी है।

हालांकि स्थिति नियंत्रण में है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग सतर्कता बरतने की अपील कर रहा है।

जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो जयपुर में सबसे अधिक 17 केस दर्ज किए गए हैं, जबकि जोधपुर में 6, उदयपुर में 4, डीडवाना में 3, बीकानेर में 2, अजमेर 2, बालोतरा 1, दौसा 1, फालौदी 1 तथा सवाईमाधोपुर में 1 मरीज सामने आया है। राज्य सरकार और चिकित्सा विभाग ने नागरिकों से कहा है कि थोड़ी सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

इसलिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनें और बुखार, खांसी या सांस की तकलीफ होने पर तुरंत जांच करवाएं।

## राजस्थान सहित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पाक युद्ध के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ मॉक ड्रिल था, तथा देशभर के 250 स्थानों और 33 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में यह मॉक ड्रिल की गई थी।

## जस्टिस के.आर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बॉम्बे हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया और 2 मार्च, 2016 को इस पद पर स्थाई नियुक्ति दी गई। जस्टिस श्रीराम को 21 सितंबर 2024 को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया। दूसरी ओर, व्यक्तिगत जीवन में सीजे श्रीराम सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल होते थे। उन्होंने कई सालों तक एक एनजीओ में उपाध्यक्ष के तौर पर काम किया। यह एनजीओ दिवंगत लोगों के लिए अंतिम संस्कार और श्राद्ध करने की व्यवस्था करता है। इसके अलावा उन्हें गोल्फ खेलना भी पसंद है।

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जा सकता है, कहा, हम निर्देश देते हैं कि एसआईटी की जांच दो मुकदमों के तथ्यों तक ही सीमित रहेगी। अदालत ने हरियाणा पुलिस से प्रोफेसर महमूदाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के नोटिस पर अपनी प्रतिक्रिया के बारे में भी बताने को कहा।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 21 मई को कहा कि उसने गिरफ्तार अहमूदाबाद के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है।

पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने आशंका जताई थी कि जांच का इस्तेमाल मुकदमों इतर अन्य चीजों को देखने के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा था कि पुलिस उनसे (महमूदाबाद) डिवाइस मांग रही है।

पीठ ने इस पर हरियाणा सरकार के वकील से पूछा, दोनों मुकदमें रिकॉर्ड में दर्ज हैं। ऐसे में डिवाइस की क्या जरूरत है? दायरा बढ़ ाने की कोशिश न करें।

शीर्ष अदालत ने एसआईटी को जुलाई में अगली सुनवाई की तारीख पर जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह प्रो. महमूदाबाद को दी गयी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ ा रहा है।

## ''फर्जी'' पुलिस मुठभेड़ों की जांच होगी

नयी दिल्ली, 28 मई। उच्चतम न्यायालय ने असम में फर्जी पुलिस मुठभेड़ों के आरोपों की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच करने के लिए बुधवार को असम मानवाधिकार आयोग को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा में मानवाधिकार आयोगों के संवैधानिक महत्व को रेखांकित करते हुए एएचआरसी यह संवेदनशील जिम्मेदारी सौंपी।

## उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चित्तौड़गढ़ -भीलवाड़ा में बारिश जारी है। जैसलमेर में सुबह से रेत का गुबार (धूलभरी आंधी) है।

मध्यप्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। आज भी भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश की चेतावनी है। कुछ जिलों में आंधी की रफ्तार 50किमी./घंटा तक हो सकती है। बिहार के 12 जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है। इस बार मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में कांग्रेस का एक अहम चेहरा माना जाता है।

केरल में कांग्रेस के कुछ नेता, वेणुगोपाल की कृपा पाने के लिए, थरूर पर निशाना साध रहे हैं और उनके खिलाफ नित नई कहानियाँ गढ़ रहे हैं।

संगठन का निर्माण करने, राज्य इकाइयों को मजबूती प्रदान करने, नरेन्द्र मोदी की विफलताओं को उजागर करने, विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति बनाने तथा नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के प्रयासों के बजाय, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता अपना समय, ऊर्जा और प्रयास थरूर पर हमला बोलने और उन्हें पार्टी से निकलवाने में लगा रहे हैं।

थरूर कांग्रेस की बड़ी तस्वीर में एक छोटा हिस्सा हैं, लेकिन वेणुगोपाल जैसे नेताओं के लिए वही पूरी तस्वीर बन चुके हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मानते हैं कि फिलहाल मोदी सबसे कमज़ोर स्थिति में हैं, लेकिन कांग्रेस मोदी पर निशाना साधकर इस अवसर का लाभ नहीं उठा रही है और न ही मोदी और भाजपा-आरएसएस के बीच की दरारों को राजनीतिक रूप से भुनाया जा रहा है।

कांग्रेस को पूरी तरह एहसास है कि उसकी सबसे बड़ी कमजोरी संगठन है, और इसी को दुरुस्त करने की ज़रूरत है। लेकिन जब राहुल गांधी ने वेणुगोपाल को संगठन पर एकतरफा नियंत्रण दे रखा है, तो सुधार की सारी कोशिशें शुरू होने से पहले ही विफल हो जाती हैं।

अगर राहुल गांधी वास्तव में चुनाव जीतना चाहते हैं, मोदी को सत्ता से हटाना चाहते हैं और कांग्रेस को देश की मुख्यधारा की राजनीति में वापसी दिलाना चाहते हैं तो उन्हें पार्टी और संगठन पर पूरा ध्यान देना होगा।

## अल्पसंख्यकों और...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आग उगलने और आतंकवाद के लिए उसकी निंदा करने के बाद, बनर्जी ने बंगाली गौरव से जुड़े एक और मुद्दे, डॉ. रास बिहारी बोस, की ओर रुख किया, जिन्होंने 1920 के दशक में जापान में भारत के स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगाई थी।

अपने आधिकारिक कार्यक्रम के बाद, अभिषेक बनर्जी टोक्यो में रास बिहारी बोस के स्मारक पर गए, जहां उनके साथ जापान में भारत के राजदूत और टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों, विशेष रूप से विदेश में उनके संघर्षों का जिक्र, बंगाल के निवासियों के बीच गहरी छाप छोड़ता है। उम्मीद की जा रही है कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए यह लाभदायक हो सकता है।

ममता बनर्जी अगले विधानसभा चुनाव में कड़े मुकाबले की आहट महसूस कर रही हैं, क्योंकि वे कई मोर्चों पर घिरी हुई हैं। बहुसंख्यक समुदाय की सहानुभूति हासिल करना उनके लिए आसान नहीं होगा, खासकर विभिन्न मोर्चों पर उनके शासन की विफलताओं को देखते हुए।

अब वे राजनीति के हर रंग को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। यह कितना सफल होगा, यह तो समय बताएगा। हालांकि, अभी तक ममता बनर्जी का बंगाल पुलिस और प्रशासन पर जबरदस्त नियंत्रण बना हुआ है। यही संस्थाएं पार्टी के लिए बूथ पर कब्जा करने और वोट जुटाने में मदद करेंगी।

# लोकपाल ने पूर्व सेबी प्रमुख माधवी बुच पर लगे भ्रष्टाचार के सभी आरोप खारिज किए


## माधवी बुच को क्लीन चिट देते हुए लोकपाल ने कहा कि हिंडन बर्ग रिपोर्ट को बुच के खिलाफ कार्यवाही का आधार नहीं बनाया जा सकता

■ **लोकपाल चेयरपर्सन जस्टिस ए एम खानविलकर ने कहा, आरोप निराधार, अप्रमाणित तथा निरर्थक हैं।**

नयी दिल्ली, 28 मई। भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों की जांच करने वाली संस्था लोकपाल ने बुधवार को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आधार पर बाजार नियामक सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ अनुचित व्यवहार और हितों के टकराव का आरोप लगाने वाली शिकायतों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि आरोप पूरी तरह से धारणा पर आधारित हैं और उसके समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। लोकपाल चेयरपर्सन न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय पीठ ने आदेश मेंमाना कि शिकायतों की जांच का आदेश देने के लिए कोई प्रथम दृष्टया मामला मौजूद नहीं है। लोकपाल ने कहा कि आरोप निराधार, अप्रमाणित और काफी हद तक निरर्थक हैं।

अपने आदेश में लोकपाल ने उल्लेख किया कि जब बुच ने सेबी में कार्यभार स्वीकार किया था, तब उन्होंने एएपीएल में अपने शेयरों और अपने पति के पक्ष में किए गए हस्तांतरणों का खुलासा किया था। इस बात का दूर-दूर तक कोई संकेत नहीं है कि उन्होंने सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में कार्यभार संभालने के बाद भी एएपीएल के बैनर तले अपना परामर्श कार्य जारी रखा। बुच के खिलाफ आरोप पूरी तरह से हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर आधारित हैं, शिकायतकर्ता आरोपों को पुष्ट करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रहे हैं। लोकपाल ने आदेश में कहा कि इसको देखते हुए इन शिकायतों का निपटान किया जाता है।

लोकपाल ने इस संबंध में पहले के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट को बुच के खिलाफ कार्रवाई बढ़ ाने का एकमात्र आधार नहीं बनाया जा सकता। आदेश में कहा गया, ''शिकायतकर्ताओं ने कथित रिपोर्ट से स्वतंत्र होकर आरोपों को स्पष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन हमारे विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकला कि वे प्रमाणिक नहीं हैं। लोकपाल ने पिछले साल आठ नवंबर को लोकसभा सदस्य मोइत्रा और दो अन्य की तरफ से दायर शिकायतों पर बुच से 'स्पष्टीकरण मांगा था। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व प्रमुख बुच को चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब देने के लिए कहा गया था। बुच ने सात दिसंबर, 2024 को हलफनामे के माध्यम से अपना जवाब दाखिल किया था। उसमें उन्होंने कुछ मुद्दे उठाए थे।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908